You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❐ वर्ष-11 ❐ अंक-339 ❐ शनिवार, 13 जनवरी 2024 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



हमारा मकसद किसी धर्म को दुख पहुंचाना नहीं है। भगवान राम के दर्शन करने कोई कभी भी जा सकता है। उसके लिए किसी के आमंत्रण की जरूरत नहीं है। राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें जो निमंत्रण मिला है, वह व्यक्तिगत है।
मल्लिकार्जुन खड़गे

विकसित भारत के निर्माण का मार्ग गुजरात से होकर गुजरता है: नारायण राणे 11
अयोध्या में धार्मिक नहीं राजनीतिक कार्यक्रम हो रहा है : कांग्रेस 12

प्रधानमंत्री ने किया देश के सबसे लंबे पुल का उद्घाटन, कई विकास परियोजनाओं की भी दी सौगात

# यह संकल्प से सिद्धि का प्रमाण : मोदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन किया। इस दौरान मंच पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे समेत दोनों डिप्टी सीएम अजित पवार और देवेंद्र फड़नवीस के साथ ही राज्यपाल रमेश बैस भी मौजूद रहे। 17,840 करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत से निर्मित 21.8 किमी लंबे मुंबई ट्रांसहार्बर लिंक को 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी- न्हावा शेवा अटल सेतु' नाम दिया गया है। इसके बाद पीएम मोदी नवीं मुंबई पहुंचे। यहां उन्होंने महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार के साथ रोड़ शो किया। रोड़ शो के दौरान उन्होंने वहां एकत्रित भीड़ का आभार जताया। रोड़ शो के बाद पीएम ने नवी मुंबई में 12,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम नरेंद्र मोदी इसके बाद नवी मुंबई पहुंचे। यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पहले लोगों का उद्घाटन किया। साथ ही ईस्टर्न फ्रीवे के ऑरेंज गेट को मरीन ड्राइव से जोड़ने वाली भूमिगत सड़क सुरंग की आधारशिला रखने और अन्य कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। इनमें उरण रेलवे स्टेशन से खारकोपर तक चलने वाली ईएमयू ट्रेन नमो महिला सशक्तीकरण अभियान का शुभारंभ शामिल है। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का दिन मुंबई और महाराष्ट्र के साथ ही विकसित भारत के संकल्प के लिए ऐतिहासिक है। आज दुनिया के सबसे बड़े पुल में से एक अटल सेतु देश को मिला है। आज का ये कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि का प्रमाण है। अटल सेतु भारत का सबसे लंबा पुल है और देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है। यह मुंबई ● शेष पेज 11 पर

## 21.8 किमी लंबा है अटल सेतु, 17,840 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है



उपलब्धि

❐ 17,840 करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत से निर्मित 21.8 किमी लंबे मुंबई ट्रांसहार्बर लिंक को 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी- न्हावा शेवा अटल सेतु' नाम दिया गया है

❐ ईस्टर्न फ्रीवे के ऑरेंज गेट को मरीन ड्राइव से जोड़ने वाली भूमिगत सड़क सुरंग की भी रखी आधारशिला

### अमृतकाल युवाओं के लिए स्वर्ण युग है : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृतकाल को देश के युवाओं के लिए स्वर्ण युग बताते हुए कहा कि आज युवाओं के पास इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का मौका है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। महोत्सव की थीम- 'विकसित भारतअ2047 : युवा के लिए, युवा के द्वारा' है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रत्येक वर्ष 12 से 16 जनवरी तक आयोजित किया जाता है। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयंती है। इस वर्ष इस महोत्सव की मेजबानी महाराष्ट्र कर रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए वंशवाद की राजनीति को देश के लिए घातक बताते हुए युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज शीर्ष पांच वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह युवा शक्ति के कारण संभव हुआ है। पहली बार मतदान करने वाले युवा हमारे लोकतंत्र में नई ऊर्जा और शक्ति ला सकते हैं। ● शेष पेज 11 पर

### नासिक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निकाला डेढ़ किलोमीटर लंबा भव्य रोड शो

मुंबई, । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर नासिक के तपोवन मैदान में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर डेढ़ किलोमीटर लंबा भव्य रोड शो निकाला गया। इस दौरान पूरा इलाका 'जय श्री राम' के नारों से गूंज उठा। पीएम मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कालाराम मंदिर में पूजा पाठ करके विशेष अनुष्ठान शुरू किया। नासिक पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने किया। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्होंने नासिक के तपोवन मैदान में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय यूथ महोत्सव में सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने महाराष्ट्र को वीरभूमि और तपोभूमि बताते हुए युवाओं से नशे की लत से दूर रहने के लिए कहा। कालाराम मंदिर में पूजा पाठ करके शुरू किये गए विशेष अनुष्ठान के बाद प्रधानमंत्री ने लोगों से प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रमदान करने को कहा। इस मौके पर करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा भव्य रोड शो निकाला गया। इस दौरान पूरा इलाका 'जय श्री राम' के नारों से ● शेष पेज 11 पर

# साढ़े 7 साल बाद मिला वायुसेना के विमान का मलबा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी के ऊपर से आठ साल पहले गायब हुए भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान का मलबा चेन्नई से लगभग 310 किमी दूर समुद्र तल से लगभग 3400 मीटर नीचे मिला है। इस मलबे को राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने एक उन्नत एयूवी का उपयोग करते हुए खोजा है। यह खोज एवं बचाव अभियान समुद्र में किसी लापता विमान की तलाश में भारत का अब तक का सबसे बड़ा खोज अभियान बन गया है।

अभियान

❐ बंगाल की खाड़ी में 3.4 किलोमीटर की गहराई में ढूंढा गया, 29 लोग सवार थे


❐ वायु सेना के लापता एएन-32 विमान का मलबा आठ साल बाद समंदर में मिला

❐ लापता विमान की तलाश में भारत का अब तक का सबसे बड़ा खोज अभियान

दरअसल, भारतीय वायु सेना के एंटोनोव एएन-32 ट्विन इंजन टर्बोप्रोप परिवहन विमान ने 22 जुलाई, 2016 को स्थानीय समयानुसार सुबह 08:30 बजे चेन्नई के तांबरम वायु सेना स्टेशन से उड़ान भरी। स्थानीय समयानुसार 11:45 बजे के आसपास इसे पोर्ट ब्लेयर में भारतीय नौसैनिक हवाई स्टेशन आईएनएस उत्क्रोश पर उतरना था। चेन्नई से 280 किलोमीटर (170 मील) पूर्व में सुबह 9:12 बजे विमान से रडार संपर्क टूट गया था। उस समय यह विमान बंगाल की खाड़ी के पश्चिमी तट पर चेन्नई शहर में तांबरम वायु सेना स्टेशन से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पोर्ट ब्लेयर के रास्ते में था। बंगाल की ● शेष पेज 11 पर

## उत्तर भारत में अगले पांच दिन तक कोहरा छाये रहने के आसार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नयी दिल्ली। भारतीय मौसम विभाग आईएमडी ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर भारत के कई हिस्सों में अगले पांच दिनो तक घने से बहुत घना कोहरा छाये रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने उत्तर भारत में अगले दो दिनों और पश्चिमोत्तर भारत में अगले तीन दिनों तक जबरदस्त ठंड का प्रकोप होने की संभावना व्यक्त की है। आईएमडी ने अनुमान व्यक्त किया है कि 12.16 जनवरी के दौरान उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों में 12 और 13 जनवरी को हिमाचल प्रदेश उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल सिक्किम और उत्तरी मध्य प्रदेशय 12 को जम्मू संभाग परय 12.14 जनवरी के दौरान पश्चिम राजस्थान बिहार और ओडिशाय 13 और 14 को पूर्वी राजस्थानय और 12.15 जनवरी के दौरान असम मेघालय मिजोरम और त्रिपुरा में सुबह कुछ घंटों के लिए घने कोहरे की स्थिति बने ● शेष पेज 11 पर

### उत्तरी कमान प्रमुख ने राजौरी सेक्टर की अग्रिम चौकियों का किया दौरा

राजौरी। देश की रक्षा में तैनात सैनिकों के साथ बातचीत करने और उनका हौसला बढ़ाने के लिए सेना के उत्तरी कमान प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और व्हाइट नाइट कोर के जीओसी नवीन सचदेवा ने शुक्रवार को राजौरी सेक्टर की अग्रिम चौकियों का दौरा किया। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने बहादुर जवानों के उच्च मनोबल और चौबीसों घंटे निगरानी के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने जवानों से स्थिर सुरक्षा वातावरण प्रदान करने के लिए उत्साह और समर्पण के साथ काम करना जारी रखने का आग्रह किया। अपने दौरे के दौरान उत्तरी कमान प्रमुख ने देश की रक्षा में तैनात सैनिकों के साथ बातचीत की और उनका हौसला भी बढ़ाया।

## संक्षेप

### मुख्तार के मददगार अफरोज चुन्नू के दो मकान कुर्क

लखनऊ। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी को एम्बुलेंस उपलब्ध कराने में आरोपी मददगार अफरोज खान चुन्नू के लखनऊ स्थित दो मकान कुर्क हुए। शहर के मध्य में त्रिवेणी नगर में चुन्नू की पत्नी के नाम से पहला मकान और इरादतनगर में दूसरे मकान को बाराबंकी से आई पुलिस ने कुर्क किया। इस दौरान लखनऊ के स्थानीय मदेयगंज थाने की पुलिस ने सहयोग किया। दोनों मकानों की कीमत लगभग 1.45 करोड़ बतायी जा रही है। 25 मार्च 2022 को बाराबंकी के जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगियों के विरुद्ध गैंगस्टर का केस दर्ज हुआ था। जिसे एम्बुलेंस कांड के रूप में जाना जाता है, जिसमें आरोपी बने अफरोज चुन्नू की जानकारी में आई सम्पत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई हो रही है। बताया जा रहा है कि चुन्नू के पास इसके अलावा भी कई स्थानों पर अज्ञात रूप से खड़ी की गई बहुत सारी सम्पत्तियां हो सकती हैं।

### राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलने की अपील की

लखनऊ। उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर राजभवन परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों व आदर्शों पर चलने की अपील की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर एम. बोबडे, विशेष सचिव राज्यपाल बीएन सिंह सहित राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल (जो क्रमशः 13, 14 और 15 जनवरी को आते हैं) की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने शुक्रवार को एक संदेश में कहा, ''लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल के शुभ अवसर पर मैं देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

## भाजपा ने भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को कर दिया राजनीतिक : कांग्रेस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राजनीतिक कार्यक्रम बनाने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा है कि इस आयोजन को लेकर शंकराचार्य ने भी विरोध जताया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा और सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब भाजपा और आरएसएस तय कर रहे हैं कि कौन अयोध्या जाए और कौन न जाए। कांग्रेस इस सोच का विरोध करती है। धर्म हमारी व्यक्तिगत आस्था का विषय है। इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। खेड़ा ने कहा कि क्या भगवान के मंदिर में निमंत्रण से जाया जाता है? किस तारीख को किस श्रेणी का व्यक्ति मंदिर जाएगा, क्या यह एक राजनीतिक दल तय करेगा? क्या एक राजनीतिक दल तय करेगा कि मैं अपने भगवान से मिलने कब जाऊं? उन्होंने कहा कि न इंसान किसी को मंदिर में बुला सकता है और ● शेष पेज 11 पर



### हमारा मकसद किसी धर्म को दुख पहुंचाना नहीं : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारा मकसद किसी धर्म को दुख पहुंचाना नहीं है। भगवान राम के दर्शन करने कोई कभी भी जा सकता है। उसके लिए किसी के आमंत्रण की जरूरत नहीं है। राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें जो निमंत्रण मिला है, वह व्यक्तिगत है। इस मुद्दे पर वह बाद में बात करेंगे। खड़गे ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राम मंदिर को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीति कर रही है। वह मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश ● शेष पेज 11 पर

### आप के तीनों उम्मीदवार निर्विरोध राज्यसभा के लिए निर्वाचित

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली से राज्यसभा के लिए खड़े किए गए तीनों उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। विपक्षी भाजपा की ओर से इन सीटों के लिए कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा किया गया था। निर्विरोध चुने जाने के बाद आप के राज्यसभा उम्मीदवार संजय सिंह, स्वाति मालीवाल और एनडी गुप्ता ने रिटर्निंग ऑफिसर आशीष कुंद्रा से अपना प्रमाण पत्र प्राप्त किया। संजय सिंह वर्तमान में जेल में हैं और वे विशेष अनुमति के तहत इसे प्राप्त करने पहुंचे थे।

आम आदमी पार्टी ने इस बार दिल्ली महिला आयोग की मौजूदा अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को राज्यसभा भेजने का फैसला किया था। इनके अलावा आम आदमी पार्टी ने अपने मौजूदा राज्यसभा सांसद संजय सिंह और एनडी गुप्ता को दोबारा राज्यसभा भेजने का फैसला किया था। आप नेता सुशील कुमार गुप्ता ने हरियाणा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में खुद को पूरी तरह समर्पित करने की इच्छा व्यक्त की थी। तीनों का कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त होने जा रहा था। दिल्ली से राज्यसभा के लिए नामांकन प्रक्रिया 2 जनवरी को ● शेष पेज 11 पर

# स्मारक समिति के निलम्बित 17 कर्मचारी दूसरे स्थानों पर सम्बद्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के स्मारक, संग्रहालय, संस्था, पार्क व उपवन की प्रबंधन, सुरक्षा व अनुरक्षण समिति के 17 कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन की व्यूह रचना करता पाये जाने पर उन्हें दूसरे प्राधिकरण स्थान पर सम्बद्ध कर दिया गया। उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी ने निलम्बित कर्मचारियों का अवकाश भी रद्द कर दिया है। स्मारक समिति के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान कुछ कर्मचारियों ने प्रदर्शन स्थल पर वार्ता करने गये प्रबंधक प्रशासन राजीव कुमार से अभद्रता की। इसके बाद गोमती नगर थाने की पुलिस ने कर्मचारियों को हिरासत में लिया, इस पर प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने थाने का घेराव किया। इससे नाखुश होकर लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बैठक कर प्रदर्शन में शामिल 17 कर्मचारियों की जानकारी कर उनके विरुद्ध अनुशासनहीनता के तहत निलम्बित करते हुए उन्हें दूसरे स्थानों से सम्बद्ध करने की कार्रवाई की। उनके आदेश पर कर्मचारी कौशल आदित्य को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, विमिलेश कुमार वर्मा को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डे न नोएडा, रमेश प्रसाद गुप्ता को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डे न नोएडा, राजपूत मिथुन चन्द्रपाल को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, विजय कुमार यादव को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डे न नोएडा, दिनेश कुमार सिंह को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, इकरार अली को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डे न नोएडा, राजेन्द्र कुमार गिरि को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, वीरेन्द्र कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डे न नोएडा, तरुण कुमार को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, तरनीम को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डे न नोएडा, इन्द्रपाल गंगवार को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, राजनारायण भारद्वाज को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, मारकण्डेय सिंह को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डे न नोएडा, रामप्रकाश पटेल को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर, ● शेष पेज 11 पर



निलम्बन


❐ स्मारक समिति के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे थे

सबकी आस्था का सम्मान करता है भारत, अयोध्या में श्रद्धालुओं को होगा सुखद अहसास

# भारत की जो सीमा राम और कृष्ण ने तय की थी वही आज भी : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम और लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण ने भारत की जो सीमा तय की थी, वही आज भी है। प्रभु श्री राम ने उत्तर से दक्षिण तो श्रीकृष्ण ने उत्तर से पश्चिम को जोड़ा था। हजारों वर्ष पहले भारत में राजनीतिक इकाइयां भले ही अलग-अलग थीं, लेकिन सांस्कृतिक एकता एक थी। उन्होंने कहा कि दुनिया को विश्व मानवता की आस्था के सम्मान का मार्ग भी भारत ने ही दिखाया। यह हर कालखंड में हुआ है और यही स्थिति अयोध्या के अंदर आज हम सभी को देखने को मिल रही है। सीएम योगी फार्च्यून होटल में 'श्रीरामोत्सव-सबके राम' विषय पर एक मीडिया हाउस द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केरल से निकला एक संन्यासी भारत के चार कोनों में चार पीठों की स्थापना कर देता है। किसी भी राजा रजवाड़े ने उनको रोका नहीं, बल्कि उनका सम्मान किया। कपिलवस्तु का एक राजकुमार संन्यासी बनाकर ज्ञान का उपदेश देता है, उनके लिए सभी राज्यों के राजा-राजवाड़े अपने पलक पावड़े बिछा देते हैं। यह भारत है, जो आस्था का सम्मान करता है। 2017 में प्रारंभ हुआ अयोध्या का भव्य दीपोत्सव आज राष्ट्रीय उत्सव बन चुका है। पिछले वर्ष ● शेष पेज 11 पर



राहत

❐ प्रभु का साथ देने वाले हर समाज को देना होगा सम्मान

### अयोध्या में प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने का इंतजाम करेगी सरकार, होटल के दामों पर होगा नियंत्रण

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन श्रद्धालुओं व पर्यटकों के रुकने की चाक-चौबंद तैयारी कर रहा है। इसके लिए होटल, धर्मशाला-गेस्ट हाउस, होम स्टे-पेइंग गेस्ट, टेंट सिटी- आश्रय स्थल, डॉरमेट्री आदि में व्यवस्था की जा रही है। 22 जनवरी को श्रीरामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। कई महीनों में अनेक राज्यों का दौरा कर चुके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मेजबान के रूप में 22 जनवरी के बाद लोगों को आमंत्रित भी कर चुके हैं। लिहाजा उनके रहने-खाने, रुकने, साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था हो, इसके लिए सीएम योगी ने खुद खाका तैयार कर अफसरों को टास्क दे दिया है। योगी सरकार के निर्देश पर शासन-प्रशासन स्तर पर फिलहाल प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इसमें और इजाफा भी किया जाएगा। विगत दिनों रामनगरी आए योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण व समीक्षा ● शेष पेज 11 पर

# पुंछ में आतंकी हमला

एजेंसी

पुंछ । जम्मू संभाग के पूंछ में शुक्रवार को आतंकियों ने एक बार फिर सेना के वाहन को निशाना बनाकर हमला बोला है। दहशतगर्दों की इस नापाक हरकत पर भारतीय जवानों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए फायरिंग की, हालांकि सभी आतंकी फिलहाल भागने में कामयाब रहे। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेरबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है।

इससे पहले पिछले साल 21 दिसंबर को आतंकियों ने पुंछ के बफलियाज इलाके में सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया था। जिसमें सेना के पांच जवानों को वीर गति प्राप्त हुई थी। वहीं दो घायल हुए थे। दहशतगर्दों ने पहले ग्रेनेड दागे और फिर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं थीं। दो जवानों के शव क्षत-विक्षत भी कर दिए थे साथ ही कुछ जवानों के हथियार भी ले भागे थे। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने ली थी। पुंछ में करीब 29 महीने में आतंकी हमले की यह पांचवीं बड़ी वारदात है। 2021 से इन पांच वारदातों में 21 जवान बलिदान हुए हैं। 11 अक्तूबर 2021: चमरेड इलाके में तलाशी अभियान चला रहे जवानों पर घात लगाकर हमला, जेसीओ समेत पांच बलिदान।

20 अक्तूबर 2021: भाटादूड़ियां में तलाशी अभियान के दौरान हमले में छह जवान बलिदान। ● शेष पेज 11 पर



हमला

❐ एक बार फिर सेना के वाहन को बनाया निशाना, कई राउंड फायरिंग

❐ 21 दिसंबर को भी बनाया था सेना के वाहनों को निशाना

# समाज में आज पुरुषों के बराबर है महिलाओं की भूमिका : जूही सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह द्वारा शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली आत्मनिर्भर महिलाओं को 'वूमेन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित किया गया। महिलाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम होटल हयात रेजीडेंसी में हुआ।

महिला सम्मान कार्यक्रम में जूही सिंह ने कहा कि महिलाओं की भूमिका हमारे समाज में आज पुरुषों के बराबर है। हर क्षेत्र में महिलाएं परचम लहरा रहीं हैं। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी लगन एवं प्रतिबद्धता से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है। जूही सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में महिलाओं का सम्मान सुरक्षित था। हर क्षेत्र में महिलाओं के उत्कृष्ट कार्यों और योगदान को देखते हुए रानी लक्ष्मी बाई वीरता पुरस्कार प्रारंभ किया गया था। बेटियों को शिक्षा के बेहतर अवसर मिले, इसके लिए कन्या विद्या धन और लैपटॉप वितरित किये गए। उसी विचारधारा से प्रेरित होकर विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करके हमने समाज में सशक्त संदेश देने का काम किया है।



सम्मानित होने वालों में, शहर की प्रतिष्ठित महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीलम विनय, आश्रिता दास लॉमार्ट प्रिंसिपल, चमन आरा, बीकर फरियाल,

### 'वूमेन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित की गईं विभिन्न क्षेत्रों की आत्मनिर्भर महिलाएं

फातिमा और आयशा अमीन, सुमन रावत सोशल वर्कर, फोक सिंगर संजोली पांडे, कुसुम वर्मा, सिमरन शाहनी हेल्थ वेलनेस एक्सपर्ट माधवी कुकरेजा एनजीओ, पंकज भदौरिया, सपना उपाध्याय सोशल वर्कर डॉक्टर रुचि सिंह, डॉक्टर शाबरा हबीब, डॉक्टर नेहा सिंह फाउंडर के एएनसवाई स्कूल, डॉक्टर नीमा पंत आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव अनिता मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सभा मीनाक्षी अग्रवाल एवं नेहा यादव और चमन आरा, मणेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे।

# संजय सिंह को दूसरी बार राज्यसभा चुने जाने पर आप कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह को दोबारा राज्यसभा में भेजे जाने के बाद उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता, न केवल उत्साह में डूबे हुए हैं बल्कि हर्ष और उल्लास के साथ अपनी प्रसन्नता जाहिर कर रहे हैं। इन दिनों पूरे उत्तर प्रदेश में कमोबेश उत्साह का ही माहौल देखने को मिल रहा है।

आम आदमी पार्टी यूपी इकाई द्वारा शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में सभी जिला मुख्यालय के करीब हर प्रमुख चौराहे/ जिला पार्टी कार्यालय में उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता ढोल नगाड़े बजाकर अपने नेता और दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया। राजधानी लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह की मौजूदगी में प्रदेश कार्यालय पर कार्यकर्ताओं में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि पार्टी के संयोजक दिल्ली के मुख्यमंत्री



अरविंद केजरीवाल ने दोबारा से उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह को राज्यसभा भेजने का काम किया है, प्रदेश इकाई की तरफ से उनको धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सांसद संजय सिंह सड़क से लेकर सदन तक आम आदमी की आवाज उठाते रहेंगे। प्रदेश प्रभारी संजय सिंह भले ही जेल में हैं लेकिन जेल से उन्होंने जो संदेश दिया हैं कि तानाशाही से, जेल से, मुकदमों से डरना नहीं हैं और आम आदमी की लड़ाई लड़ करके लोगों की आवाज को बुलंद करना है, यह सभी आप कार्यकर्ताओं के लिए बहुत प्रेरणादायक हैं। धन्यवाद केजरीवाल कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह पटेल, लखनऊ जिला अध्यक्ष शेखर दीक्षित, बुद्धजीवी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष बी एन खरे, छात्र विंग प्रदेश अध्यक्ष वंश राज दुबे, शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राठौर,इस्मा जहीर, इरम रिज़वी अंकित परिहार, अनीस रावत, प्रियंका श्रीवास्तव, कायनात सिद्दीकी, महिला विंग प्रदेश सचिव रीता सिंह मौजूद रहें।

## दो पक्षो में जमकर मारपीट,तीन घायल

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीते गुरूवार की देर रात शराब के नशे में धुत होकर तेज रफ्तार में बाइक लेकर निकले युवक को टोकना एक परिवार को महंगा पड़ गया?.गाली-गालौज से दोनो पक्षो में शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते कुछ देर में खूनी संघर्ष में बदल गया ओर दोनो पक्षो के डेढ दर्जन लोग धारदार हथियार व लाठी-डंडो से लैस होकर आमने-सामने आ गये ओर जमकर मारपीट हुयी।जिसमें कई लोग घायल हो गयें।मोहनलालगंज के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उसके बेटे ने गुरूवार की रात तेज रफ्तार में नशे में धुत होकर दरवाजे से बाइक लेकर निकले पड़ोसी युवक को टोक दिया?।जिसके बाद पड़ोसी बब्बू अपने भाई निलेश,शिलेश अपनी मां शिवकली,अक्षयलाल,पकंज निवासीगण रानीखेड़ा व शिवा,आकाश,अर्जुन समेत आधा दर्जन अज्ञात के साथ मिलकर लाठी डंडो व धारदार हथियार से लैस होकर घर में घुस आये ओर बेटे पर जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से क ई वार किये इस दौरान बीच बचाव को आयी बेटी से मारपीट कर छेड़छाड़ की???।वही दूसरे पक्ष की शिवकली ने प्रथम पक्ष के चार लोगो पर बेटे की धारदार हथियार से पिटाई कर जेब में रखे 50हजार रूपये निकाल लिये ओर जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुये जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया दोनो पक्षो के द्वारा दी गयी तहरीर पर मारपीट,छेड़छाड़,बलवा,एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओ में क्रास एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित हुआ दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय युवा दिवस पर उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के तत्वावधान में नेशनल पीजी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। दो दिवसीय आयोजन के आखिरी दिन शुक्रवार को सोसायटी के अपर परियोजना निदेशक रवींद्र कुमार ने विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एचआईवी एवं एड्स के मामले में हमें बचाव पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति अपनी ऊर्जा का भरपूर उपयोग करते हुए कार्यक्रम से जुड़े और घर-घर, गली-गली व पूरे समाज में इस बीमारी को लेकर जो भ्रांतियाँ है उसे दूर करने में सहयोग करे। कार्यक्रम में युवाओं की भूमिका को देखते हुए एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताएँ व संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नेशनल पीजी कालेज के नवनिर्मित सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के संयुक्त निदेशक रमेश चंद्र के संबोधन से हुई।

## 2047 का भारत और विवेकानंद विषयक संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ महानगर द्वारा 2047 का भारत और विवेकानंद विषयक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरान शाही, विशिष्ट अतिथि के रूप में उप्र सरकार के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी मौजूद रहे।

## भाषा विश्वविद्यालय में हुआ दीक्षांत समारोह का रिहर्सल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। भाषा विश्वविद्यालय में आठवें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह के इस पावन अवसर पर पूर्वाभ्यास में कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की भूमिका में प्रो चंदना डे, केरल के राज्यपाल की भूमिका में प्रो एहतेशाम अहमद, रजनी तिवारी, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की भूमिका में प्रो तनवीर खदीजा रहीं। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर प्रो कपिल कपूर ने दीक्षांत से संबंधित अपना भाषण विश्वविद्यालय के अटल हॉल में दिया। प्रो कपिल कपूर ने कहा कि भारत के दर्शन में जीवन सुख का सुविधा से कोई संबंध नहीं है अपितु बल्कि आत्म सुखी वास्तविक सुख है कपिल कपूर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हमें अपने आपसी रिश्तों को आज रिपेयर करने की आवश्यकता है।

## परिवहन मंत्री के निर्देशों के अनुपालन में परिवहन निगम कर रहा है तैयारियां

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में लखनऊ रीजन में 13 जनवरी तक सभी बस स्टेशनों पर हेल्प डेस्क बनाने का कार्य कर लिया जाएगा। बसों में श्री राम जी के मंदिर वाली फोटो लगवाने का काम किया जा रहा है। साउंड बॉक्स लगाया जा रहा है। साथ ही लखनऊ आर एम ऑफिस में कंट्रोल रूम बनवाया जा रहा है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 8726005808 है। यह जानकारी जीएम टेक्निकल अजीत सिंह ने दी।

# होटल एसोसिएशन लखनऊ के प्रतिनिधियो के साथ डीएम लखनऊ ने की महत्वपूर्ण बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद अयोध्या में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार द्वारा होटल एसोसिएशन लखनऊ के प्रतिनिधियो के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गयी। बैठक में लखनऊ मंडल के अपर आयुक्त, जनपद अयोध्या के अधिकारियों और आयोजक समिति के पदाधिकारियों द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया की कार्यक्रम काफी भव्य है जिसके दृष्टिगत जनपद में अत्यधिक लोगो का आगमन होना है। जिसके लिए होटेल्स द्वारा अपने अतिथियों से किसी भी प्रकार की ओवरचार्जिंग न की जाए। आने वाले लोगो को लखनऊ की मेहमान नवाजी से रूबरू कराए ताकि वह अच्छा अनुभव लेकर वापस लौटे। आने वाले अतिथियों को सुखद अनुभव दे, उनको किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दे। जिलाधिकारी द्वारा बताया




गया की आयोजक समिति द्वारा 5-5 होटलों के लिए एक एक नोडल नियुक्त किए जाए है और प्रत्येक होटलों द्वारा अपने यहां भी एक नोडल बनाना होगा जो आयोजन से संबंधित बुकिंग और अन्य जानकारी उपलब्ध कराएंगे। होटल के नोडल प्रतिदिन प्रातः 09 बजे से रात्रि 11 बजे तक बुकिंग संबंधित काल्स एवं जानकारी व बुकिंग कराना सुनिश्चित करेगे। जिन अतिथियों का आगमन 21 जनवरी की शाम को होगा उनको प्रातः 06 बजे कार्यक्रम के लिए प्रस्थान करना होगा जिसके लिए होटल्स द्वारा उनको नाश्ता कराकर और पेयजल की व्यवस्था करते हुए प्रस्थान कराना सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया की जिन अतिथियों का आगमन हो रहा है उनका होटल्स में पारम्परिक ढंग से स्वागत किया जाए। साथ ही जो होटल्स पिक एंड ड्राप फ़ेसेलिटी उपलब्ध करा रहे है वह अपने ड्राइवर्स की ट्रेनिग कराना सुनिश्चित करा ले। उन्होने निर्देश दिए की होटल के कार्मिको तथा टैक्सी चालको की एक अनिवार्य बैठक एवं ट्रेनिंग आयोजित कर उन्हे आने

### पांच पांच होटलों के लिए आयोजक समिति नियुक्त करें एक एक नोडल

### प्रत्येक होटलों द्वारा अपने यहां भी बनाना होगा एक नोडल

### पिक एंड ड्राप फ़ेसेलिटी उपलब्ध कराने वाले होटल्स अपने ड्राइवर्स की ट्रेनिग कराना सुनिश्चित करा लें

वाले आगन्तुको के साथ शिष्ट व्यवहार किये जाने हेतु प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने बताया की कार्यक्रम अवधि के दौरान होटल के कमरो का किराया तर्कसंगत हो इसमें किसी भी प्रकार की अनावश्यक वृद्धि न की जाए। सभी होटल संचालक यह सुनिश्चित कर लेगें कि कार्यक्रम की अवधि के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा लाभ कमाने के उद्देश्य से तो कमरो की एडवान्स बुकिंग तो नही करा ली गयी है।

## वाराणसी कैंट स्टेशन पर जीआरपी ने 11 लाख 62 हजार नकदी के साथ यात्री को पकड़ा

वाराणसी। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध यात्रियों के चेकिंग के दौरान जीआरपी टीम ने 11 लाख 62 हजार नकदी के साथ एक यात्री को पकड़ा। पूछताछ में रुपयों के बाबत ठोस जानकारी न दे पाने पर यात्री को जीआरपी थाने लाया गया। जीआरपी ने इसकी जानकारी आयकर विभाग को दी। थाने में आयकर विभाग के साथ एटीएस के अफसरों ने भी यात्री से देर तक पूछताछ किया। जीआरपी कैंट के प्रभारी हेमंत सिंह ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि रुपयों के साथ पकड़ा गया युवक जहानाबाद, बिहार निवासी शैलेश कुमार है। पूछताछ में उसने बताया कि रुपया जहानाबाद अंथुआ के राइस मिल संचालक का है। उन्हीं के राइस मिल पर वह काम करता है। वाराणसी, सोनभद्र के घोरावल से वसूली कर बिहार वापस लौट रहा था। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि माघ मेला और अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखते हुए कैंट स्टेशन पर संदिग्ध यात्रियों और उनके सामान की चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर सात के पास एक संदिग्ध यात्री को देख उसे रोक कर उसकी चेकिंग की गई तो

## इंस्पेक्टर ने पुलिस फोर्स संग वाहनो की सघन चेकिंग

मोहनलालगंज।पुलिस कमिश्नर एस बी शिरडकर के निर्देश पर मोहनलालगंज कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन आल आउट अभियान के तहत शुक्रवार की देर शाम इंस्पेक्टर आलोक राव ने एसएसआई बेचू सिहं यादव व कस्बा इंचार्ज विकास यादव समेत पुलिस फोर्स के साथ कस्बे के गोसाईगंज तिराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर दो पहिया व चार पहिया वाहनो की चेकिंग कर चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाकर व दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की सख्त हिदायत दी।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि ऑपरेशन आल आउट के तहत सघन चेकिंग अभियान चला कर अपराधियों की धरपकड़ के लिये दो पहिया व चार पहिया वाहनों की रूकवाकर सघन चेकिंग की गयी।चार पहिया वाहनों को रोक कर गाड़ी के अंदर एवं डिग्गी खुलवाकर चेक किया गया।इस दौरान बिना सीट बेल्ट लगाये कार चला रहे लोगो को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की सख्त हिदायत दी।इंस्पेक्टर ने पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में पैदल गशत कर व्यापारियों व कस्बे के लोगो को सुरक्षा का अहसास कराया।

# समूहों की सभी दीदियां डाउनलोड करें नमो ऐप : केशव प्रसाद मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समस्त कैडरों के साथ विभिन्न बिन्दुओ पर वार्ता की। उन्होने बीसी सखियों, विद्युत सखियों व कैडर के लोगों से वार्ता करते जहां उनके क्रियाकलापों के उन्नयन के लिए महत्वपूर्ण गुर बताए, वहीं उनमे नयी ऊर्जा व नये उत्साह का संचार भी किया। उन्होंने विभिन्न सखियों से सीधा संवाद करते हुये फील्ड में हो रहे कार्यों का फीडबैक लिया, उनकी समस्याये भी सुनी और उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होने कहा कि हर ग्राम अयोध्या धाम, हर मन्दिर श्री राम मंदिर के भाव के साथ 14 से 22 जनवरी तक विशेष स्वच्छता अभियान चलायें। सभी दीदियां 22 जनवरी को



अपने घरों में दीपावली मनायें, इसके लिए लोगों को प्रेरित भी करें, समूह की दीदियां दीपक बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लायें, रंगोली सजायें और उनकी फोटो एवं वीडियो क्लिप बनाये, उसे सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करें और मुख्यालय भी भेजें। उपमुख्यमंत्री ने दीदियों से संवाद करते हुये कहा कि समूहों की सभी दीदियां नमो ऐप डाउनलोड करें। इसके लिए उन्होंने रेफरल कोड-JLP23W-F को भी साझा किया।

# प्रॉपर्टी डीलर की हुई थी हत्या, पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए शुरू की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर। थाना क्षेत्र के अमौसी रेलवे स्टेशन से कानपुर की ओर कुछ दूरी पर झाड़ियों में बुधवार सुबह क्षेत्र के ही हाइडल निवासी प्रॉपर्टी डीलर प्रभात कुमार (32) पुत्र राम नारायण प्रसाद का खून से लथपथ शव मिला था। शव को सरोजिनी नगर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ हर एंगल से जांच पड़ताल की जा रही थी। हालांकि पुलिस इसे पहली नजर में दुर्घटना बता रही थी लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद गुरुवार देर रात अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए सरोजिनी नगर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू की गई है। गुरुवार को मृतक के पिता रामनारायण प्रसाद ने सरोजिनी नगर थाने में हत्या की लिखित तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई थी तब थाना अध्यक्ष शैलेन्द्र गिरि ने दुर्घटना की आशंका व्यक्त की है। थाना अध्यक्ष के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले थे।

मृतक के पिता राम नारायण प्रसाद के अनुसार मंगलवार को उनके बेटे प्रभात कुमार का जन्मदिन था। बेटा हर वर्ष की तरह शाम को जन्मदिन मनाने के लिए घर से निकला था जब वह देर रात घर वापस नहीं लौटा दो उन्होंने बेटे के मोबाइल पर फोन किया किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन उठाया और कहा कि उसे वह फोन सड़क पर पड़ा हुआ मिला है इसके बाद किसी अनहोनी की आशंका में मृतक के परिजनों ने रात भर प्रभात की खोजबीन की किंतु वह कहीं नहीं मिला सुबह पुलिस द्वारा शव मिलने की सूचना मिली। रामनारायण प्रसाद के अनुसार उनके बेटे के शरीर पर चोट के कई निशान थे और बेटे का शरीर खून से सना हुआ था जिसको देखते हुए लग रहा था कि उनके बेटे की हत्या कर उसका शव फेंका गया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट देखते हुए मृतक के पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

## बिजली विभाग की छापेमारी में चार पर मुकदमा दर्ज



लखनऊ। सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को ओटीएस के माध्यम से भारी छूट देने के बाद उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली की सप्लाई दी जा सके और बिजली चोरी पर भी लगाम लगाई जा सके इसके लिए बिजली विभाग एक बार फिर से सतर्क हो गया है। एक बार फिर से बिजली विभाग ने बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई शुरू कर दी है जिससे यह साबित हो गया है की बिजली चोरी करने वाले किसी भी उपभोक्ता की अब खैर नही रहेगी। उच्च अधिकारियों के आदेश पर शुक्रवार को लेसा सिस गोमती के अधीक्षण अभियंता मंडल अष्टम आर सी पाण्डेय व ठाकुरगंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार के निर्देश पर चौपटिया के उपखण्ड अधिकारी अमितेश कुमार व अवर अभियन्ता राज नारायन व प्रवर्तन दल तृतीय टीम के अनिल कुमार सिंह, नूर मोहम्मद, दिलीप कुमार ने चौपटिया पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले हाई लाइन लॉस वाले तंबाकू मंडी क्षेत्र मे मॉर्निंग रेड अभियान चलाया । इस चेकिंग अभियान के दौरान लगभग 35 कनेक्शनो की जांच की गई। इस दौरान कुछ लोग अपने बिजली चोरी के साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास करते देखे गये। अभियान के दौरान 7 लोगो को लगभग 16.2 किलो वाट तक की बिजली चोरी करते पाया गया। इनके द्वारा परिसर पर लगे मीटर के सर्विस केबल में कटिया लगा कर बिजली चोरी की जा रही थी। सभी लोगों पर धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके बाद इन सभी की लाइट पोल से काट दी गई।

# अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फ़ेस्ट गोवा में डॉ0 नवल पंत द्वारा लिखित पुस्तक का हुआ विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोवा/लखनऊ - पायसम, लखनऊ के मुख्य पदाधिकारी डॉ. नवल पंत और उनकी पत्नी प्रोफ़ेसर रानू उनियाल, लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग को अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फ़ेस्ट, गोवा में माननीय समाज कल्याण मंत्री, गोवा सुभाष फल देसाई द्वारा सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि, माननीय मंत्री श्री देसाई डॉ नवल पंत द्वारा लिखित पुस्तक 'एन अनप्लान्ड जर्नी: स्टोरीज ऑफ एम्पैथी फ्रॉम द फ्रंटियर्स ऑफ इंटेलेक्चुअल एंड डेवलपमेंटल डिसएबिलिटीज' के विमोचन के अवसर पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। माननीय मंत्री देसाई ने विकलांगता के बारे में जागरूकता की आवश्यकता के लिए बड़े पैमाने पर बात की और लखनऊ विकलांगता कार्यकर्ताओं, डॉ



पंत और प्रोफ़ेसर उनियाल की भागीदारी की बहुत सराहना की।?दूसरा गोवा इंटरनेशनल पर्पल फ़ेस्ट विकलांग लोगों को एक मंच पर लाने का श्री सुभाष फल देसाई की प्रबुद्ध की सोच एक अनूठा प्रयास है। डॉ नवल पंत ने न केवल उनके स्वयंसेवी संगठन, पायसम द्वारा आयोजित वार्षिक दिवस, आनंद उत्सव ऽ खेल मेला, जहां न्यूरोडाइवर्सिटी आबादी के लिए काम करने वाले सभी स्कूल भाग लेते हैं, की सफलता के बारे में बात की, वहीं उन्होंने भारत के सभी राज्यों के अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फ़ेस्ट में सक्रिय रूप से भाग लेने की आशा भी जताई, गोवा इंटरनेशनल पर्पल फ़ेस्ट विकलांग लोगों की विविधता और समावेश का जश्न मनाने वाला सबसे बड़ा महोत्सव है।

# उद्यमियों के औद्योगिक भूमि संबंधित कानूनों में बदलाव की मांग

## आईआईए ने की लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने शुक्रवार को गोमती नगर स्थित कार्यालय के सभागार में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। जिसमें यह प्रेसवार्ता लखनऊ में उद्यमियों के औद्योगिक भूमि संबंधित कानूनों में बदलाव की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में चलाए जाने वाले अभियान के संबंध में आयोजित की।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए आईआईए राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा कि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन जो उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा औद्योगिक संगठन है विगत अनेक वर्षों से प्रदेश में लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री हिल्ड करने की मांग सरकार से उठाता आ रहा है। इसका कारण यह है कि यूपीसीडा अथवा उद्योग निदेशालय द्वारा उद्यमियों को दी गयी लीज होल्ड भूमि पर यदि उद्यमी को अपने उद्योग में कोई नया उत्पाद बनाना है, बैंक लिमिट में बदलाव करना है, उम्र ढलने के बाद अपने खूनी रिश्ते में ही उद्योग को हस्तगत करना है, उद्योग की भूमि एवं भवन किराये पर देने हों अथवा भूमि का अमलामेशन या सपरेशन करना है तो इन सभी कार्यों को करने के लिए उद्यमी को यूपीसीडा उद्योग निदेशालय की अनुमती लेना अनिवार्य होता है।

इस कार्य को कराने के लिए उद्यमियों को इन सरकारी दफ्तरों के बार बार चक्कर लगाने पड़ते है और कुछ मामलो में उद्यमी भ्रष्टाचार का भी शिकार हो जाते है। उन्होने कहा कि यह स्थिति सरकार की ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस की निति के भी विपरीत है। कहा कि उल्लेखनीय है कि लीज होल्ड पर भूमि देने का कानून अंग्रेजो के समय से चला आ रहा है जब अंग्रेजी शासन द्वारा देशवासियों को गुलाम बनाकर रखा गया था। उन्होने कहा कि वर्तमान में केन्द्र की सरकार ने देश में आजादी के इस अमृत काल में गुलामी के प्रत्येक अंश से मुक्ति पाने का प्रण लिया है।

ऐसे में इन सभी कारणों से लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड किया जाना औद्योगिक विकास को गति देने के लिए नितान्त आवश्यक है। वहीं सिंघल के मुताबिक ऐसा करने से प्रदेश को अनेक लाभ भी होंगे। उन्होने यह भी कहा कि देश के कुछ राज्यों द्वारा लीज होल्ड भूमि से उद्योगों को होने वाली कठिनाइयां को ध्यान में रखते हुए इसे फ्री होल्ड करने का निर्णय लिया गया है जिसमें हरियाणा, दिल्ली, वेस्ट बंगाल एवं कर्नाटक मुख्य रूप से शामिल है। वहीं उन्होने यह भी बताया कि उन्होने 30 नवम्बर को लखनऊ में आयोजित उद्यमी महा सम्मेलन में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से भी आग्रह किया गया है कि प्रदेश में उद्योग की लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड कर दिया जाए। उन्होने अपने प्रतिवेदन में यह भी स्पष्ट किया कि लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड केवल इस शर्त के साथ ही परिवर्तित किया जाए कि इस भूमि का उपयोग किसी भी परिस्थिति में न बदला जा सके।

# सुशांत गोल्फ़ सिटी थाने के सामने चल रहा धरना 30 जनवरी तक स्थगित

## एस डी एम ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानो से लिया जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। धरना स्थल पर पहुंच कर उप जिलाधिकारी अधिकारी सरोजिनी नगर ने प्रदर्शनकारी किसानों से जिला अधिकारी लखनऊ को संबोधित आठ सूत्रीय मांगों वाला ज्ञापन लिया साथ ही किसानों को 5 मांगें पूरी करने का आश्वासन भी दिया।उप जिलाधिकारी से आश्वासन मिलने के बाद 19 दिसंबर 2023 से चल रहा किसानों का धरना 25 वें दिन 30 जनवरी तक स्थगित कर दिया गया। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अपनी 17 सूत्रीय मांगों मगों के लेकर सुशांत गोल्फ़ सिटी थाने के सामने किसनो का धरना आरंभ हुआ था।इस ठंड के मौसम में अभी तक किसानों की समस्याओं को अधिकारियों की ओर से नजर अंदाज किया जाता रहा। किसानों ने 12 जनवरी को धरना स्थल पर ही जोर दार प्रदर्शन की घोषणा कर दी और धरना स्थल पर किसानों का जमावड़ा होने लगा। स्थिति नियंत्रण से बाहर होते देख उप जिलाधिकारी सचिन कुमार वर्मा और ए सी पी शांती यादव मौके पर पहुंचकर किसानों से बात की और उनसे जिलाधिकारी लखनऊ को संबोधित ज्ञापन लिया। उप जिलाधिकारी सरोजिनी नगर ने किसानों को उनकी पांच मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इसी के साथ किसानों का धरना 18 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया। धरना स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम वर्मा, मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार वर्मा, मंडल महामंत्री दिलराज सिंह, जिला प्रभारी शारदा प्रसाद, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सोना देवी,पटेल, गोसाईगंज ब्लाक अध्यक्ष लालता प्रसाद पटेल, ब्लाक प्रभारी जागेश्वर प्रसाद मौर्या, ब्लाक सरोजिनी नगर अध्यक्ष मेवालाल प्रजापति, जिला अध्यक्ष लखनऊ राजेश रावत, जिला मीडिया प्रभारी करन गुप्ता, जिला सचिव मदन चंद्र लोधी, सरोजिनी नगर तहसील अध्यक्ष बद्री प्रसाद रावत, विनोद कुमार और राकेश प्रधान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद चली गोलियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ठाकुरगंज। कोतवाली क्षेत्र के दौलत गंज में भाई बहन को गोली लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वाहन खड़ा करने को लेकर हुआ था विवाद इसके बाद युवक ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से एक ही परिवार के दो लोगों पर गोली चला दी। मामला थाना ठाकुरगंज क्षेत्र के दौलतगंज का है जहां पर मनोज मिश्रा पुत्र सत्य प्रकाश मिश्रा ने मोहल्ले के रहने वाले अर्पित कनौजिया उर्फ मोनू पुत्र हरी प्रसाद कनौजिया में वाहन को घर के बाहर हटाने के चलते विवाद हुआ था। इसके बाद मनोज मिश्रा ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया इसके बाद अर्पित उर्फ मोनू कनौजिया वा बहन मानसी कनौजिया को गोली लग गई। खबर आग की तरह फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसके बाद सूचना पर पहुंची ठाकुरगंज पुलिस ने मनोज को हिरासत में लिया। वहीं घायल अर्पित और बहन मानसी को ट्रामा सेंटर इलाज के लिए भेज दिया। घायल के पिता हरि प्रसाद कनौजिया ने बताया है कि 7 साल पहले भी मनोज मिश्रा के द्वारा बंदूक के दम पर धमकाने का काम किया गया था। इस संबंध में पुलिस को अनेकों बाद तहरीर दी गई है जिस कि नकल हमारे पास मौजूद है।

वहीं ठाकुरगंज थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने जानकारी देते हुए बताया है। की घटना सुबह 09:00 बजे की है। गोली चलाने वाले युवक मनोज मिश्रा व लाइसेंसी बन्दूक को कब्जे में ले लिया गया है। संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस थाने से ही चोर उड़ा ले गए मोबाइल फ़ोन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। चोरो से आम जनता की रक्षा करने वाले पुलिस विभाग में ही अगर चोर चूना लगा कर निकल जाए तो ऐसे में विभाग की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़े होने लगते है। राजधानी के थाना ठाकुरगंज में एक आश्चर्यचकित कर देने वाली घटना घटित हो गई जिसे सुनकर आप भी दांतों तले उंगली दबा लेंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को ठाकुरगंज थाने में काम करने वाला एक निजी कर्मचारी सुबह जब नहाने के लिए गया तो वह अपने दोनों फोन थाना परिसर में मौजूद एक कमरे में रखकर चला गया जब वह नहा कर आया तो उसने देखा कि उसके दोनों मोबाइल चोरी हो गए थे। गरीब कर्मचारी के दोनों फोन एक साथ चोरी हो जाने से उसके होश उड़ गए उसने इसकी सूचना थाने में मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों को दी। सूत्रों की अगर माने तो पुलिस कर्मियों द्वारा सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की गई किंतु कोई लाभ हासिल नहीं हुआ इसके बाद वहीं के एक सब इंस्पेक्टर ने उस कर्मचारी को दो नये मोबाइल दिलाए। अब बड़ा सवाल यह उठता है की लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस सुरक्षा को लेकर कितना सतर्क है इसका अंदाजा इस घटना से लगाया जा सकता है। वहीं थाना प्रभारी को जब मामले की जानकारी करने के लिए फोन किया गया तो उनका कहना था की घटना के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

# श्री शारदा कालेज में वृहद रोजगार मेला 20 जनवरी को पांच हजार से ज्यादा रोजगारक अवसर, सौ से अधिक कंपनियां लेंगी भाग

लखनऊ। गोसाईगंज सुल्तानपुर रोड गोसाईंगंज स्थित श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन व क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान मे वृहद रोजगार मेला का आयोजन श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के गोसाई गंज लखनऊ स्थित कैंपस में आगामी 20 जनवरी को किया जाएगा। रोजगार के इस वृहद आयोजन मे 100 से भी ज्यादा प्रमुख कंपनियां भाग लेगी। इस मेगा जाब फ़ेयर की अधिक जानकारी श्री शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के बेबसाईट पर या सेवायोजन पोर्टल उपलब्ध है। इस मेगा जाब फ़ेयर में मीडिया, बैंकिग, आईटी, मैन्यूफैक्चिरिंगएसरविस सैक्टर,ऑटोमोबाइल, फार्मा आदि क्षेत्रो से कंपनियां रहेगी। जाब देने वाली कंपनियों मे एचडीएफसी बैंक, अमूल, अशोक लेलैंड, टीवी 9 भारतवर्ष, वायजूस, सोनाटा फायनेंस, बीएसएन इन्फोटेक, एचसीएल, स्टार टेक, स्योर एनर्जी, पीएनबी मेट लाईफ, एजिज, रिलायंस स्मार्ट मनी डाट काम, एल एन टी, एस यू डी लाईफ इंस्योरेंश, डेकिन, गो डिजिट, तरावी इलेक्ट्रिकल आदि कंपनिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगी। इस जाब मेले मे लखनऊ के सभी कालेजों के छात्र व अन्य प्रदेशों के प्रतिभागी भी उपस्थित रहेगें। श्री शारदा ग्रुप के वायस चेयरमैन निरमेश सिंह ने बताया कि आने वाले सभी छात्रों के लिए 5000 से भी ज्यादा नौकरियां होगी।

# गोसाईंगंज कोतवाली पर पीस कमेटी की बैठक



लखनऊ। गोसाईगंज कोतवाली पर शुक्रवार को आगामी त्यौहार व 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर एसीपी गोसाईगंज किरन यादव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिस दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने व त्योहारों के उत्सव में शांति व्यवस्था बनाये रखने पर चर्चा हुई। क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों के साथ शांति व्यवस्था के दृष्टिकोण आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत बहरौली इंटरकालेज में छात्रों ने ली जीवन रक्षक प्रतिज्ञा



लखनऊ। जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली लखनऊ में ''एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम'' के अंतर्गत ''जीवन रक्षक प्रतिज्ञा'' प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा द्वारा उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को कराई गई। भारतीय समाज में अनेक समस्याएं विद्यमान हैं जिनमें नशे की समस्या काफी विकराल रूप धारण कर चुकी है।खास तौर से ग्रामीण क्षेत्रों में नशे की चपेट में अधिकांश लोग आ चुके हैं जिससे व्यक्ति अनेक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं और कम समय में ही काल के गाल में समा रहे हैं। नशे की वस्तुएं खरीदने के लिए लोग अपना धन खर्च करते हैं जिससे आर्थिक तंगी का शिकार होते हैं तथा जरूरत की अनिवार्य चीजों को खरीदने के लिए उनके पास पैसे की कमी हो जाती है। नशे के सेवन से परिवार तथा समाज में लड़ाई झगड़े बढ़ जाते हैं। मार्गों पर अनेक दुर्घटनाएं नशे की हालत में लोग करते हैं।इन्हीं सब समस्याओं को देखते हुए सरकार ने स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस 12 जनवरी से नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस 23 जनवरी तक ''एक युद्ध नशे के विरुद्ध'' अभियान चलाया है। इस अभियान में जन जागरूकता के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। इसी कड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा द्वारा जीवन रक्षक प्रतिज्ञा सभी को कराई गई। इसके साथ ही नशे से उत्पन्न होने वाली अनेक समस्याओं और उनसे बचने के उपाय के बारे में सभी विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# करोरा में निकली पूजित अक्षत कलश यात्रा , राम मय हुआ कस्बा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। अयोध्या में नवनिर्मित भगवान श्री राम के भव्य मंदिर में 22 जनवरी को श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए गांव-गांव में धर्म प्रेमी लोगों को अक्षत दें रहे हैं। इसी क्रम में अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत कलश की शुक्रवार को करोरा गांव में भव्य स्वागत कर शोभा यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। जिसमें कन्याएं कलश लेकर शामिल रहीं । इस अवसर पर ग्रामीणों ने अक्षत कलश यात्रा की जगह -जगह आरती उतार कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम गिरीश त्रिवेदी व ग्राम प्रधान सुधीर विश्वकर्मा प्रधान प्रतिनिधि नीरज त्रिवेदी एवं जिला कार्य समिति सदस्य दीपक तिवारी के सानिध्य में संपन्न हुआ। घर घर अक्षत वितरण के दौरान 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में दीपोत्सव जलाने एवं पूजन करने का आग्रह किया। राहुल तिवारी , हिमांशु , अजय, मुकुल, शुभम तिवारी , शुभम, प्रिंसू , हउवा चौरसिया , रोहित , संजू, नवनीत, आयुष समेत सैकड़ो लोगों ने समस्त गांव में भ्रमण एवं घर-घर जाकर अक्षत एवं पत्रक दिया।

# कमालपुर विचलिका में लगा पशु आरोग्य मेला व गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। शुक्रवार को विकास खण्ड मोहनलालगंज क्षेत्र के कमालपुर विचलिका में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा एक दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके बाद गौपूजन कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। वही कार्यक्रम में गाय भैंस बकरी व कुत्तों का कुल 525 पशुओं का पंजीकरण व निशुल्क दवा वितरण किया गया। तथा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

आरोग्य मेला आयोजन के दौरान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी नगराम डॉ सुनील कुमार ने बताया कि पशुपालक अपने पशुओं की बीमारी को हल्के में न लें। अगर पशुओं को किसी प्रकार की बीमारी होती है। तो तुरंत नजदीक के पशु चिकित्सालय में ले जाएं, जिससे उनका समय से उपचार हो सके। पशुपालक संगोष्ठी में अपर निदेशक लखनऊ मंडल पशुपालक विभाग के डॉक्टर बी.के. सिंह एवं ग्राम प्रधान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। पशुपालक विभाग के अधिकारियों की प्रशंसा की तथा पशुपालको की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए पशुपालकों को प्रेरित किया। इस दौरान डॉ पंकज श्रीवास्तव , डॉ कुलदीप द्विवेदी , डॉ बृजेश , डॉ विपिन सिंह , डॉ के के शाह , डॉ अरविंद तिवारी व ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# बलसिंह खेड़ा गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के सूत्र वाक्य को साकार करने के लिये केन्द्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्रताधारी को लाभान्वित करने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को ग्राम पंचायत बल सिंह खेड़ा पहुंची । मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री जी द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं इसमें लाभों से वंचित रह गये व्यक्तियों को लाभान्वित करने का कार्य भी किया जा रहा है। भाजपा के पूर्व जिला मंत्री बलि राम वर्मा ने उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि हमें तकनीकी के इस युग में जानकारी के साथ जीवन जीना होगा। विकास के लिए विरासत को भी अपना हिस्सा बनाना होगा ।

भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि देश के 80 करोड़ लोगों को पिछले 3 साल से मुफ्त राशन दिया जा रहा है। ज़रूरतमंद एवं ग़रीब को भोजन का संकट न आए, इसलिए यह संकल्प प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा लिया गया है।

### ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने शिक्षक एवं शिक्षा मित्रों को किया सम्मानित

ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्राथमिक विद्यालय गुमानी खेड़ा के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा ,विशेश्वर,राम कुमारी, तथा बेसिक विद्यालय बल सिंह खेड़ा के शिक्षा मित्र कमलेश चंद्र, ललिता वर्मा को सम्मानित किया गया । ब्लाक प्रमुख ने विधवाओं को कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान धनपति देवी ने भी सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम विकास अधिकारी विनय कुमार सागर ,नीतू सिंह, अभिनव बाबू , पप्पी यादव, विक्रम सिंह रोजगार सेवक ,अंकित सिंह, गोविन्द तिवारी, सर्वेश कुमार,अरविंद कुमार, सुनील पटेल ,बीजक प्रकाश ,धीरज तिवारी आदि उपस्थित थे ।

# प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन मोहनलालगज के मंदिर मे भी दीप उत्सव मनाने की तैयारी

## कार्यक्रम में शामिल होने के लिये भेजे जा रहे आमन्त्रण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ,अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन को लेकर जहां एक ओर प्रदेश ही नही पूरी दुनिया में लोग उत्साहित दिख रही है।वही इसको लेकर मोहनलालगंज कस्बे के लोग भी उस दिन अयोध्या न पहुचने पर कस्बे के बाला जी मंदिर में अभी से तैयारी में जुट गए है।और प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन यहां के मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद दिवाली मनाने के लिये लोगो को आमंत्रित कर रहे है।इसको लेकर बकायदा मंदिर समिति ने अपनी कमेटी की बैठक कर सारी तैयारियो में जुटे हुए है।

कमेटी के देवेंद्र पांडेय बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन कस्बे के कालेबीर मंदिर परिसर को पूरी तरह झालरों से सजाकर बालाजी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा इसके बाद आरती पूजन पूरे मंदिर परिसर में मिट्टी के दीपकों को जलाने के साथ

**झालरों और फूलों से सजेगा मंदिर**

**संगीतमय सुंदरकांड से होगी शुरुआत**

आतिशबाजी भी जाएगी।आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जायेगा।इसके लिये समिति ने सभी सदस्यों को अवगत करा दिया गया।और मंदिर में आयोजन दीप जलाने के लिये सम्मलित होने के लिये अभी से आमंत्रित किया जाना शुरू कर दिया गया।सीमित के मनोज यादव ने बताया कि मंदिर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये अभी से ही कारीगर और मिट्टी के दियो के लिये ऑर्डर कर दिया गया ।इसके साथ पहले से मंदिर को फूलों से सजाने का अभी से ऑर्डर दे दिया गया है।वही प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने के लिये परिवार सहित लोगो को आमन्त्रण भेजा जा रहा है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का भेजा गया जेल

लखनऊ । सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने 12 जनवरी 2024 को नाबालिग को भगा ले जाने व उसके साथ दुराचार करने के आरोपी गिरफतार करके जेल भेज दिया है। आरोपी फरार चल रहा था। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार विगत 20 सितंबर 2022 को क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने ग्राम लखनपुर थाना मुफ्फसिल झारखंड निवासी रहमत शेख पर अपनी नाबालिग बहन को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था ।तब से अब तक आरोपित फरार था। वह सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके रह रहा था। शुक्रवार की सुबह मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर उसे अंसल से गिरफ्तार कर भेज दिया गया।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बड़ौदा किसान पखवाड़ा का छठा संस्करण सम्पन्न

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बैंक ऑफ़ बड़ौदा बैंक ने भारतीय किसानों के साथ अपने वार्षिक आउटरीच कार्यक्रम बड़ौदा किसान पखवाड़ा के छठे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया। कृषि उत्सव के दौरान, बैंक ने देश भर में 465,000 से अधिक किसानों को अपने साथ जोड़ा और समग्रतः 2,200 करोड़ रुपये से अधिक के कृषि ऋण मंजूर किए। किसान पखवाड़े के दौरान बैंक ने किसानों की बैठकों, चौपाल, किसान मेलों और स्वास्थ्य शिविरों मृदा, पशुओं और किसानों के लिए संबंधी विभिन्न आयोजन किए।

# सिंगाही में अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## नगर पंचायत की सरकारी जमीन पर कब्जा करना पड़ा भारी

## सरकारी जमीन पर किया था कब्जा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिंगाही-खीरी। नगर पंचायत की करोड़ों की सरकारी जमीन पर दंबगई के बल पर अपनी दुकान बनाकर पक्का निर्माण करना भारी पड़ गया।नगर पंचायत प्रशासन के साथ पहुंचे नायब सिगांही पुलिस फोर्स के साथ भूमाफियाओं के निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया है।

राजस्व टीम व नगर पंचायत प्रशासन की कार्रवाई से नाजायज कब्जे कर सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले दबंगो में हड़कंप मच गया है।रविवार को कस्बे की महरानी सुरथ कुमारी रोड़ पर डाक्टर एन यू खान की क्लिनिक के पास डाक्टर एन यू खान महमूद गोपीलाल छोटे अतीक आदि लोगों ने नगर पंचायत की करोड़ों की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर अपनी दूकान बना ली दुकान बनाने की सूचना अधिशाषी अधिकारी अवधेश मिश्रा को मिली तो उन्होने सरकारी जमीन पर पक्का निर्माण को देखा और दुकान के स्वामियों को मौखिक रुप से निर्माण करने से रोका लेकिन सरकारी जमीन पर नाजायज कब्जाकर भूमि पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के कानों में जूं तक नही रेगी और सभी चारों दुकान स्वामी अपनी दुकान पर निर्माण करते गये कुछ दुकानदारों ने दुकान का निर्माण कर छत डाल ली और कुछ का निर्माण छत तक पहुंचा था की सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण करने का मामले की सूचना जिला अधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह को मिली डीएम ने सरकारी जमीन पर नाजायज कब्जा करने की घटना को तुरंत संज्ञान में लिया और निघासन एसडीएम अश्वनी कुमार तहसीलदार भीमचंद नायक दिव्यांशु शाही को मौके पर भेजा उपजिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्रा को मौके पर बुलाकर स्थिति का जायजा लिया नाजायज कब्जा कर रहे दुकानदारों को 12 घंटे के अंदर सरकारी जमीन खाली करने का आदेश दिया था।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने अतिक्रमण कर रहे लोगों को एक दिन में नाजायज कब्जा कर जमीन हथियाने वाले दुकान दारों को जमीन खाली करने की नोटिस दी थी लेकिन दबंग दुकानदारों ने एसडीएम के आदेश की खुले आम धज्जियां उड़ाकर रविवार से आज तक कितने 96 घंटे का समय बीत गया।

लेकिन किसी दुकानदार ने सरकारी जमीन से नाजायज कब्जा नहीं हटाया शुक्रवार को नायाब हरिराम व लेखपाल जगदीश व अधिशाषी अधिकारी अवधेश मिश्रा वरिष्ठ लिपिक अखिलेश अवस्थी नगर पंचायत कर्मचारी सुरेंद्र पाल सिंह सिंगाही थानाध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह व भारी पुलिस फोर्स के साथ नगर पंचायत के बुलडोजर को लेकर मौके पर पहुंच कर फौरन कार्यवाही करते हुए छज्जे गिरा दिये और दुकानदारों बाकी अतिक्रमण हटाने को दो दिन का समय दिया है इस सम्बंध मे ईओ सिंगाही अवधेश मिश्रा से दूरभाष से बात करने की के लिए फोन कर जानकारी करनी चाही साहब ने फोन उठाना मुनासिब नही समझा नायब हरीराम भी कोई जवाब नही दे सके उन्होंने ईओ से बात करने की नसीहत दी है।

# युवा ही भारत की दशा बदलने में कारगर: राजेश शुक्ला

## प्रत्येक युवा भारत को विश्व गुरु बनाने में सहायक बने: गुरजीत सिंह

## विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा लें युवा: सचिन मिश्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर भाजयुमो द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन बिसवां विधानसभा के शान्ति देवी इण्टर कॉलेज में भाजयुमो जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा की अध्यक्षता में किया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मंत्री भाजयुमो गुरजीत सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री तरुण शुक्ला ने किया। भाषण प्रतियोगिता में एक दर्जन से अधिक युवाओं ने भाग लिया जिसमें पहले स्थान पर निधी यादव, दूसरे पर रिशु मिश्रा, तीसरे पर नम्रता मौर्या, चौथे पर साक्षी त्रिपाठी व पांचवें स्थान पर कृष्णा शुक्ला रहे। एक तरफ जहां भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही वहीं क्षेत्रीय मंत्री गुरजीत ने स्वामी विवेकानंद के कई उपदेशों के बारे में युवाओं के मध्य रखा।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा ने युवाओं में उत्साह भरते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विद्यार्थियों को मार्ग दिखाते हुए कहा है कि ''उठो, जागो और अपने लक्ष्य पर पहुंचने तक मत रुको।'' सचिन मिश्रा ने युवाओं से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक समय अपने चरित्र और शैक्षिक निर्माण में दें। कार्यक्रम में जज के रूप में अखिलेश शुक्ला, कौशल दीक्षित, अरुण मिश्रा रहे। शान्ति देवी इण्टर कॉलेज के प्राचार्य सुधांशु शुक्ला ने इस आयोजन की सराहना करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित किया। भाजपा पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, जिला मंत्री उदित बाजपई, राम प्रताप सिंह, कामेश शुक्ला, कामेश शुक्ला, राजा शुक्ला व भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष हरिशंकर भार्गव उपस्थित रहे।

# जिधर जवानी चलेगी उधर जमाना चलेगा: गिरिश चन्द्र



खैराबाद । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खैराबाद नगर के सरस्वती शिशु मन्दिर सभागार में विवेकानंद जयंती मनाई गई।जिसमें मुख्य अतिथि मा. नगर संघचालक श्री मान सविनय जी, मुख्य वाक्ता- श्री मान गिरिश चन्द्र जी का उद्बोधन प्राप्त हुआ।उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के चरित्र के बारे बताया और युवाओं के बारे बहुत कुछ बताया। उन्होंने बताया कि युवा ही देश का भविष्य है और कहा जिधर जवानी चलती है उधर जमाना चलता है।

और बताया कि विवेकानंद जी पूर्ण ब्रह्मचर्य थे और उन्होंने भगवान के दर्शन भी किये कार्यक्रम में विभाग शा. शि. प्रमुख, नगर कार्यवाह, बौद्धिक प्रमुख अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# बेजुबानों को पंचायत भवनों में बंद करने का सिलसिला जारी

## पंचायत सहायक बेजुबानों को देख कर पंचायत भवन बंद कर किया पलायन

## गौवंशो से नाराज किसानों ने पंचायत भवन में किया बंद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मछरेहटा-सीतापुर । ब्लाक मछरेहटा क्षेत्र के अंतर्गत 10 ग़ोशालाये बनकर तैयार है जिनमे में 10 गौशालाओ का संचालन भी किया जा रहा है बावजूद भी किसानों व ग्रामीण लोगो को अपनी फसल बचाने के लिए रात भर जाग जाग कर रखवाली करना पड़ रहा है क्षेत्र भर में पशुपालन विभाग के पशुधन प्रसार अधिकारी डा प्रमोद कुमार मौर्य ने बताया कि एक नवम्बर से आज तक लगभग 727 गौवंशो को पकड़कर मछरेहटा ब्लाक क्षेत्र में बनी दस गौशालाओं में संरक्षित किये जाने की पुष्टि की गई जबकि ब्लाक के अंतर्गत आवारा पशुओं के झुंड के झुंड देखे जा सकते है बताते चले कि गौवंशों से परेशान किसान अपनी समस्याएं जब प्रधान या सचिव से कहता है तो कोई सकारात्मक जवाब नही मिलता है इसका एक उदाहरण 3 दिन पूर्व ग्राम पंचायत मिरचौड़ी के पंचायत भवन में बेजुबानों को बंद करने का आ चुका है बावजूद शुक्रवार को ग्राम पंचायत पहाड़पुर में इन गौवंशो से आजिज आकर उन्हें ग्रामीणों ने बंद कर दिया जिसके बावत पूछे जाने पर ग्राम सचिव राजेन्द्र सिंह ने घुमा फिरा करके बताया कि गौशाला में ले जाने के लिए गौवंशो को इकट्ठा किया जा रहा था । मजेदार सवाल तो यह है कि गोवंश इकट्ठा करने का स्थान क्या पंचायत भवन ही है ,जबकि उस समय वहां बाकायदा कार्य भी चल रहा था ।

# झांडियों में बिस्फोटक बम मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कम्प



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मिश्रित /सीतापुर । कोतवाली मिश्रिख क्षेत्र के ग्राम भटपुरवा मजरा हांसखेडा में आज सुबह शौंच गए ग्रामीणों ने झांडियों में बिस्फोटक ग्रेनेड बम पड़ा देखा । बम पड़े होने की खबर जंगल में आग तरह समूचे क्षेत्र में फैल गई । जिससे लोगों में हड़कम्प मच गया । ग्रामीणों ने बम पड़ा होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी ग्रामीणों को वहां से हटा कर जांच पड़ताल की । बतातें चलें कि 22 जनवरी को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर इस समय प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर चल रहा है । थाना कोतवाली मिश्रिख क्षेत्र के ग्राम भटपुरवा में गांव के बाहर स्थित प्रमोद सिंह के समर के पीछे झाड़ियां में बिस्फोटक बम पड़ा होने की सूचना मिलते ही कोतवाल मनीष कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए । वहां सैंकड़ों की संख्या में एकत्रित ग्रामीणों को हटाकर जनपद के उच्च अधिकारियों को सूचना दी । झांडियों में मिले विस्फोटक बम की अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है । सूचना पर लखनऊ से बम निरोधक दस्ते की टीम को बुलाया गया है । जो जांच पड़ताल कर रही है । इस मौके पर नवागत सीओ राजेश कुमार यादव , एलआईयू विभाग अधिकारी आदि उपस्थित हैं ।

# अचानक लापता हुए युवक युवती, दस दिन बाद युवक की मिली लाश



ओयल-खीरी। जनपद खीरी के ओयल कस्बे से लगभग बीते दस दिनों पूर्व विशेष समुदाय का युवक आदिल पुत्र मैनुद्दीन निवासी मोहल्ला जुलाहन टोला ओयल एवं युवती शशि अवस्थी पुत्री जयंती अवस्थी निवासी मोहल्ला जगतिया पोस्ट ओयल लापता हो गए थे जिसके चलते युवती के परिवारी जन जयंती अवस्थी के द्वारा खीरी थाना पर तहरीर देकर विशेष समुदाय के युवक आदिल के विरुद्ध धारा 363 एवं 366 के तहत मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था उसके बाद से ही स्थानीय पुलिस खीरी पुलिस पूरी तत्परता से मामले की जांच में जुट गयी थी जिसके साथ ही दोनों युवक युवती के जूते जूती, शाल, हेडफोन, मोबाइल शारदा सहायक ब्रांच ग्राम साड़ीनामा के पास से पड़े मिले थे ।

जिसके फलस्वरूप पुलिस ने अमृतागंज से गोता खोर बुला कर नहर में तलाश जारी की थी किन्तु दोनों युवक युवती का कोई पता नहीं चल पाया था उसके बाद से पुलिस सीडीआर और लोकेशन के आधार पर एवं संदिग्ध व्यक्तियों, युवक के मित्रो, रिश्तेदारो से गहनता से पूछताछ कर रही थी लेकिन घटना के करीब दस दिन बीत जाने के बाद भी लापता हुए युवक युवती का कोई सुराग नहीं लग पाया था पुलिस के हाथ खाली थे घटना के दस दिन बीत जाने के बाद अचानक पुलिस को लोगो से सूचना मिलती है कि उसी शारदा नहर में झाल के पास किसी की लाश पड़ी हुई है मौके पर तत्कालीन ओयल पुलिस चौकी इंचार्ज लल्ला गोस्वामी, एसएसआई विनोद सिंह, एस एच ओ खीरी अजीत सिंह, एडिशनल एस पी नेपाल सिंह एवं कई थाने की पुलिस फ़ोर्स मौके पर पहुंची मिली लाश को नहर के किनारे निकाला गया, विशेष समुदाय के युवक आदिल के पिता मैनुद्दीन को बुला कर शिनाख्त करवाई गयी तो उसने बताया कि यह मेरा पुत्र आदिल है लाश की जमा तलाशी पुलिस ने करवाई जिसमे जेब में 20 रूपए की नोट एवं लापता युवती शशि अवस्थी का आधार कार्ड बरामद हुआ है लाश को पुलिस के द्वारा सर्व शील करके पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया उसके पश्चात पुलिस द्वारा शारदा नगर से गोता खोर बुलाये गए पुलिस द्वारा अनुमान लगाया गया कि नहर में कही युवती की भी लाश तो नहीं है गोता खोर द्वारा नहर में युवती की तलाश की गयी लेकिन गोता खोरो के हाथ खाली निकले।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ,विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली शोभायात्रा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मछरेहटा-सीतापुर । अयोध्या मे निर्माणाधीन भव्य मंदिर मे बाईस जनवरी को श्रीराम लला की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह होना है जिसे लेकर निमंत्रण के रूप मे देशव्यापी अक्षत वितरण कार्यक्रम चल रहा है । शुक्रवार को मछरेहटा कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद , बड़ा हनुमान मंदिर के महंत प्रीतमदास के नेतृत्व मे विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे कस्बे के गणमान्य नागरिकों के अलावा ,विद्यालयों के बच्चे और दूर-दराज गांवों से आए सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। शोभायात्रा हनुमान मंदिर से निकलकर फूलमती मंदिर होते हुए भारासेनी माता के दरबार पर संपन्न हुई । हाथों मे भगवा ध्वज लिए सैकड़ों लोगों ने जय श्रीराम के उद्घोष से पूरे कस्बे को गुंजायमान कर दिया । पंडित दिनेश अवस्थी के द्वारा रामलला का पूजन अर्चन किया गया । यात्रा के समापन पर भण्डार का आयोजन हुआ।

# स्वामी विवेकानंद ने विश्व में भारत की गरिमा बढ़ाई : रिंकू

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर नगर पालिका गोला में गोष्ठी आयोजित




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्ती पर आज नगर पालिका परिषद गोला में गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा युवाओं के द्वारा मानव श्रृंखला बना कर एकता का संदेश दिया गया।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा लेनी चाहिए, उन्होंने विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया। इस अवसर पर सभासद हरिओम वर्मा, मोहित कनौजिया, राजेश वर्मा, शोभित सिंह, सब्बन खान, इजरान अहमद, अनिल गुप्ता, धीरज वाजपेयी, रेखा मिश्रा, गीता विश्वकर्मा, सुनील मिश्रा, हिमांशु सिंह, सोनू त्रिवेदी, मोहित गिरी, संदीप वर्मा, मोहित अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# मोहम्मदी में अयोध्या से आया अक्षत कलश, घर-घर वितरित किए जा रहे पीले चावल

## भगत सिंह बस्ती में ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर लोगों ने अक्षत कलश का किया स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहम्मदी-खीरी।नगर में अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत वितरण का कार्यक्रम चल रहा है।अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत को बस्ती बनाकर वितरित किया जा रहा है अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूरे देश के लोगों को जोड़ने के लिए जगह-जगह निमंत्रण दिए जा रहे हैं।अयोध्या से पूजित अक्षत को पूरे देश में लोगों को निमंत्रण के तौर पर भेजा जा रहा है।मोहम्मदी में भी पूजित अक्षत पहुंच गया है।इसी क्रम में नगर के मोहल्ला पूर्वी लेक्सपेड़ा भगत सिंह बस्ती वार्ड नंबर 5 में अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत ढोल नगाड़ों के साथ घरों में रंगोली बनाकर आरती कर पूजित अक्षत का स्वागत किया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं ने वितरण का कार्यक्रम किया गया।भगत सिंह बस्ती में वितरण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया,जिला संघ चालक अमित भसीन,संयोजक रोहित कुमार मिश्रा,समाजसेवी शिवम राठौर,दिलीप श्रीवास्तव,कैलाश बाजपेई,नगर प्रचारक अभिषेक, बृजकिशोर शर्मा सहित सैकड़ो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं ने मोहल्लों में जाकर स्थानीय लोगों को पूजित अक्षत देकर भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया।अक्षत वितरण के दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### क्या है आरएसएस की अपील

जिला संघ चालक अमित भसीन ने बताया कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण पूर्ण हो रहा है।इसे लेकर मोहम्मदी नगर एवम् क्षेत्र के सभी गांव में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण अक्षत कलश का एक दाना पीला चावल देकर दिया जा रहा है। हालांकि सभी लोग अयोध्या नहीं जा सकते वहां निश्चित संख्या में आगंतुक होंगे।यह मानकर की हमारे घर में भगवान राम का आगमन हुआ है,अपने घर,मोहल्ले में अयोध्या जैसा उत्सव मनाएं,दीपक जलाएं। लोगों से आग्रह करेंगे कि राम चरित मानस जैसे कार्यक्रम आयोजित करें।

# मौसम के बर्फीले तेवर ने सिहरन बढ़ाई

वाराणसी। वाराणसी सहित पूर्वांचल के जिलों में मौसम के बर्फीले तेवर ने सिहरन बढ़ा दी है। शुक्रवार को धुंध और कोहरे के साथ बर्फीली हवाओं से लोग जूझते रहे। हालांकि दोपहर में धूप जरूर निकली लेकिन गलन और धुंध के चलते बेअसर रही।मौसम के तेवर में बदलाव से बाजारों में दोपहर के बाद ही चहल-पहल दिख रही है। ठंड के चलते विद्यालयों का समय भी बदल गया है। पछुआ हवाओं में नमी अधिक होने से स्कूल आने-जाने वाले बच्चे गर्म कपड़ों में अपने को ढ़कते रहे। गुरुवार से ही ठंड और गलन ने फिर पांव पसारना शुरू कर दिया है। शुक्रवार अपराह्न एक बजे वाराणसी का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम 09 डिग्री सेल्सियस, हवा की रफ्तार 10 किमी प्रतिघंटा, नमी 75 फीसदी रही।मौसम में बदलाव की वजह से तापमान दस डिग्री सेल्सियस से कम हो गया है। मौसम में बदलाव की वजह से पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। जबकि न्यूनतम तापमान भी तीन डिग्री सेल्सियस कम हो गया। बीते बुधवार को अधिकतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस, गुरुवार को 19.2 और न्यूनतम तापमान 12.5 से कम होकर 9.5 पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अगले तीन-चार दिन तक ऐसे ही मौसम रहने के आसार हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची शिवपुरी गांव

## केंद्र की योजनाओं पर डाला प्रकाश, लाभार्थियों को प्रमाण पत्र किए वितरित




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मितौली/फत्तेपुर-खीरी। विकसित भारत संकल्प यात्रा मितौली विकासखंड के ग्राम पंचायत शिवपुरी पहुंची। विभिन्न विभागो द्वारा कार्यक्रम स्थल पर स्टाल लगाकर भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ के बारे में विस्तृत बताया गया। कार्यक्रम स्थल पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुँचा। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद रेखा अरुण वर्मा प्रतिनिधि सुमित तिवारी व अन्य सभी अतिथियों का सम्मान प्रधान प्रतिनिधि संतोष राठौर व मन्नालाल राठौर द्वारा माल्यार्पण कर किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में आये लोगो को संबोधन में सुमित तिवारी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार गरीबों व समाज से वंचितों के लिये कार्य कर रही है। भारत सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओ के बारे में विस्तृत बताया। उन्होने कहा केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा देश के हित में कराए गए विकास कार्यो व आप सभी के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए हम आपके बीच सरकार का रिपोर्ट कार्ड लेकर आए हैं कहा ऐसा पूर्व की सरकारो में नही हुआ मोदी के नेतृत्व में साढ़े नौ साल में बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास के साथ चलकर काम कर रही हैं।

ग्राम पंचायत सचिव रीतू यादव, दुर्गा अवस्थी व संतोष राठौर द्वारा विभिन्न योजनाओ के माध्यम के तहत गर्भधात्री महिलाओ की गोदभराई व प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा कार्ड, अन्नप्राशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर लेखपाल हरे राम मिश्रा, हरजेश सिंह कृषि विभाग, सतीश चंद्र मौर्य जल सिंचाई विभाग, रविंद्र राठौर प्रधान रामपुर रामदास, संजय राठौर प्रधान, आशीष मिश्रा शिवराजपुर,पंचायत मित्र, आशा,आंगनबाड़ी कार्यकर्ती तथा ग्राम पंचायत के नागरिक उपस्थित रहें।

# राजस्थान से भागकर आई नाबालिग को सीओ सिटी ने किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। प्बजी खेलते-खेलते सुल्तानपुर के लड़के का राजस्थान की एक नाबालिग लड़की से संपर्क हो गया। कुछ दिनों में ही युवक ने लड़की को अपने प्यार के झांसे में ऐसा फंसाया कि नाबालिग लड़की राजस्थान से भागकर सुल्तानपुर में अपने प्रेमी के पास पहुंच गई। उधर राजस्थान पुलिस ने यहां की पुलिस से संपर्क साधा। आखिर सीओ सिटी शिवम मिश्रा के नेतृत्व में लगी सर्विलांस टीम ने लड़की सकुशल बरामद करते हुए महिला थाने पर भेजा है। राजस्थान से पुलिस व लड़की के परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दरअस्ल ये पूरा मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के बहादुरपुर का है। जहां



## पबजी के जरिये हुआ था प्यार

के रहने वाले युवक नवाब अली पुत्र बब्बन अली का राजस्थान के चूरू जिले की एक नाबालिग लड़की से प्बजी खेलते हुए संपर्क हो गया। थोड़े समय की बातचीत प्रेम प्रसंग में बदल गई। नवाब ने फोन पर प्यार का ऐसा झांसा दिया कि नाबालिग लड़की ने घर परिवार सब त्याग करते हुए अकेले राजस्थान से सुल्तानपुर के लिए निकल ली। वो ट्रेन से यहां के लिए चल पड़ी और कल यहां पहुंच भी गई। उधर राजस्थान में लड़की के परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वालो ने चूरू पुलिस में शिकायत किया। शिकायत पर तत्काल पुलिस हरकत में आई। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि बेटी मोबाइल साथ लेकर निकली है। इस पर पुलिस को लड़की तक पहुंचने में आसानी हुई। राजस्थान पुलिस ने सर्विलांस की मदद से लोकेशन सर्च किया। जैसे ही सुल्तानपुर का लोकेशन ट्रेस हुआ वहां की पुलिस ने फौरन यहां की पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने सर्विलांस तंत्र का सहारा लिया और लड़की को आरोपी नवाब अली के घर से बरामद किया। बताया जा रहा है कि लड़की दूसरे धर्म की है। सीओ सिटी ने लड़की को महिला पुलिस के हवाले किया और राजस्थान पुलिस को सकुशल बरामदगी की सूचना दिया। इस पर वहां की टीम लड़की के पिता को लेकर यहां पहुंची है। सीओ ने बताया कि जांच पड़ताल जारी है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जरूरतमंदों की भूख मिटा रहा राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ सप्ताह में एक दिन जनसहयोग के माध्यम से जरूरतमंदों की भूख मिटा रहा है। बृहस्पतिवार की देर शाम जिला अस्पताल में 300 और रेलवे स्टेशन पर 100 लोगों को स्वादिष्ट भोजन की थाल वितरित की गई। भोजन के मेन्यू में दाल, चावल, रोटी और सब्जी को शामिल किया गया था।राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में बृहस्पतिवार देर शाम जिला चिकित्सालय में निशुल्क भोजन वितरण का आयोजन किया गया। निःशुल्क भोजन वितरण मरीजों और उनके तीमारदारों को थाली देकर किया। यहां पर 300 मरीजों और उनके तीमारदारों को भोजन थाल वितरित की गई। जिला अस्पताल के बाद रेलवे स्टेशन पर भोजन वितरण का सिलसिला शुरू हुआ। सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन पर 100 लाभार्थियों को भोजन की थाल



वितरित की गई। जिला अस्पताल और रेलवे स्टेशन पर कुल 400 जरूरतमंदों की भूख संघ की ओर से मिटाई गई। संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने कहा कि सभी के सहयोग से भोजन वितरण का कार्य संपन्न हो रहा है। जैसे-जैसे सहयोग करने वालों की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे भोजन की थाल में भी बढ़ोतरी की जाएगी। भोजन वितरण में प्रदीप श्रीवास्तव, नफीसा बानो, सत्य प्रकाश वर्मा, डॉ. शादाब खान, विजय निगम, हसन वारिस बाबा,राज कुमार यादव, संतोष चैरसिया, मुहम्मद मुज्तबा अंसारी, राशिद वर्दी टेलर, चुन्ने, भोलू, इस्लाम खान पप्पू, दानिश खान, सुफियान खान, सुल्तान महमूद आतिफ़ खान अफ्तार अहमद जावेद अहमद आदि का सहयोग रहा।

# श्रीराम चरणपादुका यात्रा के मददेनजर अतिक्रमण व साफ-सफाई अभियान का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। आगामी अयोध्या में आयोजित होने वाले रामोत्सव कार्यक्रम व श्रीराम चरणपादुका यात्रा के दृष्टिगत चल रहे अतिक्रमण हटाने के कार्य, साफ-सफाई अभियान, सौंदर्यीकरण आदि के कार्यो का जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) पंकज सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये । डीएम ने अधिशासी अभियन्ता पी0डब्ल्यू0डी0 को निर्देशित करते हुए कहा कि गोपालदास पुल का निर्माण कार्य 15 जनवरी, 2024 तक पूर्ण कर आम जनमानस के लिये खोल दिया जाय। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ तिकोनिया पार्क से पयागीपुर चैराहे तक हटाये गये अतिक्रमण कार्य के अवलोकन के दौरान शाहगंज चैकी के पास फुटपाथ पर फल विक्रेता व चाय की दुकान को फुटपाथ से

## डीएम ने सम्बन्धित विभागों को अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कराने के दिये गये सख्त निर्देश

दूर हटाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अब कोई भी फुटपाथ पर दुकान नहीं लगायेगा और न ही दुकानों के सामने पार्किग की जायेगी। सभी सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा पयागीपुर चैराहे से अमेठी बार्डर तक चल रहे साफ-सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ-सफाई अभियान का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बचे हुए कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने रोड पर अवैध पार्क किये गये ऑटो रिक्शा/टेम्पो/बाइक आदि का चालान करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर शिवम मिश्रा को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां भी अतिक्रमण हटाया गया है, वहां पर दुबारा फिर से अतिक्रमण न हो यह सुनिश्चित किया जाय।

# वृद्धाश्रम में मिष्ठान वितरण कर मनाया प्रियंका गांधी का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर भारी संख्या में मौजूद पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में केक काटकर एवं एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। तत्पश्चात भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता शहर स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचे, जहां लोगों को फल एवं मिष्ठान वितरण कर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के लंबी उम्र एवं उनके दीर्घायु होने की कामना की। वरिष्ठ नेता लाल पद्माकर सिंह, नफीस फारुकी, तेज बहादुर पाठक, ओपी चैधरी समेत सभी लोगो ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना किया। कांग्रेस



जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी हम सब की प्रिय नेता हैं जिन्होंने 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' नारे को बुलंद कर देश व प्रदेश की बेटियों व महिलाओं को सशक्त बनाया। वहीं उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों से देश व प्रदेश तंग है, देश में महंगाई भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देकर देश की बेटियों के साथ उत्पीड़न कर रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद के क्षेत्र में गैंगरेप जैसी जघन्य वारदात को अंजाम देने वाले भाजपा से जुड़े नेता है। 2 महीने से अधिक का समय बीत गया लेकिन इन पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई इससे यह साबित होता है कि भारतीय जनता पार्टी महिला विरोधी है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सबसे ज्यादा महिलाओं पर उत्पीड़न हुआ है देशभर में गुंडे व माफियाओं का राज है। फर्जी एनकाउंटर समेत महिला उत्पीड़न रोकने में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार रोकने में पूरी तरह से नाकाम है, इनकी जन्म विरोधी नीतियों को उजागर करने वाले विपक्ष के नेताओं पर इनकम टैक्स, सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों को इस्तेमाल कर उन्हें डरा धमका कर जेल भेज दिया जाता है। लेकिन अब देश की जनता इनकी जन विरोधी नीतियों को समझ चुकी है आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देकर इन्हें सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। इस मौके पर फिरोज अहमद खान योगेश सिंह मिर्ज़ा अकरम बेग राहुल त्रिपाठी सुब्रत सिंह सनी कमर खान पवन मित्र नन्हे पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा अमोल बाजपेई सुरेंद्र शुक्ला हौशिला भीम निकलेश सरोज राम कुमारी मीनू यादव रेनू चैहान विजयपाल मनमुन आलम आवेश अहमद शाहबाज जनार्दन शुक्ला ओमप्रकाश त्रिपाठी चैटाला धर्मराज मिश्र प्रदीप सिंह ओमप्रकाश दुबे देवेंद्र तिवारी बलराम तिवारी राहुल मिश्रा शीतल साहू आदि लोग मौजूद रहे।

## श्रीराम मंदिर निर्माण सनातनियों के जीवन का सौभाग्य - महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन

गाजीपुर। अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्मभूमि पर उनके मंदिर का निर्माण और उस मंदिर निर्माण के समय हम सभी का इस धरा पर होना जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। धरा के आराध्य भगवान श्रीराम के खुद उनके ही जन्मभूमि पर उनका विशाल मंदिर बनने में सैकड़ों वर्ष लग गए। लगभग 500 वर्षो के झंझवातों के बाद आज पुनीत समय आया है, जब हम प्रभु के भव्य मंदिर निर्माण व मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति का दर्शन कर सकेंगे। उपरोक्त बातें शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के सिद्धपीठ हथियाराम मठ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति जी महाराज भारत अभ्युदय श्री राम रथ का शुभारंभ करते हुए कहा। प्राण प्रतिष्ठा प्रचार अभियान समिति काशी प्रांत संयोजक डॉ. संतोष यादव के नेतृत्व में निकली यह भारत अभ्युदय श्रीराम रथ यात्रा जनपद के सभी नगरों और गांव में घूम-घूम कर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन लोगों से अपने-अपने घरों में उत्सव मनाने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया जा रहा है। प्रचार रथ के माध्यम से लोगों से आह्वान किया गया कि आगामी 22 जनवरी को जिस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर में उनकी मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा होगा।

## उप्र में पछुआ हवाओं से दिन में भी गलन बरकरार

कानपुर । उत्तर प्रदेश में बीते तीन दिनों से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। धूप निकलने से कोहरा जल्दी छट जाता है। इससे वाहन चालकों को काफी राहत मिल रही है लेकिन पछुआ हवाओं के चलने से गलन बरकरार है। मौसम विभाग का कहना है कि न्यूनतम तापमान लगातार नीचे गिर रहा है। इससे लोगों को फिलहाल गलन से राहत नहीं मिलने वाली है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस. एन. सुनील पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि 15 जनवरी के आसपास पूर्वोत्तर मानसून की समाप्ति के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं। पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और आसपास के इलाकों पर बना हुआ है। पछुआ हवाओं के चलने से हिमालय से सर्द हवाएं गंगा के मैदानी इलाकों पर बराबर आ रही हैं। इससे दिन में भी गलन बनी हुई है। इस तरह का मौसम अभी एक सप्ताह तक बने रहने के आसार हैं। सिहरन भरी सर्दी लोगों को परेशान करती रहेगी। न्यूनतम तापमान में अधिक गिरावट के चलते अधिकांश जनपदों में कोल्ड डे की स्थितियां बन गई हैं। उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 17.4 और न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 94 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 64 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 2.8 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अगले पांच दिनों तक आसमान साफ रहेगा। सुबह एवं रात के समय शीत लहर/घने कोहरा छाये रहने के आसार हैं। दोपहर बाद धूप निकलने की संभावना है परंतु दिन में भी गलन वाली सर्दी बनी रहेगी।

## अब 18 जनवरी तक खुला रहेगा छात्रवृत्ति पोर्टल, 22 तक जमा करें हार्डकॉपी

मीरजापुर। दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत आनलाइन आवेदन के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल के खुलने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब छात्र-छात्राएं 18 जनवरी तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे और 22 जनवरी तक हार्डकॉपी शिक्षण संस्थान में जमा करना होगा। कोई त्रुटि होने पर 12 फरवरी से 15 फरवरी तक सुधारकर शिक्षण संस्थान में जमा किया जा सकेगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत निर्गत समय सारिणी के अनुसार 22 सितंबर 2023 से छात्रवृत्ति वेबसाइट द्वप्ध्य ःदद्बधद्यथन्पद्बद्ब.फ्.द्बधप.द्बद्ब पर आनलाइन आवेदन शुरू किए गए हैं। शासन स्तर से निर्गत संशोधित समय सारिणी के अनुसार छात्रवृत्ति पोर्टल 18 जनवरी 2024 तक छात्र-छात्राओं के आनलाइन आवेदन करने के लिए खुला रहेगा। छात्र-छात्राओं ने आनलाइन आवेदन के उपरांत हार्डकॉपी समेत सभी अपेक्षित प्रमाण-पत्र 22 जनवरी 2024 तक शिक्षण संस्थान में जमा कर सकेंगे। छात्रों के आनलाइन आवेदन पत्रों को 23 जनवरी 2024 तक शिक्षण संस्थान स्तर से आनलाइन सत्यापित व अग्रसारित किया जाएगा। स्क्रुटनी के उपरांत संदेहास्पद श्रेणी में चिन्हित व त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को 12 फरवरी से 15 फरवरी 2024 तक सुधारकर शिक्षण संस्थाओं में जमा किया जा सकेगा। त्रुटियों को ठीक कर जमा किए गए आवेदन पत्रों को शिक्षण संस्थान स्तर से संलग्न अभिलेखों का मिलान कर 17 फरवरी 2024 तक आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जाएगा।

## परमट मंदिर के सेवादार की हत्या का खुलासा, बेटा ही निकला कातिल

कानपुर। ग्वालटोली थाना की पुलिस ने शुक्रवार को परमट मंदिर के सेवादार की हुई हत्या का खुलासा कर दिया है। मृतक के बेटे समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह जमीन विवाद में अपने विरोधियों को फंसाने के लिएहुई थी। बेटे ने अपने फुफ़ेरे भाई के साथ मिलकर गोली मार कर पिता को मौत के घाट उतारा था। पुलिस उपायुक्त मध्य प्रमोद कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि परमट मंदिर के सेवादार रहे कन्हैयालाल की हत्या मामले में उनके ही बेटे संदीप कुमार कश्यप और उन्नाव निवासी अजय कुमार कश्यप को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त मध्य ने बताया कि गिरफ्तार संदीप कुमार का जमीन को लेकर श्याम नारायण बाजपेयी से पुराना विवाद चल रहा था। विवाद को समाप्त करने तथा अपने विरोधियों को ठिकाने लगाने की नियत से उसने अपने पिता की मारने की योजना बनायी थी। इसी के तहत उसने अपने बुआ के बेटे अजय कश्यप उर्फ सुदामा की मदद से घटना को अंजाम दिया।

## घर-घर बांटा गया प्राण प्रतिष्ठा का पूजित अक्षत

मुरादाबाद । भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या जी से आए पूजित अक्षत वितरण कार्यक्र महानगर में शुक्रवार को भी जारी रहा। इस दौरान लोगों ने मंदिर स्वरूप आकृति की आरती उतारी और अक्षत वितरण करने वालों का पुष्प वर्षा से स्वागत अभिनंदन किया। अक्षत वितरण कांठ रोड स्थित मोरा मिलक आशियाना, रामगंगा विहार के ईडब्ल्यूएस क्षेत्र, अरन्या सिगनेचर आदि स्थानों पर हुआ।

## भारत और ऑस्ट्रिया के बीच है मजबूत संबंधः माइकल पाल

मेरठ। भारत में ऑस्ट्रिया दूतावास के निदेशक सांस्कृतिक मंच माइकल पाल ने कहा कि ऑस्ट्रिया और भारत के बीच दशकों से मजबूत संबंध हैं। हम दोनों देशों के बीच कारोबारी, शैक्षिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने के लिये प्रतिबद्ध हैं। माइकल पाल शुक्रवार को मेरठ को आईआईएमटी विश्वविद्यालय में पहुंचे। आईआईएमटी विश्वविद्यालय का भ्रमण करते हुए माइकल पाल ने यहां चल रहीं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने आईआईएमटी विश्वविद्यालय के विशाल परिसर और चारों ओर फैली हरियाली की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे माइकल पाल का स्वागत आईआईएमटी विश्वविद्यालय के निदेशक प्रशासन डॉ. संदीप कुमार ने किया। श्वेता रस्तोगी ने माइकल पाल का जीवन परिचय और ऑस्ट्रिया के बारे में जानकारी छात्रों को दी। माइकल पाल ने कहा कि ऑस्ट्रिया पहाड़ों और हरियाली से घिरा देश है। यहां 70 से 80 प्रतिशत एनर्जी जल स्रोतों से प्राप्त की जाती है। ऑस्ट्रिया में नौकरी या कारोबार करने के लिए जर्मन भाषा की जानकारी रखना आवश्यक है क्योंकि ऑस्ट्रिया का 70 प्रतिशत निर्यात जर्मनी को होता है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज, सुल्तानपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के इस कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ एके सिंह थे जिन्होंने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एमजीएस के वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश सिंह ने बताया की स्वामी विवेकानंद जैसा विद्वान सदियों में एक बार जन्म लेता है। उनके विचार युवाओं के लिए आदर्श और अनुकरणीय है। स्वामी जी युवाओं से कहते हैं की उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक आप अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर लेते हो। समाज के वे लोग जो आपकी मदद करते हैं उन्हें जीवन में कभी मत भूलना। आज युवाओं को अधिक से अधिक अध्ययन की आवश्यकता है। अध्ययन के लिए एकाग्रता जरूरी है और एकाग्रता के लिए ध्यान जरूरी है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ एके सिंह ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी सिर्फ राष्ट्र के ही नहीं बल्कि विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत



हैं। एक बार स्वामी विवेकानंद जी से लंदन के पत्रकारों ने कहा कि आपका भारत बिना युद्ध जीते कैसे महान है? स्वामी विवेकानंद ने कहा की हमारा राष्ट्र किसी राष्ट्र पर कभी आक्रमण या युद्ध नहीं किया है। इसलिए भारत एक महान राष्ट्र है। स्वामी विवेकानंद एक बार यात्रा पर जमसेद टाटा से मिलने पर कहा था की आप जिसकी प्राप्ति के लिए विदेश की यात्रा कर रहे हैं। उसकी प्राप्ति आप अपने देश में कर सकते है। जमसेद टाटा ने स्वामी जी के विचारों से प्रभावित होकर भारत में अपना सारा उद्योग स्थापित किया। स्वामी विवेकानंद एक प्रखर राष्ट्रवादी थे। इनके आदर्श व्यक्तित्व के बारे में भूपेंद्र नाथ ने पुस्तक में लिखा की विवेकानंद कहते थे की जब जीवन में पुण्य होता है तब हमें मानव जीवन मिलता है लेकिन उससे अधिक पुण्य होने पर भारत जैसे राष्ट्र में जन्म लेने का सौभाग्य मिलता है। वर्तमान समय में युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचार को पढ़कर जीवन में उतारना चाहिए। मंच संचालन उप प्राचार्य विचित्र वीर सिंह ने किया। प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने विवेकानंद जी के जीवन के आदर्शों को बताया और आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राहगीर हो या यात्री, रात्रि में भ्रमण कर जरूरतमन्दों को दिया गया कम्बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शीतलहरी और सर्द पछुवा हवाओ से हांड कंपाने वाली ठंड के कारण निर्धन, असहाय, बेसहारा, यात्रियों, सड़क के किनारे विश्राम करने वाले लोगो को ठंड से बचाने के लिए निःशुल्क कम्बल उपलब्ध कराने पहुँचे राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के वॉलिंटियर्स। कोहरे का चादर लपेटे मौसम में देर रात राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में दर्जनों समाजसेवियों की टीम ने सुल्तानपुर नगर में उच्च गुणवत्ता के कम्बल लेकर भ्रमण किया। ठंड से कंपकँपा रहे लोगो को जब रात में अचानक कम्बल मिला तो यह लोग खुश हो गए और युवाओं को धन्यवाद और आशिर्वाद देते हुए भावुक हो गए। देर रात कम्बल वितरण होता देख लोगो ने कहा कि कम्बल वितरण कर सर्दी से ठिठुरते, गरीब, असहाय के चेहरे पर



मुस्कान ला दी। गोद मे बच्चा लिए महिला यात्रियों का तो खुशी का मंजर भावुक कर देने वाला रहा। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के देर रात कम्बल वितरण मुहिम के पहले रात में कुल '21 कम्बल'वितरित किया गया। जिसमें 'रेलवे स्टेशन पर 11, बस स्टेशन पर तीन डाकखाना चैराहे पर एक ,सूरज टाकीज चैराहे पर एक, चैक में एक, असरोगा में चार' जरूरतमन्दों को निःशुल्क कम्बल वितरित किया गया। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि हमारी टीम अभी छोटी है। जंन सहयोग के माध्यम से और हम सब अपनी कमाई के पैसे से एक-एक कम्बल की कीमत जुटा कर उससे बेहतर गुणवत्ता वाले कम्बल की खरीद की गयी ।जो जरूरतमन्दों को निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत सुल्तानपुर शहर से की गई है।कस्बों और ग्रामीण इलाके में भी इस मुहिम को लेकर कार्यकर्ता जायेगे। हम सब खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वाले गरीबो को तक पहुँचने का कृतसंकल्पित है।स्वयं सेवी संघठन लोगो को यह एहसास दिलाया कि समाज में मानवता अभी खत्म नही हुई है। इस मुहिम की शुरुआत में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ डी बी सिंह, मुखरोग विशेषज्ञ, डॉ मोहतशम रजा, डॉ अनवर आलम, राष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज दुबे, प्रदीप श्रीवास्तव, विजय निगम, इत्यादि अहम सहयोग रहा।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व गांव-गांव में निगरानी करेंगे ग्राम पुलिस मित्र

बांदा। अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने नई पहल करते हुए सुरक्षा के खास इंतजाम किए हैं। इसके तहत गांव में गतिविधियों पर नजर रखने के लिए चार-चार युवाओं को ग्राम पुलिस मित्र बनाया जा रहा है। जो गांवों में होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। किसी तरह की गड़बड़ी होने पर पुलिस को सूचना देंगे। सभी ग्राम पुलिस मित्र बीट आरक्षी तथा हल्का प्रभारी के निरंतर संपर्क में रहेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बांदा मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़ा हुआ है। इसलिए सीमा पर भी निगरानी की जा रही है। जिले की अन्य सीमाओं पर भी नजर रखी जा रही है। वाहनों की चेकिंग की जा रही है। साथ ही शहर के सभी होटल व लॉजों में ठहरने वाले व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। सभी होटलों की समय-समय पर तलाशी ली जा रही है।

# जिलाधिकारी ने जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर बड़ी कार्यवाही




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तहसीलदार सदर सत्यपाल सिंह समेत पांच अन्य अधिकारियों को जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और शिथिलता बरतना शुक्रवार को भारी पड़ गया।जिलाधिकारी नेहा शर्मा के समक्ष जनता दर्शन में प्रकरण सामने आने पर

## समिति बनाने के बाद नहीं की कार्यवाही

इस पूरे प्रकरण में तहसीलदार, सदर द्वारा 25 नवम्बर 2023 को नायब तहसीलदार नेहा राजवंशी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम का गठन कर कार्यवाही सुनिश्चित कर रिपोर्ट देने को कहा।10 जनवरी को शिकायतकर्ता पं. राम किशुन मिश्र ने जिलाधिकारी के जनता दर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होकर कोई कार्यवाही न होने की जानकारी दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसमें कई बार इस प्रकरण के संबंध में उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार से सम्पर्क किया।बार-बार चक्कर काटने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई।जनशिकायत के निस्तारण में लापरवाही और शिथिलता के मद्देनजर तहसीलदार सदर सत्यपाल सिंह, नायब तहसीलदार विरवा नेहा राजवंशी, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक रामानुज, लेखपाल अक्षय कुमार पाण्डेय और क्षेत्रीय लेखपाल नृपेन्द्र त्रिपाठी के खिलाफ कार्यवाही के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## तहसीलदार सदर से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है

इन सभी के खिलाफ कार्यवाही के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

तहसीलदार सदर से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है।साथ ही,16 जनवरी तक प्रकरण का निस्तारण सुनिश्चित कर आख्या प्रस्तुत करने के लिए आदेश दिए गए हैं।अन्य के खिलाफ मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई है।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने साफ किया है कि जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही और शिथिलता स्वीकार्य नहीं है।

## जनता दर्शन में सामने आई थी शिकायत

तहसील गोण्डा के खिरौरा मोहन (चिलबिला खत्तीपुर) निवासी पं. राम किशुन मिश्र ने बीते 18 अक्टूबर को जनता दर्शन में उपस्थित होकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा को सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिलाधिकारी ने एसडीएम और सीओ सदर को इस प्रकरण कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देश किया।

## तहसीलदार को यह आदेश दिए गए

जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर सत्यपाल सिंह को स्वयं पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर चकमार्ग को अतिक्रमणमुक्त कराने और 16 जनवरी तक आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं।तहसीलदार सदर से समस्या का निस्तारण सुनिश्चित न कर पाने के चलते तीन दिन में स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।वहीं, नायब तहसीलदार विरवा नेहा राजवंशी,क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक रामानुज, लेखपाल अक्षय कुमार पाण्डेय और क्षेत्रीय लेखपाल नृपेन्द्र त्रिपाठी की परिनिन्दा की गई है।

# क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रथम इशरत महमूद खान जनपदीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आज शुभारंभ हुआ । प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ विकास मिश्रा ऑर्थोपेडिक सर्जन द्वारा फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया ।विशिष्ट अतिथि के रूप में डीसीए सचिव इशरत महमूद खान मौजूद रहे। उद्घाटन मुकाबला अजन्ता क्रिकेट क्लब व रविन्द्र नाथ क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया । जिसमे अजन्ता के कप्तान आकश ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया । टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रविंद्रनाथ क्लब ने निर्धारित 25 ओवरों में 155 रन बनाये जिसमे मोहित ने सर्वाधिक 41 रन किये । जबकि अजन्ता की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अक्षत ने 5 विकेट लिए । लक्ष्य का पीछा करते हुए अजन्ता की टीम मात्र 88 रनों पे आलआउट हो गयी ।कुणाल ने सर्वाधिक 29 रनो का योगदान दिया ।जबकि दिव्यांशु ने अपनी टीम के लिए 5 विकेट प्राप्त किये । शानदार प्रदर्शन करने पर दिव्यांशु सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रभारी क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक द्वारा दिया गया ।मैच में अंपायर की भूमिका अकील व संजय ने निभाई । आंखों देखा हाल एजाज व स्कोरर की भूमिका वैभव ने निभाई । मैच के दौरान कुसमेन्द्र सिंह राणा ,गोविंद सिंह ,भूपेंद्र पांडेय, दिव्यांश सिंह ,शादाब टीटी ,राहुल ,सत्यम ,वैभव सिंह, आशु तिवारी, कुलदीप ,तुषार, राजकुमार सहित सैकड़ों मौजूद रहे। कल का मुकाबला लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब व करीम चिस्ती क्लब के मध्य खेला जाएगा।

## नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजी करने के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयास से थाना कोतवाली देहात से सम्बन्धित वांछितअभियुक्त आनन्द कुमार उर्फ सत्तन को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।वादी दिनेश कुमार मौर्या पुत्र जगदम्बा प्रसाद मौर्या निवासी निगवाबोध थाना–कोतवाली देहात गोण्डा आदि 6 लोगो ने थाना कोवताली देहात पर सूचना दिया कि विपक्षी द्वारा जालसाज, बेइमानी, छलकपट व धोखाधड़ी करके प्रार्थीगण से सम्पर्क करके अलग अलग विभागों में नौकरी दिलाने की लालच देकर 18,39,390 रूपये कई चरणों में ले लिया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयास से अभियुक्त आनन्द कुमार उर्फ सत्तन को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

## जनपद में धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

बहराइच । वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का पालन कराते हुए मकर संकान्ति, गणतन्त्र दिवस, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, समीक्षा अधिकारी परीक्षा, आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा, यूपी बोर्ड परीक्षा, सम्मिलित राज्य/प्रवर अधिनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा–2024, बसन्त पंचमी व महाशिवरात्रि आदि आगामी त्योहारों एवं अयोध्या में श्री राम मन्दिर उद्घाटन/प्राण प्रतिष्ठा तथा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा आयोजित परीक्षाओं को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न के मद्देनज़र जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्टेझ्ट गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा दं.प्र.संहिता, 1973 की धारा–144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है।अपर जिला मजिस्टेझ्ट श्री रंजन द्वारा जारी आदेश के समस्त 27 प्रस्तर 14 जनवरी 2024 से 11 मार्च 2024 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा–188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# पूजित अक्षत का हुआ वितरण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जरवल बहराइच।।राम काज कीन्हें बिनु, मोहि कहां विश्राम। विकास खंड के अंतर्गत स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर पहुंचकर अयोध्या धाम जी से आए हुए पूजित अक्षत तथा राम मंदिर का चित्र को भेंट कर दर्शन करने का दिया जा रहा निमंत्रण, तथा भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर घर में दीप जलाने व भव्य रूप से सभी मंदिरों को सजा कर और पूजा पाठ कीर्तन सुंदरकांड का पाठ आदि का आयोजन कर भव्य जन जागरण करने के लिए कर रहे प्रेरित।क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीबीपुर बरवालिया मे स्वयं सेवकों की टीम ने पहुँच कर गलियों होते हुए प्रत्येक घर पहुँच कर लोगों को पूजित अक्षत वितरण कर आगामी 22 जनवरी को दीप उत्सव मनाकर व आतिशबाजी कर के खुशिया मनाने के लिए लोगों को कर रहे जागरूक, घरों व मंदिरों मे पूजन अखंड रामायण व सुंदर कांड पाठ का आयोजन कर पूरे वतावरण को राममय करेजिला कार्यवाह अंकुश जी द्वारा भजन के मध्यम से हे आर्य पुत्रों हे राम भक्तों। तुम्हें अयोध्या बुला रही है पूरे क्षेत्र को राममय में कर दिया संपर्क अभियांन के दौरान विष्णु पाल, विवेक जी, विकास राजपूत जी, दिलीप वर्मा, अजय वर्मा, सहित सैकड़ों राम भक्त रहे मौजूद।

# डीएम का आदेश बेअसर,शीत लहर की छुट्टी के बाद भी खुला रहा स्कूल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर की दृष्टिगत से कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालय को बंद रहने के निर्देश दिया था।बच्चों को ठंड व उनकी सुरक्षा को देखते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने समस्त परिषदीय मान्यता प्राप्त विद्यालय को बंद करने का आदेश दिया था।लेकिन वही निजी स्कूल पाण्डेय बजार में स्थित बीआरएस इंटर कॉलेज पर जिलाधिकारी का आदेश बेअसर रहा।जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी बीआरएस इंटर कॉलेज यूकेजी से इंटर तक खुला रहा.

शीतलहर और ठंड के चलते क्षेत्र की विद्यालय बन्द रहे तो वही बीआरएस इंटर कॉलेज सरकारी आदेश को दरकिनार कर




अपने विद्यालय खोल रखें।इन स्कूल संचालकों के ऊपर आदेश का कोई फर्क नहीं पडा। बच्चों को कभी भी ठंड लग सकती है।जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रशासनिक आदेश को मानना सबका कार्य है।खुलने वाले विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।सुबह करीब 10:30 पर विकासखंड झंझरी के पाण्डेय बाजार में स्थित बीआरएस इंटर कॉलेज खुला हुआ रहा।जबकि इस विद्यालय में आवकाश होने के बाद भी स्कूल खुला रहा।छात्र स्कूल में बैठकर पढ़ते दिखे।

# रोडवेज बसों में बज रही राम धुन रास्ते भर यात्रियों को श्रीराम के भजन सुनाते ले जा रहे ड्राइवर



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। गोण्डा जिले की 37 बसों में लगे साउंड हुए है जहां एक तरफ अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर के भव्य तैयारियां की जा रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ अब रोडवेज की बसों में भी राम धुन बजाया जा रहा है और लोगों को राम भजन सुनाया जा रहा है। लोग रामधुन को सुनते हुए राम भक्ति में लीन होकर अपने-अपने स्थान तक जा रहे हैं।जिले के रोडवेज बस स्टॉप पर साउंड सिस्टम के माध्यम से यात्रा करने आने वाले सभी यात्रियों को राम धुन सुनाया जा रहा है। गोंडा रोडवेज बस स्टॉप से संचालित होने वाली 90% रोडवेज बसों में भी साउंड सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को राम धुन सुनायी जा रही है।गोंडा रोडवेज डिपो से अयोध्या रोडवेज बस डिपो को जाने वाली 37 रोडवेज बसों में भी राम धुन बजाया जा रहा है।रोडवेज बस में सवार होकर के गोंडा से दिल्ली, गोंडा से अयोध्या, कानपुर, लखनऊ की यात्रा करने वाले यात्रियों से जब बजाए जा रहे रामधुन को लेकर के बात की गई तो यात्रियों ने कहा कि यह सरकार का यह ऐतिहासिक फैसला है और ऐसा लग रहा है कि प्रभु श्री राम एक बार फिर से दोबारा आ रहे हैं और हम लोग राम धुन सुनते हुए ही यात्रा कर रहे हैं। बहुत ही अच्छा हम लोगों को लग रहा है।

## बस चालक बोले, भक्तिमय माहौल अच्छा लग रहा

रोडवेज बस संचालक रामपाल द्विवेदी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर पर प्रतिष्ठा जो होने जा रही है,उसको लेकर गोंडा रोडवेज की सभी बसों में साउंड सिस्टम के माध्यम से रामधुन बजाया जा रहा है। भजन, कीर्तन के माध्यम से जो यात्राएं हो रही हैं, बहुत ही अच्छा लगता है। हम लोगों को और यात्रियों को भी इससे लगता है कि इतिहास एक बार फिर से पुनरावृति हो रही है।सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोंडा रोडवेज कपिल देव ने बताया कि गोंडा बस स्टॉप में कुल 102 बसें हैं। 90% बसों में साउंड सिस्टम लगवाकर राम धुन बजवाई जा रही हैं।जिन बसों में साउंड सिस्टम नहीं लगा है खराब है उनको भी सत्य निर्देश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द अपने साउंड सिस्टम को ठीक कर करके अपने बसों में राम धुन बजाए इस समय 80 से 85 बसों में साउंड सिस्टम लगा हुआ है और चालू है और सभी बसों में राम धुन बजाया जा रहा है भगवान राम से जुड़े गाने, भजन उनकी आरती और कई भगवान राम से जुड़े गाने हैं जिनको बजाया जा रहा है।गोंडा से अयोध्या जाने वाली लगभग 100% बसों में साउंड सिस्टम सही है और रामधुन बजायी जा रही है लगभग 35 से 38 बसें प्रतिदिन गोंडा से अयोध्या जाती हैं और इन बसों की संख्या और भी बढ़ सकती है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजी करने के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

## एंटी करप्शन टीम ने की कार्रवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले में एंटी करप्शन टीम ने बिजली कनेक्शन के नाम पर सात हजार घूस लेते जेई और एसएसओ को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार करके दोनों को एंटी करप्शन की टीम नगर कोतवाली लेकर आई जहां पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। बीते दिनों एक युवक ने गोंडा देवी पाटन मंडल की एंटी करप्शन टीम से रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। जिसके बाद एंटी करप्शन टीम ने यह कार्रवाई की है।


वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत धनेश्वरपुर गांव के रहने वाले धनीराम ने बिजली कनेक्शन लेने के लिए अप्लाई किया था।कनेक्शन देने को लेकर के अवर अभियंता को रिपोर्ट लगानी थी।बार-बार पीड़ित युवक से अवर अभियंता और एसएसओ रिश्वत की मांग कर रहे थे।जिसके बाद धनीराम ने एंटी करप्शन




टीम से लिखित शिकायत की।इसके बाद प्लान के तहत एंटी करप्शन देवीपाटन मंडल की टीम ने बिजली कनेक्शन के नाम पर सात हजार रुपए रिश्वत लेते डुमरियाडीह विद्युत उपकेंद्र के एई कपिल देव वर्मा और एसएसओ रघुनंदन सिंह उर्फ विनायक सिंह को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार करके दोनों आरोपियों को एंटी करप्शन देवी पाटन मंडल की टीम गोंडा नगर कोतवाली लाई है, जहां मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।वहीं एंटी करप्शन टीम के प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि अवर अभियंता कपिल देव वर्मा और एसएससो रघुनंदन सिंह उर्फ विनायक सिंह को सात हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।मुकदमा दर्ज कर दोनों पर कार्रवाई की जा रही है।

# नगर पालिका का नोटिस बना मजाक, न फ्री होल्ड न नक्शा फिर भी हो गया नजूल पर निर्माण

## अफसर मेहंदी,माजिद टेलर्स,और ओमप्रकाश उर्फ दद्दू ने नोटिस को समझा फुटबॉल




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। कहने को है की नजूल की संपत्ति पर बिना फ्री होल्ड और नक्शे के बिना निर्माण नहीं हो पाएगा, वही मालवीय नगर में डॉक्टर बिष्ट की गली में नगरपालिका ने

अवैध निर्माण और अतिक्रमण रोकने के लिए प्रशासन की ओर से तमाम प्रयास करने का दावा हमेशा से किया गया है।लेकिन वास्तविकता इससे कोसों उलट नजर आती है।

### नजूल की जमीन पर न नक्शा न फ्री होल्ड फिर भी बन गईं दुकान

डॉक्टर बिष्ट की गली में मालवीय नगर में अकबर मेंहदी और अफसर मेंहदी माजिद टेलर्स और ओमप्रकाश उर्फ दद्दू ने नजूल की जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे थे। इस अवैध निर्माण को रोकने के लिए नगर पालिका ने पत्रांक संख्या 1207,1208, और 1364 के जरिए नोटिस जारी किया और नोटिस की एक प्रतिलिपि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर चौकी प्रभारी गुरूनानक एवं नगर पालिका परिषद को की गई।

शहर के बीचोंबीच मालवीय नगर में डॉक्टर विष्ठ की गली में में बिना फ्री होल्ड के नजूल की जमीन पर हुए अवैध निर्माण को रोकने के लिए नगर पालिका ने दो-दो बार नोटिस जारी किया लेकिन नगर पालिका नोटिस जारी करती रही और अवैध निर्माण होता रहा।शहर के बीचोंबीच हो रहे अवैध निर्माण की जानकारी न तो पुलिस को हुई और न ही प्रशासन को।ये बात कुछ हजम नहीं होती है।सूत्र बता रहे हैं कि नगर पालिका नजूल विभाग के कर्मचारियों ने सुविधा शुल्क लेकर और राजनीतिक दबाव में अधिकारी-कर्मचारी कागजी घोड़े दौड़ाकर अपनी कार्रवाइयों की औपचारिकता कर रहे हैं।जहां भवन निर्माण कार्य को अवैध मानते हुए स्थानीय नगर पालिका ने नोटिस भी जारी करने की कार्रवाई तक की और जिला कलेक्टर ने भी इस पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।लेकिन तमाम कागजी दावों के बाद भी निर्माण कार्य पूरा हो जाना प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है,चर्चा है प्रशासन की लाचारी की तरफ इशारा करता है।जो कि अवैध निर्माण कर्ताओं की रसूख अथवा प्रशासन को किसी लाभ के कारण हो सकता है।

### नोटिस पर नोटिस, नही हुई कार्यवाही

इसके बावजूद भी अवैध निर्माण हो ही गया,वहीं गुरु नानक चौकी क्षेत्र से दो सौ मीटर और कोतवाली नगर से 500 मीटर कि दूरी फिर अवैध निर्माण होता रहा और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।यें बात कुछ हजम नहीं होती है बताया जाता है कि ये नोटिस तो मात्र बानगी है।इस पंक्ति में बनी और भी दुकानें नजूल अवैध रूप से बिना फ्री होल्ड के खरीदी और बनाईं गई है।वही नजूल की जमीन पर बिना नक्शा और फ्री होल्ड न होने के वाले गरीबों के मकान व दुकान पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।लेकिन वही मालवीय नगर में स्थित नजूल की भूमि पर बिना फ्री होल्ड और बिना नक्शे के बनी दुकानों पर सिटी मजिस्ट्रेट ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा था।लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी तब कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### कब होगा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वही इस प्रकरण पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने भी अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण की बात कही थी परन्तु शायद उनके ध्यान से ये मामला उतर गया हो।जहां प्रशासनिक अधिकारी नगर पालिका परिषद संजय मिश्रा कहते हैं कि जब निर्माण की प्रक्रिया अवैध है तो भविष्य में वैध कैसे हो सकता है वहीं कुछ नगर पालिका कर्मचारी भविष्य में फ्री होल्ड करवा कर अवैध निर्माण को वैध करने का सपना दिखाए हुए हैं।नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर अपनी नाकामी छिपाने के लिए नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी होने पर भी न जाने कौन सी गोपनीय जांच कई महीने से कर रहे हैं जिसे बता पाने में असमर्थ हैं। वही प्रकरण पर नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर से बात करने पर उन्होंने गेंद प्रशासनिक अधिकारी नगर पालिका के पाले में डालते हुए कहा कि उन्होंने नोटिस भेजी थी उनसे बात कीजिए।जबकि प्रशासनिक अधिकारी नगर पालिका परिषद संजय मिश्रा से बात करने पर उन्होंने कहा कि मैं अभी बाहर हूँ आने पर देखता हूँ।प्रकरण याद नहीं आ रहा है।

# निर्वाचन की तैयारी को लेकर कमिश्नर ने किया की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।मण्डलायुक्त बरेली मण्डल बरेली सौम्य अग्रवाल ने जनपद पीलीभीत में निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में भ्रमण किया गया इस दौरान उन्होने जनपद में प्राप्त परिवर्धन०अपमार्जन एवं संशोधन हेतु प्राप्त हो रहे फार्मो के गुणवक्तापरख निस्तारण करने हेतु वहुस्तरीय जांच हो रही है।अथवा नही की समीक्षा की इसके साथ ही वार्डर के किनारे वसे क्षेत्रों के मतदाताओं की डुप्लीकेसी ०निवार्वचक नामावलियों में मतदाताओ के फोटो व फोटो पहचान पत्रों के वितरण की स्थिति की समीक्षा के साथ जनपद स्तर पर संचालित लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली कितनी प्रभावी है इसकी जांच की गई। कमिश्नर द्वारा सर्वाधिक फार्म प्राप्त करने वाले एवं सबसे कम फार्म प्राप्त करने 20 20 मतदेय स्थलो के वूथ लेविल अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार,अपर जिला अधिकारी रामसिंह गौतम एवं उप जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों से सम्बन्धित समीक्षा बैठक सम्पन्न

पीलीभीत।डीएम अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रातः 8:30 बजे ध्वजारोहण समस्त सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्यालयों एवं भवनों पर ध्वजारोहण, राष्ट्रीयगान एवं राष्ट्रीय संकल्प का पाठ,सम्पन्न किया जायेगा और साथ ही साथ सभी कार्यालयों में विचार गोष्ठी काव्य पाठ तथा राष्ट्रीय एकता,शान्ति एवं सद्भावना से युक्त विचार सभाओं का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 9:00 बजे धवजारोहण के उपरान्त जनपद के शहीदों के परिजनों को डीएम द्वारा सम्मानित किया जायेगा। समस्त उप जिलाधिकारी अपनी अपनी तहसीलों में भी शहीदों के परिजनों को सम्मानित करेगें। प्रातः 10:00 बजे लोकतंत्र व गणतंत्र की मूल अवधारणाओं एवं राष्ट्रीय एकता,धर्म निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द पर प्रकाश डालने हेतु विचार गोष्ठी,निबन्ध लेखन एवं वाद-विवाद,कला पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन व उत्तर प्रदेश में जनपद पीलीभीत पर्यटन की सम्भावनाओं पर प्रकाश डाला जायेगा।प्रातः 10:30 बजे ओपिन बालिकाओं व बालकों की 800 मीटर दौड़ फुटबाल,बैडमिन्टन,टीटी,10 क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला क्रीडा अधिकारी के नेतृत्व में किया जायेगा। प्रातः 11:00 बजे जिला अस्पताल में फल वितरण,वृद्धाश्रम में व जिला कारागार में महिला एवं पुरूष बन्दियों को फल वितरण किया जायेगा। प्रातः 11:30 बजे चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इण्टर कालेज में किया जायेगा जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जायेगा।डीएम ने अधिशासी अधिकारी को साफ सफाई व्यवस्था व चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी मुख्य चिकित्साधिकारी,नगर मजिस्टेट,उप जिलाधिकारी,जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी,सहित समाजसेवी,पत्रकार बन्धु सहित गणमान्य व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रूट चार्ट बनाकर नगर निगम करेगा तैयारी, भव्य होगा कार्यक्रम: नगर आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद । 22 जनवरी को अयोध्या मे भगवान श्री राम का आगमन है मंदिर निर्माण के बाद भगवान की घर वापसी हो रही है। 500 वर्षो का इंतजार खत्म हो रहा है जिसको पूरा देश हर्ष उल्लास से साथ 22 जनवरी को दीपावली के रूप में मनाएगा। इसी क्रम में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी मंदिरों में भी कथा जैसे धार्मिक कार्यक्रम मनेंगे और इसी प्रकार गाजियाबाद नगर निगम ने भी शहर में 40 मंदिरों को चिन्हित किया है जिसमें नगर निगम द्वारा समस्त समुचित व्यवस्था की जाएगी।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम भव्य रूप से कार्यक्रमों का आयोजन करेगा,जिसमें विशेष रूप से शोभा यात्रा भी निकलेगी जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है। सभी धार्मिक स्थलों पर साफ सफाई की उचित व्यवस्था भी की जाएगी तथा मार्गो को भी सुंदर व सुसज्जित किया जाएगा। महापौर ने बताया कि भगवान श्री राम यात्रा की परिवार सहित यात्रा में सभी अधिकारी, सभी पार्षद,सभी कर्मचारियों के साथ यात्रा को श्री राम की जय जयकार ढोल के साथ धार्मिक आयोजन किया जाएगा।हमारे भगवान श्री राम बहुत लंबे वनवास के बाद घर वापस आ रहे हैं। देश के साथ-साथ हम अपने शहर में भी भगवान श्री राम का स्वागत करेंगे उनकी पूजा-अर्चना कर धार्मिक कार्यक्रम करेंगे, इसके साथ यू पी गेट पर श्री राम जी की प्रतिमा और एक रास्ते का नाम राम पथ रखा जाएगा।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि भगवान श्री राम की यात्रा के लिए रूट चार्ट बनाकर नगर निगम तैयारी करेगा और कार्यक्रम को भव्य बनाया जाएगा, जिसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव कार्यक्रम के नोडल प्रभारी रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई संस्थाएं भी निगम का सहयोग करेगी। कार्यक्रम की तैयारी के लिए लगातार बैठक भी हो रही है।

## संकल्प यात्रा में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

बौंडी(बहराइच)। केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार और ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक कराने के लिए निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को तेजवापुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजपतिपुर पहुंची।ग्राम प्रधान अबु अफसर एवं ग्राम पंचायत सचिव अविनाश शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया। ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना सहित तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं चल रही है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं की बदौलत गरीबों का जीवन स्तर लगातार ऊपर उठ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित और समृद्धिशाली बनाने का संकल्प लिया है। यात्रा में शामिल टीम के सदस्यों ने सभी ग्रामीणों को देश की मजबूती के लिए प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़े रहने का संकल्प दिलाया। किसान सम्मान निधि के आधा दर्जन ग्रामीणों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। ग्रामीणों से केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का फीड बैक भी लिया गया।इस मौके पर बीडीओ अजय प्रताप सिंह,बीईओ अखिलेश वर्मा, बीसीपीएम रोहित वर्मा,कृषि विभाग के राहुल कुमार,पंकज सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची कबीरपुर कसकंजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।विकसित भारत संकल्प यात्रा के मध्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव प्रसारण जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कबीरपुर कसकंजा में एलसीडी वैन के माध्यम से दिखाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव रत्नेश सोनकर ने की लाइव प्रसारण के उपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा के निमित्त सभी विभागों के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में कार्यक्रम में मौजूद पंचायत व क्षेत्र वासियों को जानकारी उपलब्ध कराई एवं सम्बंधित विभागों द्वारा जनता द्वारा बताई गई जनसमस्याओं को मौके पर ही सम्बंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया एवं मुख्य अतिथि के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र की गर्भबती महिलाओं की गोद भराई व नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन की रश्म कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान स्नेह लता, पंचायत सचिव रत्नेश सोनकर,विजयपाल रोजगार सेवक,नोडल अधिकारी के साथ साथ सम्बंधित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यगणों व बहुत बड़ी संख्या में मातृ शक्ति व क्षेत्र वासियों एवं पार्टी पदाधिकारियों देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की है।

## कायस्थ संघ अंतराष्ट्रीय ने उड़ीसा इकाई का किया गठन

लख़नऊ। कायस्थ संघ अंतराष्ट्रीय के न्यास अध्यक्ष दिनेश खरे ने संगठन को विस्तार देते हुए उड़ीसा में नई इकाई का गठन किया हैं । बीते सप्ताह उड़ीसा प्रवास के दौरान उन्होंने वहां पर संगठन का विस्तार कर वेदरत्न पटनायक को उड़ीसा का प्रदेश अध्यक्ष एवं श्रीमती पद्मावती को उड़ीसा का महिला इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया हैं।श्री खरे ने इन दोनों की नियुक्ति करते हुए उम्मीद जताई की दोनों शीघ्र ही संघर्षशील लोगों का चयन कर मुख्य व महिला इकाई की कार्यकारिणी का गठन करेंगे ताकि उड़ीसा में कायस्थ समाज को मजबूत कर उसे मुख्य धारा में जोड़ा जा सकें।

## तेरहवें राष्ट्रीय भारतीय छात्र संसद में उन्नाव निवासी ऋषि वैभव मिश्रा ने किया प्रतिभाग

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के कस्बा ऊगू निवासी एक छात्र ने तेरहवे राष्ट्रीय भारतीय छात्र संसद पुणे मे आयोजित कार्यक्रम में भारतीय लोकतंत्र में सोशल मीडिया तथा ए आई की भूमिका विषय में भाग लेकर लगभग दस हजार छात्रों में उत्तरप्रदेश से अकेले अपना स्थान बनाकर चुने गए जिसकी सूचना कस्बे में पहुँचने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। कस्बा निवासी पंडित ऋषि कंात मिश्रा का पुत्र ऋषि वैभव मिश्रा बनारस के हिन्दू विश्वविद्यालय का छात्र है। उसने पुणे में दस से बारह जनवरी तक आयोजित हुए राष्ट्रीय भारतीय छात्र संसद में भाग लिया जिसमें देश के लगभग दस हजार छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें युवाओं ने युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने, तथा लोकतंत्र में भागी दारी, महिला सुरक्षा, सोशल मीडिया के उपयोग, लोकगीत, सांस्कृतिक संभाषण आदि विषयों पर विचार व्यक्त किये गए। इसमें ऋषि वैभव मिश्र ने भारत को विश्व गुरु बनाने की बात करके युवाओं को प्रोत्साहित किया जिसपर उनको उत्तर प्रदेश से प्रतिनिधि के रूप चुना गया। इस कार्यक्रम में पूर्व उप राष्ट्रपति वेंकईया नायडू, अनेक राजनेता, शिक्षा विद तथा देश के विभिन्न राज्यों से आये छात्रों ने भाग लिया।

## बिजली विभाग की छापेमारी में चार पर मुकदमा दर्ज



लखनऊ। सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को ओटीएस के माध्यम से भारी छूट देने के बाद उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली की सप्लाई दी जा सके और बिजली चोरी पर भी लगाम लगाई जा सके इसके लिए बिजली विभाग एक बार फिर से सतर्क हो गया है। एक बार फिर से बिजली विभाग ने बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई शुरू कर दी है जिससे यह साबित हो गया है की बिजली चोरी करने वाले किसी भी उपभोक्ता की अब खैर नही रहेगी। उच्च अधिकारियों के आदेश पर शुक्रवार को लेसा सिस गोमती के अधीक्षण अभियंता मंडल अष्टम आर सी पाण्डेय व ठाकुरगंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार के निर्देश पर चौपटिया के उपखण्ड अधिकारी अमितेश कुमार व अवर अभियन्ता राज नारायन व प्रवर्तन दल तृतीय टीम के अनिल कुमार सिंह, नूर मोहम्मद, दिलीप कुमार ने चौपटिया पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले हाई लाइन लॉस वाले तंबाकू मंडी क्षेत्र मे मॉर्निग रेड अभियान चलाया । इस चेकिंग अभियान के दौरान लगभग 35 कनेक्शनो की जांच की गई। इस दौरान कुछ लोग अपने बिजली चोरी के साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास करते देखे गये। अभियान के दौरान 7 लोगो को लगभग 16.2 किलो वाट तक की बिजली चोरी करते पाया गया। इनके द्वारा परिसर पर लगे मीटर के सर्विस केबल में कटिया लगा कर बिजली चोरी की जा रही थी। सभी लोगों पर धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके बाद इन सभी की लाइट पोल से काट दी गई।

## किशोर स्वस्थ एव कल्याण दिवस बड़े ही धूमधाम से आयोजित हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद में पीयर कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित उपकेन्द्रों पर किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस का आयोजन राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अमरिया,बरखेडा व मरौरी के चयनित उपकेन्द्रों पर किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस मनाया गया। किशोर स्वास्थ्य दिवस में उपस्थित सभी किशोर किशोरियों की बीएमआई की जॉच,खून की जॉच,आयरन टेबलेट, एल्बेंन्डाजॉल टेबलेट, सैनेटरी पैड,परिवार नियोजन के साधन व परामर्शीय सेवा जैसी सभी सुविधायें प्रदान की गयी।उक्त आयोजन में समुदाय के विशिष्ट व्यक्तियों जैसे ग्राम प्रधान, अभिभावकों एव बीएचएसएनसी सदस्यों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।उपकेन्द्र अमरिया में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी किशोर किशोरियों को किशोरावस्था में होने वाले बदलाव शिार अवस्था,त्वचा सम्बन्धी, माहवारी,यौन सम्बन्धी, स्वास्थ्य सम्बन्धी,पोषण सम्बन्धी एवं नशा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।इस अवसर पर मेंहदी एवं चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा चार्ट प्रतियोगिता में जतिन, सनाउल्ला,जयसेनी,शिवा, हस्सान एवं मेंहदी प्रतियोगिता में शिम्मी, अर्तजा,मन्तशा,अंशिका, मुस्कान को उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया गया।जिला सलाहकार अबसार अहमद ने साथिया एप जिसमें किशोरावस्था की सम्पूर्ण जानकारी है उसके बारे जानकारी दी एवं सभी किशोर किशोरियों के मोबाइल पर प्ले स्टोर से इंस्टाल भी कराया गया।

## मानवता और इंसानियत की मिसाल बने अन्नदाता किसान यूनियन के कार्यकर्ता

### बेसहारों का सहारा बनी फकीर निवास संस्था हो रही चारों तरफ चर्चा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। मानवता और इंसानियत की मिसाल बने अन्नदाता किसान यूनियन के कार्यकर्ता एक बुजुर्ग आदमी की करी मदद उनको लगा कि यह शायद कानपुर तरफ के हैं। और इनको जब हमने देखा गया जो अन्नदाता किसान यूनियन के कार्यकर्ता बड़ेपुरा पीलीभीत गुरुद्वारे के पास में बस स्टैंड के नीचे लेटे हुए देखा गया तो किसान नेताओं से इनका दुख देखा ना गया तो इन लोगो ने उनको वहां से उठाकर ले और फकीर निवास में शिफ्ट करा दिया इनके साथ एक अन्य बुजुर्ग माता थी।उनके साथ एक डेढ़ साल का बच्चा भी था। उस बच्चे को भी ले आए और माता को भी लेकर आए माता जो है।उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है।इसलिए कुछ भी पता नहीं लगता है। अब जो माता है। उसकी दो दिन सेवा करके और उसको अपना घर राजस्थान भेज दिया गया है। और जो बुजुर्ग है।वह फ़कीर निवास में ही रह रहे है। अच्छी तरह से अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

## गॉधी सभागार में ई-लॉटरी के माध्यमों से किया गया कृषकों का चयन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि यंत्रीकरण की समस्त योजनाओं के अन्तर्गत 10000/-से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यंत्र कृषि रक्षा उपकरण,कस्टम हायरिंग सेन्टर,हाई टेक हब कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम आदि की डीएम द्वारा दिनांक 08.01.2024 के द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में ई- लाटरी की प्रकिया जनपद में दोपहर 12.00 बजे से गांधी सभागार कलैक्टेट पीलीभीत में प्रारम्भ की गयी।जनपद में कृषकों द्वारा कृषि विभाग में संचालित योजनाओं के माध्यम से कृषि यंत्र व कृषि रक्षा उपकरण,कस्टम हायरिंग सेन्टर,हाई टेक हब कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम आदि की बुकिंग की गयी है। तथा जिनकी बुकिंग ई- लाटरी की प्रकिया के अन्तर्गत है।लगभग समस्त कृषकों द्वारा दोपहर 12.00 बजे से गांधी सभागार कलैक्टेट पीलीभीत में उपस्थित रहकर ई-लाटरी प्रक्रिया में भाग लिया गया।डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्यो एवं कृषको की उपस्थिति में समस्त प्रकार के कृषि यंत्र व कृषि रक्षा उपकरण,कस्टम हायरिंग सेन्टर,हाई टेक हब कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम आदि की बुकिंग कृषकों द्वारा पूर्व में की जा चुकी है।जिनका ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया गया।इस दौरान नगर मजिस्टेट सुनील कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक,जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कृषणगण उपस्थित रहे।

## अनुरक्षण कार्य के लिए बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

बहराइच । उप खण्ड अधिकारी आनन्द सिंह ने बताया कि 13 जनवरी 2024 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-गुल्लाबीर से पोषित 11 के.वी. गुल्लाबीर फीडर पर प्रस्तावित पर अनुरक्षण कार्य के कारण पूर्वान्ह 10:00 बजे से सांयकाल 05:00 बजे तक गुल्लाबीर, मीरपुर कस्बा, घसियारीपुरा मस्जिद, गुल्लाबीर कालोनी आदि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। श्री सिंह ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपेक्षा की है कि पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही व्यवस्थित कर ले।

## बलरामपुर, में सोने के नकली बिस्कुट के साथ सात गिरफ्तार

बलरामपुर। नकली सोने के बिस्कुट के साथ एक नेपाली सहित सात लोगों को बलरामपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोग नकली सोने के बिस्कुट के माध्यम से ठगी का काम करते थे।मामले का खुलासा करते हुए बलरामपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश नंदन राय ने बताया कि मुखबिर के सूचना पर एसओजी व कोतवाली देहात पुलिस टीम ने आज शुक्रवार की सुबह फुलवरिया बाईपास अचलपुर के निकट एक वाहन टाटा टियागो के साथ सात लोगों को पकड़ा है। तलाशी में उनके पास से 10 नकली सोने के बिस्कुट बरामद किया गया है। यह दिखने में ऑरिजनल प्रतीत हो रहे थे। प्रत्येक बिस्कुट 100 ग्राम का था।पकड़े गए लोगों ने पूछताछ में अपना नाम व पता नुरूल हसन खां, ओमकार, मो. वकील अंसारी, शकील खां, तौफीक अहमद, इमरान खान और मुमताज अहमद। मुमताज नेपाल का रहने वाला है।पकड़े गए लोगों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे नकली सोने के बिस्कुट बेचकर ठगी का काम करते हैं। पकड़े गए लोगों में दो लोग के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामला दर्ज हैं।

## सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में व्याप्त अंधाधुंध भ्रष्टाचार

### जिम्मेदार अनदेखा करने से नहीं आते बाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव।जिलाधिकारी द्वारा जिले मे शासन द्वारा प्रदत्त अनेकों लाभदायी योजनाओं के माध्यम से जिले की जनता को लाभान्वित करने के लिए बड़ी मुस्तैदी से कटिबद्ध हैं और प्रत्येक सरकारी विभागो के अधिकारियो को समय समय पर जनता की भलाई के लिए आवश्यक निर्देश भी देते रहते है और कुछ एक विभागो को छोड़ दे तो जिले में अधिकांश विभागो द्वारा जिलाधिकारी की मंशा के अनुरूप कार्यों का क्रियान्वयन भी सुचारू रूप से किया जा रहा है ।मगर बीते कुछ दिनों से उन्नाव जिले के एआरटीओ कार्यालय में बाहरी युवकों द्वारा कार्यालय से सम्बन्धित कार्यों और मोहर लगाकर सरकारी कागजों के साथ छेड़छाड़ और यही नहीं कार्यालय के अंदर जमा मूल फाइलों को निकाल कर दलालों को देने के कई विडियो वायरल होने के कारण इस समय चर्चा का केन्द्र बना हुआ है चूंकि वायरल विडियो की पुष्टि कैनविज टाइम्स नही करता है मगर वायरल हुए विडियो को देखकर ये प्रश्न जरूर खड़ा होता है कि आम जन द्वारा बड़ी मेहनत के बाद कमाए गए रूपयो को कार्यालय के अंदर और बाहर मौजूद जोंक रूपी दलाल बड़ी निर्भीकता के साथ चूस रहे है और कार्यालय आने वाले आमजनों का आर्थिक शोषण करने में बाहरी दलालों के साथ कार्यालय के अंदर मौजूद बाहरी लोगों के रूप में मौजूद दलालों के दलाल मिलकर कर रहे है।इतने बड़े भ्रष्टाचार की हरकतों का कार्यालय में खुलेआम होना और वो भी तब जब कि कार्यालय सीसीटीवी रूपी तीसरी आंख से लैस है इस पर भी कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी इस प्रकरण पर जवाब देने में कतराते रहते है और जांच करने का आश्वासन देते रहते हैं और जिलाधिकारी के सुशासन की नीतियों की अवहेलना करने में अव्वल नजर आते है। चर्चा तो यहां तक है कि कार्यालय के अन्दर चल रहे इन गोरख धंधे से आने वाली काली कमाई का एक बड़ा हिस्सा अधिकारियो को भी पहुंचता है इसी कारण ज़िम्मेदार इन अनियमित कार्यों को देखकर भी अनदेखा कर रहे है।

### क्या बोले एआरटीओ प्रशासन

इस संदर्भ में जब एआरटीओ प्रशासन आदित्य त्रिपाठी से बात करने के लिए फोन किया गया तो उन्होंने फोन काट दिया और बात नही किया।

## पंचायत भवनों में लटक रहा ताला, लोगो को नही मिल रहा लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। विकास खंड के पंचायत भवनों को हाईटेक बनाने की योजना सफल नहीं हो पा रही है। पंचायत भवनों में ताला लटक रहे हैं और जिम्मेदार गायब है, जिससे क्षेत्र के प्रधानों में भी पंचायत सहायक की लापरवाही से रोष बढ़ता जा रहा है। फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड की ग्राम खानपुर कुरौली में बने पंचायत भवन में शासन से उपलब्ध कराई गई सुविधाएं उपलब्ध हैं। ग्राम प्रधान जिज्ञासु पांडेय ने बताया कि आज पूर्वान्ह ग्यारह बजे के बाद जब कई ग्रामीणों के साथ पंचायत भवन जाया गया तो वहां ताला बंद था। पंचायत सहायक के बारे में मालुम हुआ कि वह बांगरमऊ गई है। ग्राम प्रधान के अनुसार ग्राम पंचायत में जिस मंशा के अनुरूप पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई है वह कार्य नहीं हो पा रहा है। उनके अनुसार ग्राम पंचायत की पंचायत सहायक पंचायत भवन नहीं खोल रही हैं, न ही सुविधाएं दे रही हैं। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन होगा, जिसकी तैयारी में होने वाली अर्चनो का सामना भी पंचायत भवन बन्द रहने से हो रहा है। ग्राम पंचायत की सचिव गरिमा शुक्ला ने बताया कि पंचायत सहायक को जो भी काम बताया जाता वह विभागीय कार्य में सहयोग करती है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत हेमन्त कुमार ने इस सम्बंध में बताया कि ग्राम पंचायत की इस स्थिति और समस्या की जानकारी मिली है शीघ्र ही इसका निराकरण किया जाएगा

## पूर्व राज्यपाल पंडित उमा शंकर दीक्षित की 123वीं जयंती गृह नगर में मनायी गयी

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। पूर्व राज्यपाल व पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री की जयंती उनके जन्मस्थली में धूम धाम से मनाई गई। पदम विभूषण, पूर्व राज्यपाल, पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री रहे पंडित उमा शंकर दीक्षित की 123वीं जयंती उनके गृह नगर कस्बा ऊगू स्थित ज्वालादेवी दीक्षित बालिका विद्यालय में बड़े धूम धाम से मनाई गई इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँची आरती बाजपेयी ने दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पण कर उन्हें याद किया तथा इसी क्रम में विद्यालय में मौजूद शिक्षकों व नगर के वरिष्ठ जनों के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका जन्मदिन मनाया साथ ही अपने संबोधन में आरती बाजपेयी ने दद्दा जी के किये कार्यो को मौजूद छात्राओं को बताया व सभी को उन्हीं के मार्गों पर चलने का संकल्प भी दिलाया और आश्वाशन दिलाया कि विद्यालय संबंधी जो भी समस्या होगी उनको हल करवाने के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगी। इस मौके पर राजीव बाजपेयी पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह, प्रकाश चंद्र दीक्षित, सुनील कुमार द्विवेदी, विदुषी बाजपेयी, बबुआ त्रिवेदी, नरेंद्र कनौजिया, विनोद दीक्षित, गोपाल शुक्ला सियाराम कनौजिया के साथ समस्त अध्यापक, अध्यापिकाओं के साथ नगरवासी मौजूद रहे।

## बोतल का बेताल

तमाम चिकित्सा अनुसंधानों व दवाओं की खोज के बाद भी देश-दुनिया में यदि रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है तो उसकी वजह हमारी जीवनशैली में शामिल वे कारक हैं, जिनकी घातकता का हमें बोध ही नहीं है। हमारी हवा, पानी व मिट्‌टी तो प्रदूषित हैं ही, लेकिन आधुनिक जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिये बाजार ने जो विकल्प हमें दिये हैं, वे भी हमारे जीवन में जहर घोल रहे हैं। बाजार ने मुनाफ़े के लिये सस्ते विकल्प तो दिये लेकिन साथ ही बीमारियों के लिये भी उर्वरा जमीन तैयार कर दी है। नित नये-नये शोध-अनुसंधान उन परतों को खोल रहे हैं, जो हमारे जीवन में बीमारियां बांट रही हैं। अब अमेरिका में हुए ताजा अनुसंधान में पता चला है कि हम पीने के पानी के लिये जिन प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग करते हैं उनमें पैदा होने वाले नैनोप्लास्टिक्स कई घातक रोगों की वजह बन रहे हैं। आज सुविधा के लिये हम सफर में, स्कूल-कॉलेज तथा ऑफिस जाने के दौरान प्लास्टिक वाली पानी की बोतल लेकर चलते हैं। अब कहा जा रहा है कि इस पानी में उत्पन्न होने वाले प्लास्टिक के सूक्ष्मकण कई रोगों को उत्पन्न कर रहे हैं। यूं तो हम जानते हैं कि प्लास्टिक से तमाम तरह के नुकसान होते हैं। लेकिन नये अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि एक लीटर पानी वाली बोतल में तीन लाख से अधिक प्लास्टिक के सूक्ष्म कण होते हैं। ये अध्ययन अमेरिका की तीन शीतल जल बेचने वाली कंपनियों की बोतलों के नमूने लेकर किया गया है। ऐसे में भारत में बिकने वाली, गुणवत्ता के लिहाज से हल्की बोतलों से यह संकट कितना बड़ा हो सकता है, अंदाज सहज ही लगाया जा सकता है। दरअसल, यह ताजा अध्ययन शोधकर्ताओं द्वारा नैनोप्लास्टिक पर केंद्रित था। बता दें कि नैनोप्लास्टिक्स माइक्रोप्लास्टिक्स से भी काफी छोटे होते हैं। हाल ही में जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज ने इस रिपोर्ट को विस्तार से प्रकाशित किया है। दरअसल, अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बेहद परिष्कृत तकनीक से बोतलबंद पानी में इन सूक्ष्म कणों की गणना की है। चिंता की बात यह है कि प्लास्टिक के सूक्ष्म कण हमारे स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकते हैं। अध्ययन बताता है कि बोतलबंद पानी में प्लास्टिक कण पहले के अनुमान से बढ़कर सौ गुना अधिक संख्या में हो सकते हैं। दरअसल, ये नैनोप्लास्टिक्स आकार में इतने सूक्ष्म होते हैं कि आंतों व फ़ेफड़ों से सीधे खून में प्रवेश कर सकते हैं। जो कालांतर हमारे दिल व दिमाग को भी प्रभावित कर सकते हैं। इनकी घातकता का खतरा इसलिए भी है कि ये माइक्रोप्लास्टिक्स की तुलना में जल्दी हमारी कोशिकाओं व रक्त में प्रवेश करके शरीर के अवयवों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अनुसंधानकर्ताओं ने चिंता जतायी है कि प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण नाल के जरिये अजन्मे बच्चे की देह तक भी पहुंच सकते हैं। यहां तक चिंता जतायी जा रही है कि प्लास्टिक में मौजूद विषैले कणों से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की आशंका पैदा हो सकती है। दरअसल, सूर्य की किरणों के संपर्क में आने पर प्लास्टिक घातक टॉक्सिन उत्पन्न कर सकता है। इतना ही नहीं, शोधकर्ता सूक्ष्म कणों वाले पानी के सेवन से मधुमेह के उत्पन्न होने की संभावनाओं की ओर इशारा कर रहे हैं। एक रसायन के चलते मोटापा, मधुमेह, प्रजनन से जुड़े विकार तथा किशोरियों के शारीरिक परिवर्तनों में तेजी ला सकते हैं। इसके अलावा थैलेट्स नामक रसायन से लीवर से जुड़ा कैंसर पैदा होने तथा पुरुषों में शुक्राणुओं की संख्या कम होने की आशंका बढ़ जाती है। कहीं न कहीं प्लास्टिक की बोतलों में पाये जाने वाले रसायन लोगों के प्रतिरक्षातंत्र को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि लोग पीने के पानी के लिए परंपरागत विकल्पों को गंभीरता से लें। सुरक्षित होगा कि हम दैनिक व्यवहार में प्लास्टिक की बोतल के स्थान पर स्टील, कांच या तांबे की बोतल को प्राथमिकता दें। ये बोतल थोड़ी महंगी या भारी जरूर हो सकती हैं लेकिन सेहत के लिये अपरिहार्य हैं।

# बिलकिस की तरह हर नागरिक को मिले इंसाफ

**गुजरात पुलिस ने साल 2002 में कहा था कि इस केस को बंद कर देना चाहिए क्योंकि वह अपराधियों को ढूंढ़ नहीं पाई है। इसके बाद बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि इस केस की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। इसके बाद ये मामला गुजरात से महाराष्ट्र भेजा गया। साल 2008 में सीबीआई की विशेष अदालत ने इन 11 लोगों को आजीवन कारावास की सज़ा दी। आजीवन कारावास की सज़ा पूरे जीवन के लिए होती है लेकिन सरकार के पास ये अधिकार होता है कि वो अपराधी का अच्छा आचरण देखकर 14 साल बाद उसे रिहा कर दे। सरकार इस मामले में दूसरी शर्तें भी लागू कर सकती है, जैसे संबंधित क़ैदी को कब रिहा किया जाए। इसके बाद अप्रैल 2022 में राधेश्याम भगवान शाह नामक अपराधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली कि गुजरात सरकार को साल 1992 की एक नीति के तहत उनकी सज़ा माफ़ी पर निर्णय लेना चाहिए। गुजरात सरकार ने इसका विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ के मुताबिक़इसका फ़ैसला महाराष्ट्र सरकार को करना होगा। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने राधेश्याम भगवान शाह की याचिका को मंज़ूरी दे दी। इसके पहले राधेश्याम भगवान शाह ने गुजरात हाई कोर्ट में भी समान याचिका डाली थी। लेकिन गुजरात हाई कोर्ट ने कहा कि सज़ा माफ़ी की शक्ति महाराष्ट्र सरकार के पास है। इसके बाद गुजरात सरकार ने अगस्त 2022 को सारे 11 अपराधियों की सज़ा माफ़ करके उन्हें रिहा कर दिया। वह गुजरात सरकार का निर्णय था। हालांकि इस संदर्भ में 1992 और 2014 के कानूनों के मद्देनजर वह रिहाई अवैध थी, क्योंकि वह गुजरात सरकार का अधिकार-क्षेत्र ही नहीं था। कानून की गलत व्याख्या ही नहीं की गई, बल्कि अदालत से भी तथ्य छिपाए गए और गलत जानकारी दी गई। यह गुजरात सरकार का न्यायिक अपराध था। क्या इनकी जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए? 15 अगस्त देश का स्वतंत्रता दिवस होता है, लेकिन उसी दिन दरिंदगी वाले अपराधियों की न केवल सजा माफ की गई, बल्कि उन्हें सम्मानित रिहाई भी दी गई, मिष्ठान्न खिलाए गए और फूलों की माला पहनाई गई।**

सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो के साथ बलात्कार और उनके परिवार वालों की हत्या करने के मामले में सज़ा पाए 11 दोषियों की सज़ा में छूट देकर रिहा करने के फ़ैसले को रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने ये फ़ैसला सुनाया है। कोर्ट के इस फ़ैसले के बाद इन 11 अपराधियों को दो हफ़्ते के अंदर जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करना होगा। गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान इन 11 लोगों ने बिलकिस बानो जो कि उस वक्त गर्भवती थी, का सामूहिक बलात्कार किया था। इसके साथ ही 14 लोगों की हत्या भी की गई थी, जिनमें बिलकिस बानो की तीन वर्षीय बेटी भी शामिल थीं। बिलकिस बानो केस में सर्वोच्च अदालत के फैसले ने साबित कर दिया कि इंसाफ और कानून अभी जिंदा हैं। अपराधियों को मुक्त नहीं किया जा सकता। अपराधी और उनके सत्ताई आका कानून के सामने बौने हैं। अंततः उन्हें कानून के सामने आत्म-समर्पण करना ही पड़ेगा। गुजरात पुलिस ने साल 2002 में कहा था कि इस केस को बंद कर देना चाहिए क्योंकि वह अपराधियों को ढूंढ़ नहीं पाई है। इसके बाद बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि इस केस की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। इसके बाद ये मामला गुजरात से महाराष्ट्र भेजा गया। साल 2008 में सीबीआई की विशेष अदालत ने इन 11 लोगों को आजीवन कारावास की सज़ा दी। आजीवन कारावास की सज़ा पूरे जीवन के लिए होती है लेकिन सरकार के पास ये अधिकार होता है कि वो अपराधी का अच्छा आचरण देखकर 14 साल बाद उसे रिहा कर दे। सरकार इस मामले में दूसरी शर्तें भी लागू कर सकती है, जैसे संबंधित क़ैदी को कब रिहा किया जाए। इसके बाद अप्रैल 2022 में राधेश्याम भगवान शाह नामक अपराधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली कि गुजरात सरकार को साल 1992 की एक नीति के तहत उनकी सज़ा माफ़ी पर निर्णय लेना चाहिए। गुजरात सरकार ने इसका विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ के मुताबिक़ इसका फ़ैसला महाराष्ट्र सरकार को करना होगा। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने राधेश्याम भगवान शाह की याचिका को मंज़ूरी दे दी। इसके पहले राधेश्याम भगवान शाह ने गुजरात हाई कोर्ट में भी समान याचिका डाली थी। लेकिन गुजरात हाई कोर्ट ने कहा कि सज़ा माफ़ी की शक्ति महाराष्ट्र सरकार के पास है। इसके बाद गुजरात सरकार ने अगस्त 2022 को सारे 11 अपराधियों की सज़ा माफ़ करके उन्हें रिहा कर दिया। वह गुजरात सरकार का निर्णय था। हालांकि इस संदर्भ में 1992 और 2014 के कानूनों के मद्देनजर वह रिहाई अवैध थी, क्योंकि वह गुजरात सरकार का अधिकार-क्षेत्र ही नहीं था। कानून की गलत व्याख्या ही नहीं की गई, बल्कि अदालत से भी तथ्य छिपाए गए और गलत जानकारी दी गई। यह गुजरात सरकार का न्यायिक अपराध था। क्या इनकी जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए? 15 अगस्त देश का स्वतंत्रता दिवस होता है, लेकिन उसी दिन दरिंदगी वाले अपराधियों की न केवल सजा माफ की गई, बल्कि उन्हें सम्मानित रिहाई भी दी गई, मिष्ठान्न खिलाए गए और फूलों की माला पहनाई गई! यह सम्मान किसलिए दिया गया? बिलकिस का माद्दा है कि वह अदालती लड़ाई लड़ती रही। उसके पास संसाधन भी पर्याप्त नहीं थे। वह मानसिक और भावनात्मक तौर पर ढह चुकी थी। सभी दरिंदों की रिहाई के बाद बिलकिस बानो समेत कई अन्य महिलाओं जैसे तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और जानी मानी सामाजिक कार्यकर्ता सुहासिनी अली ने इसके विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं डालीं। सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्णय में गुजरात सरकार के निर्णय को ग़लत बताया है। कोर्ट के मुताबिक़ सज़ा माफ़ी का फ़ैसला महाराष्ट्र सरकार का था। कोर्ट ने कहा कि जिस राज्य में सज़ा सुनाई गई होती है। वही सज़ा माफ़ी पर भी फ़ैसला करेगा। कोर्ट ने गुजरात सरकार पर भी कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि गुजरात सरकार ने 11 में से एक अपराधी के साथ ल्लमिलकर काम किया है और मिलीभगत की हैङ्क। इसके साथ ही कोर्ट ने बोला कि पहले भी तीन बार कोर्ट को इन मामलों में दखल देना पड़ा, पहले जांच पड़ताल गुजरात पुलिस से हटाकर सीबीआई को सौंपी और मुक़द्दमा भी गुजरात से हटाकर महाराष्ट्र भेजा। कोर्ट ने ये भी कहा कि उनका 2022 का फ़ैसला ग़लत था। इसके अलावा कोर्ट ने यह भी कहा कि गुजरात सरकार को 2022 के फ़ैसले के लिए समीक्षा याचिका फाइल करनी चाहिए थी। कोर्ट ने यहां तक कहा कि गुजरात सरकार की ओर से सज़ा माफ़ी का फ़ैसला महाराष्ट्र सरकार की सत्ता हथियाने जैसा था। इस मामले में कई अथॉरिटीज़ ने सज़ा माफ़ करने से इनकार किया था, जैसे सीबीआई मुंबई के स्पेशल जज, सीबीआई और गुजरात पुलिस में दाहोद के एसपी. लेकिन गुजरात सरकार ने इनकी राय पर ध्यान नहीं दिया। कोर्ट ने कहा कि सरकार को इन सभी रायों पर भी गौर करने की ज़रूरत थी। कोर्ट ने कहा कि सारे 11 अपराधियों की सज़ा माफ़ी के ऑर्डर कॉपी मिलती जुलती थी जो प्रत्येक मामले के तथ्यों पर कोई स्वतंत्र विचार नहीं दिखाती हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि 2022 में कोर्ट के ऑर्डर में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए गए और कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश की गईं राधेश्याम भगवान शाह ने यह नहीं बताया था कि उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से भी सज़ा माफ़ी की मांग कि थी। उसके बाद कई अथॉरिटीज़ ने यह भी कहा था कि उनकी सज़ा कम ना की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गौर करते हुए कहा कि राधेश्याम भगवान शाह ने यह बात ना तो सुप्रीम कोर्ट को बताई ना ही गुजरात सरकार ने। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां का कथन सटीक और मानवाधिकार के पक्ष में है कि कानून के राज को बचाना जरूरी है। संविधान में दिए गए समता के मौलिक अधिकार का संरक्षण भी जरूरी है। यह न्यायिक निर्णय इन्हीं संदर्भों और संकल्पों में याद किया जाना चाहिए। बेशक गोधरा के दंगे गुजरात में भडक़े थे, लेकिन सजा महाराष्ट्र सरकार के अधिकार-क्षेत्र में दी गई थी, लिहाजा उसे ही 'अभयदान' की संवैधानिकता प्राप्त है। बेशक सर्वोच्च अदालत ने दो हफ्ते में जेल में आत्म-समर्पण का आदेश दिया है। अपराधियों की रिहाई को 'अवैध' करार देते हुए खारिज कर दिया है, लेकिन दुष्कर्मी अब भी पुनर्विचार याचिका 30 दिनों में दाखिल कर सकते हैं और महाराष्ट्र सरकार से 'माफी' की गुहार लगा सकते हैं। गुजरात से ट्रायल महाराष्ट्र को स्थानांतरित किया गया था, लिहाजा महाराष्ट्र की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। तब गुजरात में माहौल भी माकूल नहीं था। सवाल है कि सर्वोच्च अदालत की अन्य पीठ ने मई, 2022 में जो फैसला सुनाया था, उस पर गुजरात सरकार ने पुनर्विचार याचिका क्यों दाखिल नहीं की? उसी की गलत व्याख्या कर गुजरात सरकार ने दुष्कर्मी चेहरों को 'मुक्ति' दी थी। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में सर्वोच्च अदालत की भी कुछ गलती है। उसे जो जांचनुमा सवाल पूछने चाहिए थे, वे नहीं पूछे गए। एक सजायाफ्ता ने ही 2022 में याचिका लगाई थी। यदि तब कुछ सवाल किए होते, तो सुप्रीम अदालत को अपना ही एक अन्य फैसला बदलना नहीं पड़ता। सर्वोच्च अदालत के ही फैसले के बाद गुजरात सरकार ने दुष्कर्मियों की रिहाई का फैसला किया। बिलकिस की तरह हरेक नागरिक के मानवाधिकारों का सम्मान जरूर किया जाना चाहिए। इस मामले से जुड़े सभी अपराधियों को अगले दो हफ़्ते के अंदर जेल वापस जाना है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या महाराष्ट्र सरकार अब उनकी सज़ा माफ़ कर सकती है? **–रोहित माहेश्वरी**

# नमो ड्रोन दीदीः महिला सशक्तिकरण से प्रशस्त होता ग्रामीण समृद्धि का मार्ग

**डॉ. मनसुख मांडविया**

इसमें कोई संदेह नहीं कि महिला सशक्तिकरण एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण की कुंजी है। यह सशक्तिकरण तब और अधिक उद्देश्यपूर्ण हो जाता है जब महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध होती हैं और ग्रामीण समृद्धि में योगदान देती हैं। नमो ड्रोन दीदी, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 नवंबर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान घोषित एक पहल है, उसका उद्देश्य कृषिगत प्रयोजनों के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने हेतु 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करना है। यह ग्रामीण समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करने की दिशा में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु तकनीकी नवाचार का उपयोग करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह बहुआयामी योजना हमारी कृषि पद्धतियों को आधुनिक बनाने और ग्रामीण महिलाओं के हाथों में अत्याधुनिक तकनीक देकर कृषि उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से पूरा करती है। यह पहल महिलाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का केन्द्र बिंदु बनाती है और नई कृषि क्रांति को प्रेरित करती है। यह योजना देश के युवा, जीवंत, सक्रिय एवं उत्साही स्टार्टअप को असीम संभावनाओं वाले ड्रोन एयरोनॉटिक्स के उभरते क्षेत्र में प्रवेश करने के नए अवसर प्रदान करती है। पौधे की पत्तियों पर अनुप्रयोग योग्य नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे नवीन तरल उर्वरकों के आगमन ने कुशल फर्टिगेशन विधि के विकास की आवश्यकता को बढ़ा दिया है। यह प्रधानमंत्री ही थे जिन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिला पायलटों के हाथों में ड्रोन तकनीक देने के ऐसे शानदार विचार की परिकल्पना की। भले ही भारत उर्वरकों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन गैस, फॉस्फ़ेटिक और पोटाश खनिज आदि जैसे प्राकृतिक संसाधनों की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण यह उर्वरकों का दूसरा सबसे बड़ा आयातक भी है। आयात पर इस निर्भरता को दूर करने हेतु सरकार ने कई बंद पड़े उर्वरक संयंत्रों के पुनरुद्धार की सुविधा प्रदान की है और 'आत्मनिर्भर भारत' योजना के तहत नए उर्वरक संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहित किया है। इन कदमों ने भारतीय किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उर्वरकों की अस्थिर कीमतों से सफलतापूर्वक बचाया है। उर्वरक सब्सिडी के जरिए सरकार यह सुनिश्चित करने में समर्थ रही है कि किसानों को सही समय पर सही कीमत पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो। कोविड महामारी और हाल की वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति ने कुछ कठिनतम चुनौतियां प्रस्तुत कीं, जब दुनिया भर में उर्वरकों की कीमतें बेतहाशा बढ़ गईं। हमने इन चुनौतियों को अवसरों में बदलने का निर्णय लिया। सरकार ने वैकल्पिक उर्वरकों के विकास के लिए स्वदेशी अनुसंधान को प्रोत्साहित किया, जिसकी परिणति तरल नवोन्मेषी नैनो उर्वरकों में हुई। इस नए आविष्कार की अगली चुनौती उर्वरकों के छिड़काव की कुशल प्रणाली विकसित करना था, इसका समाधान इस उभरती ड्रोन तकनीक ने प्रस्तुत किया। किसान-ड्रोन के उद्भव ने कृषि पद्धतियों में क्रांति लाने की अपार संभावनाएं प्रस्तुत की हैं। पंप को हाथ में पकड़ कर कीटनाशकों और तरल उर्वरकों का छिड़काव करने की पारंपरिक प्रणाली न केवल समय की अधिक खपत वाली और बोझिल होती हैं, बल्कि खेतों में जहरीले सरीसृपों और छिपे हुए जंगली जानवरों जैसे अनेक खतरों से भरपूर भी होती हैं। कृषि ड्रोन के माध्यम से छिड़काव प्रणाली का स्वचालन समय की बचत और कुशल अनुप्रयोग प्रणाली प्रदान करता है। किसान ड्रोन की आवश्यकता ने युवा स्टार्टअप के लिए अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अवसरों की नई श्रृंखला प्रस्तुत की है। ड्रोन निर्माण की गतिविधि ने देश के युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसरों का सृजन किया है। इसके अलावा, यह नया क्षेत्र ग्रामीण महिला पायलटों, मैकेनिकों और स्पेयर पार्ट डीलरों के लिए भी अवसरों का सृजन करेगा। मेरा दृढ़ विश्वास है कि 'विकसित भारत' की अवधारणा प्राप्त करने के लिए महिला सशक्तिकरण पूर्व शर्त है। नमो ड्रोन दीदी योजना महिलाओं के लिए काम के नए अवसर प्रदान करती है, ताकि उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बनाया जा सके। यह हमारी कृषि पारिवारिक संस्कृति को अधिक न्यायसंगत और मजबूत बनाने में पर्याप्त मदद करेगा। महिला ड्रोन पायलट कृषि उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### सेहत मंत्र

## जिम से पहले पियें हेल्थ ड्रिंक्स, मिलेगी दोगुनी एनर्जी

आज के समय में लोगों के बीच जिम जाने और बॉडी बनाने का क्रेज काफी अधिक बढ़ गया है। बहुत से लोग जिम जाते हैं, लेकिन ऐसे कुछ ही लोग हैं, जो जिम में बेहतरीन तरीके से वर्कआउट कर पाते हैं। दरअसल, जिम में वर्कआउट करने के लिए एनर्जी और स्ट्रेन्थ का होना बेहद जरूरी है। लोग इस ओर ध्यान नहीं देते और फिर जब वह जिम में वर्कआउट करते हैं तो वह खुद को थका हुआ महसूस करते हैं और उन्हें मनचाहा रिजल्ट नहीं मिलता। ऐसे में आप अपने प्री?वर्कआउट पर भी ध्यान दें। अगर आप जिम आने से पहले यह हेल्थ ड्रिंक्स पीते हैं तो इससे आपके भीतर एनर्जी आएगी और काफी अच्छी तरह से वर्कआउट कर पाएंगे। चुकंदर ड्रिंकः इसे बनाने के लिए आप एक चुकंदर को छीलकर व काटकर ब्लेंड करें। अब इसमें थोड़ा नींबू का रस और एक चुटकी पिंक हिमालयन सॉल्ट मिलाएं और पीएं। चुकंदर में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। चुकंदर के रस में पाया जाने वाला नाइट्रेट आपकी एक्सरसाइज परफार्मेंस को बेहतर बनाता है। यह चुकंदर ड्रिंक आपके शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे आप बेहतर तरीके से एक्सरसाइज कर पाते हैं। केला स्मूदीः केला पोटेशियम का अच्छा स्त्रोत है, जो थकान को दूर करके शरीर में ऊर्जा पैदा करता है। आप वर्कआउट से पहले बनाना स्मूदी बनाकर भी अपनी बॉडी को चार्ज कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए आप दो केले, दो कप पालक और एक कप सेब के जूस को ब्लेंडर में डालकर अच्छी तरह ब्लेंड करें। आपकी स्मूदी बनकर तैयार है। वर्कआउट से पहले इसे पीएं। कॉफीः जी हां, वर्कआउट से पहले कॉफी पीना भी अच्छा आईडिया हो सकता है। इसके लिए आप एक कप गर्म पानी में इस्टेंट कॉफी मिलाकर पीएं। कॉफी में पाया जाने वाला कैफीन एक एनर्ज़ाइजर की तरह काम करता है। सीमित मात्रा में लेने पर कैफीन हानिकारक नहीं है। एक अध्ययन से पता चला है कि सीमित मात्रा में चाय या कॉफी पीने से शारीरिक गतिविधि और ऊर्ज़ा के स्तर में सुधार होता है और थकान कम होती है। वैसे आप चाहें तो कॉफी के स्थान पर ग्रीन टी भी पी सकते हैं।

### धर्म मंत्र

## सालासर बालाजी में देश का पहला मंदिर जहां हनुमान जी दाढ़ी मूंछ से प्रसिद्ध

भारत में श्रीराम भक्त हनुमान जी के कई चमत्कारी मंदिर हैं। जहां हनुमानजी विभिन्न रूप में विराजित हैं। लेकिन राजस्थान के चुरू जिले के सीकर नगर के समीप सालासर बालाजी का काफी प्रसिद्ध और चमत्कारी मंदिर हैं। यहां हनुमानजी बालाजी के रूप में विराजित हैं जो देश भर में दाढ़ी मूंछ वाले हनुमानजी के नाम से प्रसिद्ध हैं। यह देश का सम्भवतः पहला ऐसा मंदिर हैं। जहां हनुमानजी दाढ़ी मूंछ में विराजित हैं। इस मंदिर को लेकर कई मान्यता हैं। यहाँ आने वाले भक्तों का मनाना है कि सालासर बालाजी उनकी हर मुराद पूरी करते हैं। यहां से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटाता है। सालासर बालाजी धाम को लेकर काफी कथाएं प्रचलित हैं। बताया जाता हैं कि हनुमानजी के एक भक्त मोहनदास ने काफी भक्ति और तपस्या की थी। जिससे प्रसन्न होकर हनुमानजी ने मोहनदास को दाढ़ी मूंछ में दर्शन दिए थे। मोहनदास जी ने बालाजी से इसी रूप में प्रकट होने का वचन मांगा था। जिससे वचन को पूरा करते हुए सालासर बालाजी एक जाट के खेत में प्रकट हुए। जब जाट खेत हल चला रहा था तब उसका हल एक पत्थर से टकराया और उसने पत्थर को साफ करके देखा तो उसमें बालाजी नजर आए। जिसके बाद सालासर में बालाजी यह प्रतिमा स्थापित करने का बालाजी ने सपना दिया। इस तरह सालासर बालाजी धाम से जुडी कई कथाएं प्रचलित हैं।

### पर्यटन



## लद्दाख की रोड ट्रिप को करना है एन्जॉय तो छोटी-छोटी बातों पर दें ध्यान

जहां लद्दाख देश की खूबसूरत जगहों में से एक है, वहीं लद्दाख की रोड ट्रिप को बेहद एडवेंचर्स रोड ट्रिप में से एक माना जाता है। अगर आप लद्दाख के रोड ट्रिप पर जाते हैं तो यकीनन यह आपके जीवन के बेहद यादगार पलों में से एक होगा। आप इस रोड ट्रिप को काफी एन्जॉय कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना होगा। बेहतरीन ड्राइविंग- अगर आप लद्दाख की रोड ट्रिप पर जाने का प्लान कर रहे हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपको काफी अच्छी तरह से ड्राइविंग करनी आती हो। लद्दाख की रोड ट्रिप के दौरान जैसे ही आप जम्मू और कश्मीर राज्य में प्रवेश करते हैं तो सड़कें खराब होने लगती हैं। यह इलाक़ा बहुत खूबसूरत है लेकिन काफी दुर्गम भी है। लद्दाख में और उसके आसपास की सड़कों पर ड्राइविंग करते समय आपको खास ध्यान रखना चाहिए। याद रखें कि आत्मविश्वास अच्छा है, लेकिन अति आत्मविश्वास आपके लिए खतरनाक हो सकता है। कर लें रिसर्च-अगर आप चाहते हैं कि लद्दाख की रोड ट्रिप के दौरान आपको किसी तरह की परेशानी ना हो तो ट्रिप पर जाने से पहले अच्छी तरह से रिसर्च कर लें। इससे आपको पहले से ही ट्रैवल के दौरान वहां के रास्तों, खाने-पीने व ठहरने की जगहों के बारे में पता होगा। लद्दाख में रोड ट्रिप के दौरान आपको फोन के नेटवर्क व इंटरनेट कनेक्टिविटी से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए पहले से ही की गई रिसर्च के कारण आपको बाद में कोई परेशानी नहीं होगी। जरूरी तैयारी- लद्दाख की रोड ट्रिप पर निकलने से पहले कुछ तैयारियां करनी बेहद जरूरी है। जैसे पहले आप अपनी बाइक की कंडीशन व अपना हेल्थ चेकअप भी करवा लें। इसके अलावा अपने बैग में कुछ जरूरी चीजें जैसे कपड़े, जैकेट, ग्लव्स, हेलमेट, नी गार्ड, रेन कवर, रेन क्लोद्ज, एक्स्ट्रा जूते, टॉयलेट पेपर, हैंड सेनेटाइजर, जरूरी दवाइयां आदि जरूर कैरी करें। आपको अपनी रोड ट्रिप के दौरान इन चीजों की जरूरत पड़ेगी।

# अयोध्या दर्शन : प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अतिथियों के स्वागत को तैयार हो रहा " बाराबंकी "

## अवध नरेश के आगमन की तैयारीयां जोरो पर , हाइवे के किनारे चलाया गया विशेष अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बारांबकी : अवध नरेश मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आगमन से पूर्व जनपद बाराबंकी अतिथियों के स्वागत के लिए तैयार हो रहा है । प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस के अधिकारी ढाबा संचालकों एवं हाईवे के तरफ पढ़ने वाले प्रतिष्ठानों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें शिष्टाचार का पाठ पढ़ा रहे हैं तो वही सफाई व्यवस्था को लेकर भी गंभीरता दिखाई जा रही है ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान और सचिव हाईवे के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाकर अतिथियों के लिए स्वच्छ वातावरण तैयार कर रहे हैं





गौरतलब है कि आगामी 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के मंदिर का उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है ऐसे में देश विदेश से वीवीआईपी अतिथियों के आना लगभग तय हैं ऐसे में लखनऊ अयोध्या हाईवे पर विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया जा रहा है भोर में ही ग्राम पंचायत अध्यक्ष व पंचायत सचिव अपनी टीम के साथ हाईवे के दोनों तरफ जिम्मेदारी पूर्ण सफाई करते हुए दिखाई दिए । विकासखंड बंकी के ग्राम पंचायत केवाडी में प्रधान जनाब शोएब व सचिव सर्वेश सिंह व सोनी सिंह भदौरिया के नेतृत्व में चले सफाई अभियान हाईवे के किनारे फैली गंदगी को नस्तनाबूत कर दिया गया । ग्राम प्रधान शोएब ने कहा सफाई अभियान निरंतर जारी रहेगा । उधर विकास खंड मसौली के हाईवे के किनारे गावो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया ग्राम पंचायत अधिकारी सुश्री सौम्या ने बताया कि सफाई को लेकर आज हाईवे के समीप की पंचायतों में अभियान चलाया गया है कूड़े के ढेर को हटा दिया गया है यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। वही हैदरगढ़ के हाईवे से सटी ग्राम पंचायत गोतौना , रनापुर , गोसूपुर , चौबीसी में भी सफाई अभियान चलाया गया ।

# प्रधान पर शौचालय दिलाने के नाम पर वसूली का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद बाराबंकी। खंड दरियाबाद के ग्राम पंचायत दनापुर क्यामपुर गांव निवासी संजीत कुमार ने शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी से शिकायत कर आरोप लगाया है कि वर्तमान ग्राम प्रधान विजय प्रताप ने शौचालय दिलवाने के नाम पर मुझसे 15 सौ रूपये की मांग की, आरोप है की संजीत ने सितंबर माह में ऑनलाइन के माध्यम से 15 सौ रूपये प्रधान के लड़के के खाते में भेज भी दिया। इसके बाबजूद पीड़ित को शौचालय का लाभ नहीं दिया गया। पीड़ित ने जब इसकी शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से की तो जांच में एडीओ पंचायत द्वारा ग्राम प्रधान का बचाव करते हुए जांच रिपोर्ट भेजी गई। बताया गया की जो पैसे पीड़ित से लिए गए है वो शौचालय चयन के लिए है। जांच रिपोर्ट में एडीओ पंचायत ने पीड़ित को 6000 रूपये की प्रथम किस्त दिए जाने की रिपोर्ट भेज दी। पीड़ित ने बताया की किस्त के 6000 रूपये उसको नही प्राप्त हुए। पीड़ित संजीत ने ग्राम प्रधान पर शौचालय और आवास लाभार्थियों से पैसे लेने का आरोप लगाया है।

# उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव बने : चौधरी मोहम्मद फहद



दरियाबाद बाराबंकी। दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र दरियाबाद कस्बा निवासी चौधरी मोहम्मद फहद को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम चौधरी मोहम्मद फहद को उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अंतर्गत प्रदेश सचिव मनोनीत किया है चौधरी मोहम्मद फहद ने बताया कि सन 2002 से कांग्रेस का दामन थामा हुआ है लगातार कांग्रेस पार्टी मेरे ऊपर विश्वास बनाई है इसलिए मैं हर गरीब आम जनमानस के घर-घर पहुंच कर कांग्रेस का प्रचार प्रसार कर 24 में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे छल कपट से लगातार एवं का घोटाला कर जीतने वाले सरकार को कांग्रेस पार्टी उखाड़ फेंकेगी युवाओं को रोजगार किसानों को लाभ कांग्रेस पार्टी देने का कार्य करेगी ।।

# श्री राम और सीता विवाह प्रसंग सुन भाव विभोर हो गए श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी । ग्राम पंचायत ज्योरी स्थित दुर्गा मंदिर पर चल रही साप्ताहिक श्रीराम कथा में शुक्रवार को कथा व्यास कुलदीप मृदुलांश ने सीता स्वयंवर एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद की कथा सुनाई। राम और सीता विवाह के मार्मिक प्रसंग को सुनाया। पूरा प्रांगण भक्ति भाव से सराबोर हो गया। श्री महाराज ने कहा सीता स्वयंवर में शामिल हुए राजाओं महाराजाओं के असफल होने के उपरांत जैसे ही भगवान श्री रामचंद्र ने धनुष तोड़ा उसकी टनकार तीनो लोक में सुनाई दी। शिव धनुष टूटने की टनकार सुनकर तपस्या रत भगवान परशुराम की आंख खुल गई। वह सीधे जनकपुर पहुंचे और मिथिला नरेश से कहा कि जिस किसी ने भी शिव धनुष तोड़ी है उसे सभा से निकालकर मेरे समक्ष प्रस्तुत करो नहीं तो मैं सभी राजाओं को मार डालूंगा परशुराम के क्रोध को शांत करने का भगवान श्रीराम ने काफी प्रयास किया लेकिन वह शांत नहीं हुए। इस बीच भगवान परशुराम और लक्ष्मण का तीखा संवाद हुआ।

*लखन कहा हँसि हमरें जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना?
का छति लाभु जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें।*


भावार्थः-लक्ष्मणजी ने हँसकर कहा- हे देव! सुनिए, हमारे जान में तो सभी धनुष एक से ही हैं। पुराने धनुष के तोड़ने में क्या हानि-लाभ! श्री रामचन्द्रजी ने तो इसे नवीन के धोखे से देखा था।

*बालकु बोलि बधउँ नहिं तोही। केवल मुनि जड़ जानहि मोही?
बाल ब्रह्मचारी अति कोही। बिस्व बिदित छत्रियकुल द्रोही।*

भावार्थः-मैं तुझे बालक जानकर नहीं मारता हूँ। अरे मूर्ख! क्या तू मुझे निरा मुनि ही जानता है। मैं बालब्रह्मचारी और अत्यन्त क्रोधी हूँ। क्षत्रियकुल का शत्रु तो विश्वभर में विख्यात हूँ।

अंत में भगवान श्रीराम ने उनके तरकश में रखे हुए श्री नारायण अस्त्र को नष्ट कर स्वयं के नारायण होने का प्रमाण दिया तब जाकर उनका क्रोध शांत हुआ। इसके बाद राजा जनक ने संदेशवाहको को अयोध्या भेजकर महाराज दशरथ को श्री राम सीता विवाह में बारातियों संग शामिल होने का न्योता भेजा। अयोध्या से हाथी घोड़ों व रथो पर सवार होकर भारी संख्या में बाराती जनकपुर पहुंचे यह बड़े ही धूमधाम से भगवान राम और सीता का विवाह संपन्न हुआ।

# 2047 तक बनेगा युवाओं के सपनो का भारत।डॉक्टर नीतू सिंह




कैनविज टाइम्स संवाददाता

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस,संगोष्ठी आयोजित

बाराबंकी।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर नीतू सिंह ने कहा कि 2047 तक युवाओं के सपनो का विकसित भारत जरूर बनेगा। वसुधैव कुटुंबकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के चलते आजादी के शताब्दी वर्ष में भारत विश्वगुरू की भूमिका में होगा।अभाविप की प्रांत अध्यक्ष शुक्रवार को अयोध्या हाईवे स्थित सिटी ग्रुप ऑफ कॉलेज के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थी।उन्होंने कहा कि 1947 में देश ने अंग्रजों से स्वतंत्रता प्राप्त की थी ,मगर 22 जनवरी 2024 की तिथि भारत की सांस्कृतिक स्वतंत्रता की तिथि है।कहा कि अतीत को ध्यान में रखते हुए ही भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। अपनी विरासत पर गर्व करने वाले लोग ही देश की सनातन संस्कृति की रक्षा कर सकते है।

बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )असीम अरुण ने कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति के बिना हम विकसित भारत नहीं बन सकते।कहा कि प्रत्येक भारतीय को अपने आचरण में ईमानदारी,कर्तव्यपरायणता तथा अनुशासन की अहमियत को जगह देनी होगी।कहा कि विश्वगुरु बनने के लिए हमे पहले विश्वशिष्य बनना होगा।सीखने की ललक व्यक्ति को प्रगति के पथ पर अग्रसित करती है।संगोष्ठी में मौजूद विद्यार्थियों से उन्होंने इंटरनेट मीडिया के सकारात्मक उपयोग की सलाह दी। राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तन्मयता से करने की हिदायत देते हुए उन्होंने उद्यमिता (स्टार्टअप,स्टैंडअप)में रुचि लेने का आह्वान भी किया। एडीएम व विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने कहा कि युवा इनोवेशन की जगह इंटरनेट प्लेटफार्म पर रील के जरिए इंप्रेशन बनाने में समय व्यर्थ कर रहे हैं,जो उनके भविष्य के लिए घातक सिद्ध होगा। बतौर कार्यक्रम अध्यक्ष विजय आनंद बाजपेई ने कार्यक्रम की प्रस्तावना एवम सिटी ग्रुप ऑफ कॉलेज की एमडी डॉक्टर ऐश्वर्या सिंह सभी का स्वागत किया। आई सर्जन डॉक्टर विवेक वर्मा ने सभी का आभार ज्ञापित किया।संचालन नगर मंत्री शुर्यांशु शर्मा ने किया।इस अवसर पर अभाविप के विभाग संगठन मंत्री सुमित प्रताप सिंह, अरुण रावत,नगर अध्यक्ष घनश्याम मौर्य,डॉक्टर अजय कुमार वर्मा, पीजे पांडेय,विजय कृष्ण यादव,आदर्श सिंह,आकाश शुक्ला,मोहम्मद कामिल,भूपेंद्र सिंह,योगेश सिंह,दिव्यांशु सिंह,रितेश सिंह,विशाल सिंह,पुष्पेंद्र,आयुष शर्मा मौजूद रहे।

### विवेकानंद के विशाल चित्र ने सभी को किया आकर्षित

बाराबंकी। रवि धीमान के नेतृत्व में जुटे कार्यक्रताओं की दस दिनों की दिन रात की गई मेहनत आखिर रंग लाई।मुख्य अतिथि असीम अरुण और प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर नीतू सिंह सहित सभी अतिथियों ने जब 30 हजार वर्ग फीट में बनी स्वामी विवेकानंद के विशाल चित्र को पांचवी मंजिल से निहारा तो सभी के मुंह से बरबस ही निकला - वाह! अद्भुत !

चित्र का अनावरण करने पहुंचे मुख्य अतिथि असीम अरुण ने रवि धीमान सहित उनके साथियों की जब पीठ थपथपाई तो चित्रकारों के चेहरे खिल उठे।। रवि धीमान ने बताया कि इस चित्रकारी को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए पंजीकृत कराया गया है। उनकी टीम में अमन कुमार , राहुल कुमार , रघुवेंद्र प्रताप सिंह , अर्जुन केडी,बृजेश कुमार ,विकास धीमान धीरज कुमार शामिल रहे।

# पत्नी से कहासुनी के बाद ट्रक चालक ने फांसी लगाकर दी जान

बाराबंकी। पत्नी से किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद घर मे लगे टीन शेड के सहारे फंदा लगाकर एक 33 वर्षीय युवक ने मौत को गले लगा लिया। शुक्रवार की सुबह परिजन जब सोकर उठे तो फंदे से लटका हुआ शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। इस बीच जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

मिली जानकारी के अनुसार घुंघटेर थाना क्षेत्र के बहामऊ मजरे ओदरिया गांव निवासी रामआशीष (33) पुत्र दयाराम यादव की कहासुनी गुरुवार की रात्रि पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी जिसके बाद रामआशीष गुस्से मे विवाद करके चला गया और रात भर घर नही लौटा परिजनों ने सोचा गुस्से मे कही गया होगा इसलिए खोजबीन भी करना जरुरी नही समझा और सुबह जब परिजन सोकर जागे तो रामआशीष का शव फंदे से झूलता मिलने के बाद परिजनो की चीख निकल गयी इस बीच किसी ग्रामीण ने पुलिस को जानकारी दे दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है। एक परिजन ने बताया की करीब दो माह पहले मृतक जो पेशेवर ट्रक चालक था और अपना ट्रक चलाना छोड़ दिया था और घर मे ही रह रहा था जिससे उसका प्रतिदिन पत्नी से कहासुनी होती थी लेकिन बीती रात कहासुनी अधिक होने के बाद उसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला खत्म कर ली अब इसके मासूम बच्चो का क्या होगा जिसके पिता ने साथ ही छोड़ दिया। थानाध्यक्ष घुंघटेर मनोज कुमार ने बताया की प्रथम दृष्टया मृतक शराब पीने का लती था जिससे उसका पत्नी से विवाद हुआ था बाद मे स्वयं ही फांसी लगाकर अपनी जान दी है किसी प्रकार की कोई तहरीर नही प्राप्त हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

# मुख्तार अंसारी गैंग के सक्रिय सदस्य अफरोज खान उर्फ चुन्नू की 1 करोड़ 45 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी।एसपी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस, प्रशासन की टीम ने मुख्तार अंसारी गिरोह के सक्रिय सदस्य व गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त अफ़रोज़ ख़ान उर्फ चुन्नू की जनपद लखनऊ में स्थित 01 करोड़ 45 लाख रुपये कीमत की संपत्ति को धारा 14(1) गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुनादी करवा कर कुर्क कर तत्कालीन एआरटीओ प्रशासन पंकज सिंह द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर नगर कोतवाली में मुख्तार अंसारी गिरोह की सक्रिय सदस्या डॉ. अल्का राय के ख़िलाफ़ श्याम संजीवनी हॉस्पिटल के नाम से आपराधिक षड़यत्र कर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर एक एम्बुलेन्स नं. यूपी 41 इछ 7171 एआरटीओ कार्यालय से पंजीकृत कराये जाने के सम्बन्ध में मु.अ.सं. 369/21 धारा 419/420/467/468/471 भा.द.वि. बनाम डॉ. अल्का राय पंजीकृत हुआ था।साक्ष्य संकलन के दौरान मुकदमा उपरोक्त में मुख्तार अंसारी व उसके अन्य दर्जन भर गुर्गों समेत गिरोह के सक्रिय सदस्य अफरोज खां उर्फ चुन्नू पुत्र फारूख खां निवासी महरूपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर का नाम प्रकाश में आया था। मुकदमा उपरोक्त में जुर्म धारा 120बी/177/506 भा.द.वि. व 7 सीएलए एक्ट के भी साक्ष्य पाये जाने पर धारा 419/420/467/468/471 भा.द.वि. सहित उपरोक्त धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था।

इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 287/2022 धारा 3(1) उ.प्र. गिरोह बन्द समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1986 से सम्बन्धित मुख्तार अंसारी गिरोह के सक्रिय सदस्य अफरोज खान उर्फ चुन्नू द्वारा विगत 10-12 वर्षों से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहकर अपराध से धनोपार्जन कर अपनी पत्नी के नाम पर जनपद लखनऊ के त्रिवेणी नगर तृतीय रूपनगर खदरा वार्ड में 171.635 वर्ग मीटर भू-खण्ड व उस पर निर्मित भवन व जनपद लखनऊ के ही इरादत नगर वार्ड कदम रसूल स्थित 55.20 वर्ग मीटर भू-खण्ड व उस पर निर्मित भवन अनुमानित मूल्य 01 करोड़ 45 लाख रुपये को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित कुर्की के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश को शुक्रवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा अन्तर्गत धारा 14(1) उ.प्र.गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत राज्य के पक्ष में कुर्क किया गया।

# सीएम आवास का निकल गया पैसा दर-दर भटक रही मूक बधिर विधवा

सूरतगंज बाराबंकी। एक ओर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ दलित,पिछड़े, अल्पसंख्यक गरीब,दबे,कुचले,असहाय निरीह और दिव्यांगों के विकास के लिए सरकारी खजानो को खोल रखा है। जिससे कि किसी भी गरीब असहाय जरूरतमंद के विकास में कोई बाधा ना आवे परंतु बिचौलिए योगी आदित्यनाथ और देश के प्रधानमंत्री के सपनों को चकनाचूर करने पर आमादा हैं। इसका जीता जागता एक प्रकरण फतेहपुर ब्लॉक इलाके के मनाजूपुर मजरे सिहाली से सामने आया है। जहां की निवासिनी विधवा मूक बधिर रामपति पत्नी स्वर्गीय रमई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आवास दिया गया। और उसके बैंक खाते में पैसे भी आए परंतु उस मूक बधिर विधवा के आवास को छत नसीब नहीं हो सकी। जरा सोचिए कि इस भीषण ठंड में वह निराश्रित मूकबधिर विधवा महिला जाए तो कहां जाए। बड़ी बात यह है कि ग्राम प्रधान और सचिव वहां तक जाना मुनासिब नहीं समझते। आखिर ग्राम प्रधान को मानदेय और सचिव को वेतन किस बात का मिलता है यह अपने आप में बड़े सवाल हैं। मामला प्रकाश में आने के बाद उक्त मामले पर जब हमारे संवाददाता ने खंड विकास अधिकारी फतेहपुर आलोक वर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नहीं है जांच करवाई जाएगी जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। खैर खंड विकास अधिकारी ने जांच का नाम देकर पल्ला झाड़ लिया परंतु क्या हकीकत में एक गरीब मूकबधिर विधवा महिला को छत मिलेगी अथवा नहीं यह अब भविष्य के गर्भ में है। संबंधित जिम्मेदार कर्मचारी व प्रधान पर कार्रवाई होगी यह भी अपने आप में बड़े सवाल है।

# भारतीय जनता पार्टी की सरकार घर-घर पहुंच रही है योजनाओं का लाभ : राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद बाराबंकी । विकास खण्ड पूरेडलई अन्तर्गत नियामतपुर, व सराय बरई में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ सराय बरई में ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र गुप्ता के द्वारा राज्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया वही नियामतपुर में ग्राम प्रधान अहिबरन यादव व विरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में भव्य स्वागत किया गया बालिकाओं के द्वारा मनमोहक सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत किया गया मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहां कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से केंद व प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का बहुत ही सरल माध्यम है सतीश चंद्र शर्मा ने कहां कि पहले गुंडे मवाली भूमाफियाओं का बोलबाला रहता था लेकिन अब देखो सभी गुंडे मवाली भूमिया मिट्टी में मिला दिए गए इसके दौरान उन्होंने कहा की अयोध्या में देखो 500 वर्षों के बाद प्रभु श्री राम का आसमान छूने तक का मंदिर बनकर तैयार हो गया है और मोदी जी ने जो नारा दिया था की मंदिर वहीं बनाएंगे तारीख नहीं बताएंगे वह भी आज संभव हो पाया है सभी राम भक्तों व देशवासियों में काफी उत्साह है और विरोधी दल की पार्टियां खिसियानी बिल्ली जैसे खंभा नोच रही हैं विशिष्ट अतिथि पूरेडलई ब्लाक प्रमुख रत्नेश सिंह मिन्टू ने जनसभा को संबोधित कर सरकार की चल रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया और कहा कि जिन्हें इस योजनाओं का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है जो वंचित रह गए हैं उन्हें हर संभव लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया इस मौके पर ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र गुप्ता, ग्राम प्रधान अहिबरन यादव, विरेन्द्र कुमार वर्मा, डाक्टर राकेश यादव, खण्ड विकास अधिकारी शिवजीत सिंह, एडीओ पंचायत योगेन्द्र कुमार, सचिव आलोक कुमार गौतम, सचिव मनीष कुमार सिंह, सचिव सचिव सत्यदेव, जेई सुमित मौर्या, सत्या दूबे, प्रधानाध्यापक अजय सोनी , राकेश श्रीवास्तव, जल निगम के कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग आंगनबाड़ी समाज कल्याण विभाग स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही!

# शादी का झांसा देकर बनाए सम्बन्ध , महिला हुई गर्भवती

बाराबंकी कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी युवती ने लगभग 7 माह तक शारीरिक संबंध करने के बाद गर्भवती होने पर मारपीट कर घर से भाग देने का आरोप लगाया है

कोठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी युवती ने रहीमपुर थाना कोठी के निवासी विकास पुत्र मंसाराम के खिलाफ शिकायत कर आरोप लगाया है कि लगभग 7 माह पूर्व उसे प्यार के जाल में फस कर अपने घर ले जाकर रखा और इस दौरान कई बार उससे शारीरिक संबंध भी बनाएं इसके चलते युवती चार माह की गर्भवती हो गई 2 दिन पूर्व मारपीट कर घर से भगा दिया पीड़ित युवती ने इसकी शिकायत पुलिस से कर कार्यवाही की मांग की है

कोठी पुलिस का कहना है शिकायत मिली है पूरे प्रकरण की जांच कराकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी

# शीतलहरी से निराश्रित एवं असहाय व्यक्तियों को राहत पहुँचाने के लिये की गयी हैं पर्याप्त व्यवस्थायें : अरुण कुमार सिंह



बाराबंकी। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने बताया कि शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाने के लिये शासन के निर्देशानुसार जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय क्षेत्रों पर्याप्त व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी हैं। उन्होने बताया कि जनपद में 22 रैनबसेरा (आश्रय गृह) संचालित हैं।

साथ ही 415 अलाव जलवाये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 6378 कम्बल राजस्व विभाग की ओर से जरूरतमंदों को वितरित किये गये हैं ।

उल्लेखनीय है कि ठंड से पीड़ित व्यक्तियों के समुचित इलाज हेतु जनपद में समस्त प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक की तैनाती एवं पर्याप्त आवश्यक औषधियों की व्यवस्था किये जाने के निर्देश के क्रम में व्यवस्थायें मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सुनिश्चित की गयी है,

तथा किसी परिवार में भूख एवं कुपोषण की स्थिति उत्पन्न होने पर ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी/लेखपाल की समिति जिसका अध्यक्ष ग्राम प्रधान है को तत्काल आपसी सहमति से या किसी आकस्मिकता में अकेले ग्राम प्रधान को प्रभावित परिवार को तत्काल राहत प्रदान करने के निर्देश दिये गये हैं, साथ ही सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश निर्गत हैं कि किसी भी स्थिति में किसी की मृत्यु भोजन, वस्त्र, आश्रय एवं चिकित्सा के अभाव में न हो। इसके अतिरिक्त अलाव जलाये जाने वाले स्थलों का सतत अनुश्रवण एवं औचक निरीक्षण व सत्यापन किये जाने हेतु समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका और समस्त नगर पंचायतों को निर्देश दिये गये हैं।

# पेरिस 2024 में जगह बनाने की लड़ाई शनिवार से होगी शुरू, भारतीय महिला हॉकी टीम तैयार

एजेंसी



रांची। पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने की लड़ाई शनिवार से शुरू होगी, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 शनिवार को झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ पर शुरू होगा। मैदान में आठ टीमों में पूल ए में दुनिया की नंबर 5 जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं, जबकि मेजबान भारत को न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ पूल बी में रखा गया है। टूर्नामेंट में केवल शीर्ष 3 टीमें ही क्वालीफिकेशन में जगह बनाएंगी। लगातार तीसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने की कोशिश में सविता की अगुवाई वाली भारतीय महिला हॉकी टीम अपनी संभावनाओं को लेकर आशावादी है। आत्मविश्वास से भरपूर भारतीय कप्तान सविता ने कहा,''हम टूर्नामेंट के लिए तैयार हैं। पूरी टीम समझती है कि यह पेरिस ओलंपिक के सपने की ओर पहला कदम है। हमने एक व्यक्ति और एक टीम के रूप में खुद पर काम किया है। हमारा ध्यान अपनी ताकत पर होगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत शनिवार को संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ मैच से करेगी। भारतीय टीम ने 2019 ओलंपिक क्वालीफायर में अमेरिका को हराया था और इस बार भी वह उसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी। सविता ने कहा, ''जब हम अमेरिका से भिड़ेंगे तो दबाव होगा। इसमें कोई शक नहीं, वे एक अच्छी टीम हैं। लेकिन जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, हर मैच और हर टूर्नामेंट में दबाव होता है, यह कोई अलग बात नहीं है। हमने मानसिक रूप से खुद पर काम किया है और मैच में कठिन परिस्थितियों से कैसे पार पाया जाए, इस पर काम किया है। ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने के दबाव के बारे में मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, ''ओलंपिक सबसे बड़ा टूर्नामेंट है, इसलिए निश्चित रूप से दबाव होगा। यहां हर टीम ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना चाहती है और टीम अपनी चुनौतियों से वाकिफ है। लेकिन जैसा कि सविता ने कहा, टीम अच्छी तरह से तैयार है और रांची में खेलना फायदेमंद है। हमने देखा कि जब एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी यहां आयोजित हुई थी तो दर्शकों ने टीम का कितना समर्थन किया था, मेरा मानना है कि इस बार भी उनका समर्थन मायने रखेगा। हमारी टीम अपनी क्षमता के अनुरूप खेलती है, मुझे पता है कि हमारे पास क्वालीफाई करने का पक्का मौका है।

# आईसीसी के सीईओ ने श्रीलंका के खेल मंत्री, राष्ट्रपति से की मुलाकात

एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने श्रीलंका के नए खेल मंत्री के साथ-साथ देश के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से देश में क्रिकेट प्रशासन से संबंधित राजनीतिक स्थिति की बेहतर समझ हासिल करने के लिए की गई एक संक्षिप्त यात्रा के दौरान मुलाकात की है। नवंबर में, आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) की सदस्यता को निलंबित कर दिया था, और इसके बाद देश से पुरुष अंडर-19 विश्व कप की मेजबानी का अधिकार भी छीन लिया था। एलार्डिस के साथ अपनी बैठक के बाद, खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया कि इस जोड़ी ने एसएलसी के लिए आगे बढ़ने के रास्ते पर चर्चा की। उस बैठक के बाद, एलार्डिस ने राष्ट्रपति विक्रमसिंघे से भी मुलाकात की, जिनके साथ समझा जाता है कि उन्होंने एसएलसी के संविधान में संभावित बदलावों पर चर्चा की। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, एलार्डिस अब अपने निष्कर्षों की रिपोर्ट आईसीसी के बोर्ड को देंगे, जिसकी बैठक मार्च के अंत में होने वाली है और उनके एजेंडे में एसएलसी की सदस्यता का मामला होने की संभावना है। आईसीसी द्वारा एसएलसी का निलंबन आधिकारिक तौर पर कथित सरकारी हस्तक्षेप पर आधारित था। 6 नवंबर को, पिछले खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने पूरे एसएलसी बोर्ड को बर्खास्त करने की मांग की थी, लेकिन श्रीलंकाई न्यायपालिका ने अनिवार्य रूप से अगले दिन उस फैसले को उलट दिया, और मंत्री के राजपत्र पर स्थगन आदेश जारी किया। हालाँकि, कुछ दिनों के बाद, आईसीसी ने एसएलसी के अपने अधिकारियों के आदेश पर एसएलसी को निलंबित कर दिया, जिनका उस समय तत्कालीन खेल मंत्री रणसिंघे के साथ गंभीर मतभेद था। इसके बाद उस मंत्री को अब बर्खास्त कर दिया गया है, और एसएलसी के लिए एक योग्य मंत्री अब आ गया है, बोर्ड के सदस्यों को आंतरिक रूप से विश्वास हो गया है कि एसएलसी को अगली बोर्ड बैठक में पूर्ण सदस्य के रूप में बहाल किया जाएगा। क्रिकेट के साथ श्रीलंका की राजनीति के अंतर्संबंध की प्रकृति को समझने के लिए आईसीसी कार्यकारी द्वारा श्रीलंका की यह दूसरी यात्रा है। 2023 के मध्य में, आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा संभावित सरकारी हस्तक्षेप की जांच के लिए श्रीलंका आए। समझा जाता है कि उस मौके पर ख्वाजा को बोर्ड को निलंबित करने के लिए तत्काल सबूत नहीं मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### 2025 में भारत में लौट सकती है फॉर्मूला ई रेस : सह संस्थापक अलबर्टो लोंगो

मैक्सिको सिटी। फॉर्मूला ई के सह संस्थापक अलबर्टो लोंगो ने कहा कि यह रेस 2025 में भारत में लौट सकती है और दूसरे शहरों से रेस की मेजबानी के बारे में बात जल्दी ही शुरू की जायेगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हैदराबाद ई प्री रद्द होने के बावजूद वह भारत में रेस कराने को लेकर उत्सुक हैं। हैदराबाद रेस दस फरवरी को होनी थी लेकिन एक सत्र के बाद ही पिछले सप्ताह रद्द कर दी गई। फॉर्मूला ई ने तेलंगाना की नयी सरकार पर मेजबान शहर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाया। लोंगो ने कहा ,'' हम भविष्य में भारत में लौटने पर काम कर रहे हैं। हम दूसरे शहरों से बातचीत करेंगे। उम्मीद है कि 2025 में भारत में रेस का आयोजन हो सकेगा। उन्होंने बताया कि एक भारतीय शहर ने इलेक्ट्रिक रेस की मेजबानी में रूचि जताई है। उन्होंने कहा ,'' अभी अभी हैदराबाद रेस रद्द हुई है। हमसे एक शहर ने संपर्क किया है लेकिन अभी उसके नाम का खुलासा नहीं कर सकता। हम भारत में जल्दी ही लौटेंगे। भारत में पिछले साल पहली इलेक्ट्रिक रेस हुई थी। तेलंगाना के तत्कालीन आईटी मंत्री केटी रामाराव ने हैदराबाद को मेजबानी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद उनकी पार्टी बीआरएस चुनाव हार गई और अब कांग्रेस सरकार रेस के आयोजन को लेकर उतनी उत्साहित नहीं है। फॉर्मूला ई के दसवें सत्र की शुरूआत यहां शनिवार को रेस के साथ होगी।

### आईसीसी सीईओ के दौरे के बाद श्रीलंका क्रिकेट को निलंबन हटने की उम्मीद

कोलंबो। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सीईओ जैफ अलार्डिस ने हाल ही में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और खेलमंत्री हारिन फर्नांडो से 'सार्थक' बातचीत की है जिसके बाद श्रीलंका क्रिकेट ने उस पर लगा अंतरराष्ट्रीय निलंबन वापिस लिये जाने की उम्मीद जताई है। आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट के कामकाज में राजनीतिक दखल का हवाला देकर पिछले साल नवंबर में उसे निलंबित कर दिया था। श्रीलंका में होने वाला अंडर 19 विश्व कप भी दक्षिण अफ्रीका में आयोजित कराने का फैसला लिया गया। अलार्डिस से बैठक के बाद फर्नांडो ने एक्स पर पोस्ट किया कि उनकी बातचीत सार्थक रही। अलार्डिस अब आईसीसी बोर्ड को रिपोर्ट देंगे जिसकी बैठक मार्च में होनी है। इससे पहले पिछले साल जून में आईसीसी उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा ने भी श्रीलंका का दौरा किया था। पिछले साल नवंबर में तत्कालीन खेलमंत्री रोशन रणसिंघे ने समूचे श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को भंग करके पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा की अध्यक्षता में अंतरिम समिति का गठन किया था। इस फैसले पर हालांकि अदालत ने रोक लगा दी। आईसीसी ने भी श्रीलंका क्रिकेट को निलंबित कर दिया था। रणसिंघे के पद से हटाये जाने के बाद श्रीलंका क्रिकेट पर लगा निलंबन हटने की उम्मीद बंधी है।

### टेस्ट श्रृंखला, आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन से विश्व कप टीम में जगह बनाने पर अक्षर की नजरें

मोहाली। चोट के कारण वनडे विश्व कप से बाहर रहे स्पिनर अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी नजरे आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करके जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने पर लगी है। अक्षर ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने कहा ,'' मेरा काम अपना शत प्रतिशत देना है। मैं विश्व कप टीम चयन के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा। अगर सोचूंगा तो दबाव में आ जाऊंगा। उन्होंने कहा ,'' अभी मेरा फोकस आईपीएल पर है और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है। भारत को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्व कप से पहले दो और टी20 मैच खेलने हैं। अक्षर ने कहा ,'' हमें विश्व कप से पहले दो ही टी20 और खेलने है जिसके बाद आईपीएल है। मुझे पता है कि प्रतिस्पर्धा कड़ी है लेकिन मेरी स्पर्धा खुद से ही है। मैं अपने हुनर पर मेहनत करना चाहता हूं। उन्होंने कहा ,'' यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि मैं चोट के कारण विश्व कप नहीं खेल सका लेकिन इस दौरान मैने अपने खेल पर मेहनत की। मैं एनसीए में अपने खेल पर काम कर रहा था। मेरे पास लेग स्पिनर की तरह विविधता नहीं है लिहाजा बायें हाथ के स्पिनर के तौर पर मैने अपनी गेंदबाजी पर मेहनत की।

### यात्री वाहनों की थोक बिक्री दिसंबर में चार प्रतिशत बढ़कर 2,86,390 इकाई

नयी दिल्ली। घरेलू यात्री वाहन की थोक बिक्री दिसंबर 2023 में चार प्रतिशत बढ़कर 2,86,390 इकाई हो गई। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वाहन निर्माताओं ने दिसंबर 2022 में 2,75,352 यात्री वाहनों की डिलीवरी की थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया वाहनों की घरेलू थोक बिक्री दिसंबर 2023 में 16 प्रतिशत बढ़कर 12,11,966 इकाई रही, जो दिसंबर 2022 में 10,45,052 इकाई थी। इसी तरह दिसंबर 2022 में 38,693 इकाइयों की तुलना में दिसंबर 2023 में तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 50,537 इकाई रही।

### बंगाल के परिधान उद्योग की क्रेताओं एवं विक्रेताओं की बैठक से 850 करोड़ रुपये का कारोबार

कोलकाता। डब्ल्यूबीजीएमडीए की परिधान क्रेताओं एवं विक्रेताओं की 55वीं बैठक में थोक सौदों से अनुमानित 850 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, पश्चिम बंगाल गारमेंट एंड मैन्युफैक्चरर एंड डीलर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूबीजीएमडीए) के तीन दिवसीय कार्यक्रम में 900 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड ने हिस्सा लिया। डब्ल्यूबीजीएमडीए के अध्यक्ष हरी किशन राठी ने कहा, '' यह उद्योग पहले से ही देश में सबसे बड़े कार्यबल में से एक है। इससे 50 लाख से अधिक कर्मचारी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि 900 राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय ब्रांड की भागीदारी से 850 करोड़ रुपये का व्यापारिक लेनदेन बंगाल के रेडीमेड परिधान उद्योग का विस्तार करने की इस बैठक की क्षमता को और बढ़ता है। हम कपड़ा और परिधान क्षेत्र, खासकर कपड़ा व्यवसायों तथा विपणन अवसरों को बढ़ावा देने में सरकार के निरंतर समर्थन के बेहद आभारी हैं।

# आईएलटी20: एमआई एमिरेट्स के गेंदबाजी कोच नियुक्त हुए मिचेल मैक्लेनाघन

एजेंसी




नई दिल्ली। चार बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने तेज गेंदबाज मिशेल मैक्लेनाघन को अपने आईएलटी20 सहयोगी एमआई अमीरात का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। मैक्लेनाघन मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में खेल चुके हैं। कोच के रूप में यह मैक्लेनाघन की पहली प्रमुख भूमिका होगी, उन्होंने आखिरी बार 2021 में पेशेवर रूप से खेला था। उन्होंने 48 एकदिवसीय और 29 टी20ई में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रमशः 82 और 30 विकेट लिए हैं। मैक्लेनाघन रॉबिन सिंह के अधीन काम करेंगे, जिन्हें आईएलटी20 का पहला सीज़न एमआई एमिरेट्स के महाप्रबंधक के रूप में बिताने के बाद मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। सिंह, जिन्होंने पिछले साल यूएई पुरुष टीम के कोच का पद छोड़ दिया था, शेन बॉन्ड की जगह लेंगे, जिन्होंने मुंबई का वैश्विक नेटवर्क छोड़ दिया है और एसए20 में पार्ल रॉयल्स की कमान संभाली है। अजय जडेजा, जिन्होंने 2023 विश्व कप अफगानिस्तान के मेंटर के रूप में बिताया, वह भी बल्लेबाजी कोच के रूप में एमआई अमीरात के बैकरूम स्टाफ में शामिल हो गए हैं। विनय कुमार (सहायक कोच) और जेम्स फ्रैंकलिन (क्षेत्ररक्षण कोच) आईएलटी20 के उद्घाटन सत्र से अपनी भूमिका में बने रहेंगे। एमआई अमीरात ने हाल ही में घोषणा की कि निकोलस पूरन इस सीज़न में उनके कप्तान होंगे, जो एसए20 में डरबन के सुपर जाइंट्स के साथ एक छोटे कार्यकाल के बाद जुड़ेंगे। कई अन्य फ्रेंचाइजी ने 19 जनवरी से शुरू होने वाले 2024 सीज़न से पहले अपने कोच बदल दिए हैं। जोहान बोथा ने शारजाह वॉरियर्स में पॉल फारब्रेस की जगह ली है, जबकि हमवतन जेपी डुमिनी उनके सहायक हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर को मोईन अली की जगह कप्तान बनाया गया है। इसके अलावा, हेमांग बदानी ने दुबई कैपिटल्स के कोच के रूप में फिल सिमंस की जगह ली है।

## बायर्न म्यूनिख ने इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एरिक डिएर के साथ किया करार

बर्लिन। बायर्न म्यूनिख ने इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एरिक डिएर के साथ करार किया है। गुरुवार को क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी घोषणा की गई। 29 वर्षीय सेंटर-बैक डिएर का क्लब के साथ जून 2024 तक करार है, जिसमें सौदे को एक अतिरिक्त वर्ष के लिए बढ़ाने का विकल्प शामिल है। बायर्न के खेल निदेशक क्रिस्टोफ फ्रायंड ने एक बयान में कहा,''हमें खुशी है कि हम एरिक डिएर के साथ करार करने में सक्षम हुए। उन्होंने लंबे समय तक इस स्थानांतरण अवधि के लिए हमारे विचारों में भूमिका निभाई है। एरिक हमारी रक्षा पंक्ति के एक मूल्यवान हिस्सा होंगे। उनके एथलेटिक कौशल और अंतरराष्ट्रीय अनुभव से टीम को मदद मिलेगी। डिएर सेंट्रल और राइट-बैक दोनों स्थितियों के साथ-साथ रक्षात्मक मिडफ़ील्ड में भी खेलने में सक्षम है। डिएर 2014 में स्पर्स में शामिल हुए और 365 मैचों में हिस्सा लिया।

# जादोन सांचो ऋण पर मैनचेस्टर यूनाइटेड से बोरुसिया डॉर्टमुंड में फिर से हुए शामिल

एजेंसी



बर्लिन। आक्रामक विंगर जादोन सांचो सीजन के अंत तक ऋण समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद बोरुसिया डॉर्टमुंड (बीवीबी) में फिर से शामिल हो गए हैं, जर्मन बुंडेसलिगा क्लब और मैनचेस्टर यूनाइटेड दोनों ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में इसकी पुष्टि की है।

डॉर्टमुंड के खेल निदेशक सेबेस्टियन केहल ने कहा, ''जादोन एक ऐसा खिलाड़ी है जो अंतर पैदा कर सकता है। मैं उसे हमारे संगठन में देखने के लिए उत्सुक हूं। वह शहर, स्टेडियम, समर्थकों और क्लब को जानता है। भले ही उसने कुछ महीनों से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है, हमें यकीन है कि वह जल्द ही हमारे साथ वापस आ जाएगा और लय पकड़ लेगा। उसके गुण हमें अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद करेंगे। 23 वर्षीय सांचो बुंडेसलीगा से अच्छी तरह परिचित हैं, वह 2017 में मैनचेस्टर सिटी से एक युवा खिलाड़ी के रूप में बीवीबी में शामिल हुए थे। वह 2017 और 2021 के बीच डॉर्टमुंड के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक बन गए, उन्होंने 137 मैचों में 64 सहायता और 50 गोल किए। बुंडेसलीगा में उनके असाधारण प्रदर्शन के कारण उन्हें इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया, जहां उन्होंने अब तक 23 मैच खेले हैं। क्लब में शामिल होने पर सांचो ने कहा,''जब मैं ड्रेसिंग रूम में आया, तो ऐसा लगा जैसे मैं घर आ गया हूं। मैं क्लब को अंदर और बाहर से जानता हूं, मैं हमेशा यहां समर्थकों के साथ बहुत करीब रहा हूं, और मैंने कभी भी प्रभारी लोगों के साथ संपर्क नहीं खोया है। मैं अपने साथियों को फिर से देखने का और इंतजार नहीं कर सकता। मैनचेस्टर में, सांचो को अपने प्रभावशाली प्रदर्शन को दोहराने के लिए संघर्ष करना पड़ा, और यूनाइटेड के मैनेजर एरिक टेन हाग के साथ विवाद ने उनके खेलने के समय पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। फिर भी, सांचो डॉर्टमुंड के साथ सीज़न का दूसरा भाग पूरा करने के बाद इंग्लैंड लौट आएंगे, क्योंकि दोनों क्लब ऋण सौदे के लिए स्थायी विकल्प पर सहमत होने में असमर्थ थे। बोरुसिया डॉर्टमुंड वर्तमान में बुंडेसलिगा स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर है, जो कि अग्रणी बायर लीवरकुसेन से 15 अंक पीछे है। क्लब शनिवार को डार्मस्टेड के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने बुंडेसलीगा अभियान को फिर से शुरू करेगा।

# ऑस्ट्रेलियन ओपनः सुमित नागल ने मुख्य ड्रा के लिए किया क्वालीफाई, पहले दौर में बुब्लिक से होगा सामना



एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग फाइनल में व्यापक जीत दर्ज करने के बाद आगामी ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की कर ली है। 26 वर्षीय नागल ने स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन को दो घंटे से कम समय तक चले मैच में सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम इवेंट के मुख्य दौर में प्रवेश किया। नागल, वर्तमान में एकल विश्व रैंकिंग में 139वें स्थान पर हैं, उन्होंने 2019 और 2020 में यूएस ओपन के मुख्य दौर में जगह बनाई और फिर 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में शामिल हुए। ऑस्ट्रेलिया ओपन के पहले दौर में नागल का मुकाबला वर्ल्ड नंबर-31 कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चे तेल में उछाल, 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब


एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का मूल्य करीब 2 डॉलर उछलकर 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 1.81 डॉलर यानी 2.34 फीसदी की उछाल के साथ 79.22 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 1.80 डॉलर यानी 2.50 फीसदी की बढ़त के साथ 73.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# सर्राफा बाजार में सपाट कारोबार, सोना व चांदी की कीमतों में बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सपाट कारोबार होता नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज सोना और चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसके कारण सर्राफा बाजार में आज गुरुवार के भाव पर या उसके करीब ही कारोबार हो रहा है।

भाव में बदलाव नहीं होने के कारण चेन्नई को छोड़ कर देश के अधिकांश सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज भी चेन्नई के अलावा दूसरे सर्राफा बाजारों में 58 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे बना हुआ है। इसी तरह चांदी भी आज दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार के भाव पर ही यानी 76 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज भी 62,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 62,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 62,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,880 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 62,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# विकसित भारत के निर्माण का मार्ग गुजरात से होकर गुजरता है: नारायण राणे

गांधीनगर। वाइब्रेंट गुजरात समिट के तीसरे दिन शुक्रवार को केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र एवं गुजरात सरकार द्वारा एमएसएमई विकास के लिए उठाए गए निर्णय परिणामोन्मुखी सिद्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के माध्यम

## वाइब्रेंट समिट को राज्य के जिलों तक विस्तृत किया: मुख्यमंत्री



से गुजरात देश में सर्वाधिक रोजगार प्रदान करता है। ट्रांसपोर्ट तथा टेक्सटाइल क्षेत्र में गुजरात उद्योगपतियों की पहली पसंद है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का मार्ग गुजरात से होकर गुजरता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत महासत्ता बनेगा। आयोजन में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप वाइब्रेंट समिट के 10वें एडिशन को गांधीनगर तक सीमित न रखते हुए राज्य के जिलों तक विस्तृत किया गया है। इस वर्ष की वाइब्रेंट समिट में सरकार ने 'वाइब्रेंट गुजरात वाइब्रेंट डिस्ट्रिक्ट' से राज्य में जिला व तहसील स्तर पर कार्यरत छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने, डवलपमेंट और एक्सपॉन्शन का प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने वाली प्रणाली अपनाई गई है।

मुख्यमंत्री ने वाइब्रेंट गुजरात 2024 के तीसरे दिन शुक्रवार को एमएसएमई कॉन्क्लेव में देशभर से आए छोटे, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग के उद्यमियों, निवेशकों और नीति निर्धारकों को संबोधित करते हुए कहा कि दो दशक के बाद जब आधुनिक फैसिलिटीस उपलब्ध हैं, तब हमने 'वोकल फॉर लोकल' के जरिये वाइब्रेंट समिट को ग्लोबल प्लेटफॉर्म बनाने के साथ-साथ राज्य के छोटे-लघु उद्यमियों को विकसित करने का स्थानीय मंच भी खड़ा किया है।

राज्य के उद्योग मंत्री बलवंत सिंह राजपूत ने कहा कि ई-कॉमर्स में तीसरे क्रम पर आकर गुजरात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के सपने को साकार करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि देश के निर्यात में गुजरात के 16 लाख से अधिक छोटे उद्योगकार विशेष योगदान दे रहे हैं।

वाइब्रेंट समिट के अंतिम दिन गृह एवं उद्योग राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि एमएसएमई उद्योग गुजरात के हृदय के समान हैं। वाइब्रेंट गुजरात 2024 प्लेटफॉर्म सभी वर्गों के लिए कोई न कोई भेंट लेकर आया है। वाइब्रेंट गुजरात से बिजनेस हाउसेज को बड़ा प्लेटफॉर्म मिला है। एमएसएमई ग्रामीण क्षेत्र के उद्योगों को ई-कॉमर्स में आगे ले जाने के सबल माध्यम से एमएसएमई से सामाजिक क्षेत्र में बदलाव आया है। केन्द्रीय एमएसएमई सचिव सुभाष चंद्र लाल दास, हेस्टर बायोसाइंसेज के सीईओ तथा एमडी राजीव गांधी, फिक्की के अध्यक्ष गिरीश लूथरा ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह में नेमटेक के उमेश नायर तथा उद्योग आयुक्त संदीप सागले के बीच 'रिवॉल्यूशनाइजिंग, लर्निंग एंड एजुकेशन' तथा सिडबी के प्रकाश कुमार एवं गुजरात सरकार के उद्योग आयुक्त संदीप सागले के बीच 'मिशन स्वावलंबन' पर एमओयू हुए।

# प्रधानमंत्री ने श्रीराम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए शुरू किया 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए शुक्रवार से 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान शुरू किया है। अयोध्या में 22 जनवरी को 'प्राण प्रतिष्ठा' का कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्र के नाम एक भावनात्मक संदेश में कहा कि भव्य आयोजन से पहले पूरे देश को 'राम भक्ति' की भावना से सराबोर किया जा रहा है। मोदी ने कहा, ल्लजीवन के कुछ क्षण, ईश्वरीय आशीर्वाद की वजह से ही यथार्थ में बदलते हैं। आज हम सभी भारतीयों के लिए, दुनिया भर में फैले रामभक्तों के लिए ऐसा ही पवित्र अवसर है। हर तरफ प्रभु श्रीराम की भक्ति का अद्भुत वातावरण। चारों दिशाओं में राम नाम की धुन, राम भजनों की अद्भुत सौन्दर्य माधुरी। हर किसी को 22 जनवरी का इंतजार है और अब अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन ही बचे हैं। प्रधानमंत्री ने इस क्षण को भगवान का आशीर्वाद बताते हुए कहा कि वह भावनाओं से अभिभूत हैं। उन्होंने कहा, ल्लमेरा सौभाग्य है कि मुझे भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनने का अवसर मिल रहा है। ये मेरे लिए कल्पनातीत अनुभूतियों का समय है। मैं भावुक हूं, भाव-विह्वल हूं! मैं पहली बार जीवन में इस तरह के मनोभाव से गुजर रहा हूं, मैं एक अलग ही भाव-भक्ति की अनुभूति कर रहा हूं। मेरे अंतर्मन की ये भाव-यात्रा, मेरे लिए अभिव्यक्ति का नहीं, अनुभूति का अवसर है। चाहते हुए भी मैं इसकी गहनता, व्यापकता और तीव्रता को शब्दों में बांध नहीं पा रहा हूं। आप भी मेरी स्थिति भली भाँति समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस स्वप्न को अनेक पीढ़ियों ने वर्षों तक एक संकल्प की तरह अपने हृदय में जिया, मुझे उसकी सिद्धि के समय उपस्थित होने का सौभाग्य मिला है। प्रभु ने मुझे सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया है। प्रधानमंत्री ने इसे एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए कहा, ल्लहमारे शास्त्रों में कहा गया है कि ईश्वर के यज्ञ, आराधना के लिए, स्वयं में भी दैवीय चेतना जाग्रत करनी होती है। इसके लिए शास्त्रों में व्रत और कठोर नियम बताए गए हैं, जिन्हें प्राण प्रतिष्ठा से पहले पालन करना होता है। इसलिए, आध्यात्मिक यात्रा की कुछ तपस्वी आत्माओं और महापुरुषों से मुझे जो मार्गदर्शन मिला है। उन्होंने जो यम-नियम सुझाए हैं, उसके अनुसार मैं आज से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस पवित्र अवसर पर मैं परमात्मा के श्रीचरणों में प्रार्थना करता हूं। ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों का पुण्य स्मरण करता हूं और जनता-जनार्दन, जो ईश्वर का रूप है, उनसे प्रार्थना करता हूं कि आप मुझे आशीर्वाद दें ताकि मन से, वचन से, कर्म से मेरी तरफ से कोई कमी ना रहे।

# देश में शहरी प्रशासन के लिए 2023 एक असाधारण वर्ष रहा : हरदीप सिंह पुरी

एजेंसी



नई दिल्ली,। केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण पर विशेष ध्यान देने के साथ शहरी बुनियादी ढांचे को विकसित करने और शहरी प्रशासन को मजबूत करने के लिए 2014 से 2023 के बीच परिवर्तनकारी कार्य किए। केंद्र सरकार के हस्तक्षेप से समाज के विभिन्न वर्गों को काफी लाभ हुआ है। इसमें रेहड़ी-पटरी वाले, शहरी श्रमिक और निम्न व मध्यम आय वर्ग के लोग शामिल हैं, जो नल के पानी के कनेक्शन, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सेवाओं की तलाश में रहे हैं। उनके लिए 2023 देश में शहरी शासन के लिए एक असाधारण वर्ष रहा। आवास और शहरी मामलों और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि 2014 के बाद से शहरी विकास में 18.07 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। प्रधान मंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई (यू) योजना के तहत 1.18 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है। यह आंकड़ा जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण योजना (जेएनएनयूआरएम) और राजीव आवास योजना (आरएवाई) के तहत पहले के 13.46 लाख घरों की तुलना में लगभग 9 गुना है। मंत्री ने आगे कहा कि पीएम स्व-निधि योजना के तहत 50 लाख लाभार्थियों के बीच 10,000 करोड़ रुपये वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत 12 लाख घरों का निर्माण पूरा किया। अमूमन हर महीने औसतन 1 लाख घरों का निर्माण कर दिया गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0 के तहत 879 लाख मीट्रिक टन कचरे का निपटान किया। 336 डंपसाइटों को साफ़ किया और 3,708 एकड़ भूमि को पुनः प्राप्त किया। गोबरधन योजना के तहत जैविक कचरे से प्रभावी संसाधन पुनर्प्राप्ति के लिए 68 से अधिक जैव गैस संयंत्रों (सीबीजी) को मंजूरी दी गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमृत मिशन के तहत हमने इस वर्ष जल नल कनेक्शन और सीवर कनेक्शन के लक्ष्य को पार कर लिया है। इसके तहत अब तक 1.87 करोड़ जल नल कनेक्शन दिए गए जबकि मूल लक्ष्य: 1.39 करोड़ था। इस तरह से 1.47 सीवर कनेक्शन दिए गए जबकि मूल लक्ष्य: 1.45 करोड़ था। मंत्री ने कहा कि देश भर में मेट्रो प्रणालियों ने दैनिक सवारियों की संख्या 1 करोड़ को पार करने की उपलब्धि हासिल की है। अगस्त 2023 में दिल्ली मेट्रो में प्रतिदिन 72 लाख से अधिक यात्रियों की संख्या देखी गई। बस संचालन को बढ़ाने के उद्देश्य से 16 अगस्त, 2023 को 10,000 इलेक्ट्रिक बसें तैनात की गई।

# मप्र: अनूपपुर में नर्सिंग कॉलेज में सीबीआई का छापा, दस्तावेजों की पड़ताल

अनूपपुर। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को सीबीआई की टीम ने रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में छापा मारा। उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई की टीम ने यहां दबिश दी है। जानकारी के मुताबिक साल 2020 में प्रदेश में बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज का बड़ा घोटाला उजागर हुआ था। इस घोटाले से तकरीबन एक लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य अब भी दांव पर है। बताया गया था कि कोरोना काल के समय अधिकारियों की मिलीभगत से प्रदेश में नियमों को पूरा नहीं करने वाले कॉलेजों को भी मान्यता दे दी गई थी। इन कॉलेजों के पास न तो पर्याप्त जमीन थी और न ही अस्पताल। इसके अलावा भी कई गड़बड़ियां मिली थीं। याचिकाकर्ता के शिकायत के आधार पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने नर्सिंग कॉलेज घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी है। इसी सिलसिले में सीबीआई की टीम शुक्रवार को जांच के लिए अनूपपुर के रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज पहुंची। रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में टीम के सदस्य दस्तावेज चेक कर रहे हैं। टीम भवन, शैक्षणिक स्टाफ, स्टूडेंट को क्लीनिकल सुविधा, लाइब्रेरी, क्लास रूम, लैब, प्रिंसिपल को 15 वर्ष का अनुभव, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर और प्रोफ़ेसर्स को 13 से 10 साल के अनुभव की जांच कर रही है। परिसर में बाहर से ताला लगा दिया गया है। किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं है।

अब तक सीबीआई जांच में प्रदेश के 275 कॉलेज में 75 कॉलेज में गड़बड़ियां मिली हैं। इसकी रिपोर्ट सीबीआई ने उच्च न्यायालय में पेश कर दी है। शेष कॉलेजों की जांच के लिए उच्च न्यायालय ने सीबीआई को 15 दिनों का समय दिया है। इन कॉलेजों की जांच पूरी होने तक न तो बच्चों की परीक्षाएं आयोजित होंगी और न ही नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो सकेगी।

# पेज एक का शेष

## यह ...

अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को तेज़ कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसके जरिए मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा का समय भी कम हो जाएगा।

अटल सेतु की विशेषताएं

2016 के दिसंबर माह में रखी थी आधारशिला

16.5 किमी समुद्र पर तो 5.5 किमी जमीन पर बना

## अमृतकाल ...

उन्होंने कहा, ल्लभारत लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी जितनी अधिक होगी, देश का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। युवा सक्रिय राजनीति में आएंगे तो वंशवाद की राजनीति कम होगी। वंशवादी राजनीति के कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन से पहले तमाम मंदिरों और तीर्थस्थलों में स्वच्छता अभियान चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ल्लमैंने आह्वान किया था कि 22 जनवरी तक हम सभी देश के तीर्थ स्थानों की, मंदिरों की साफ-सफाई करें, स्वच्छता का अभियान चलाएं। आज मुझे कालाराम मंदिर में दर्शन करने का और मंदिर परिसर में सफाई करने का सौभाग्य मिला है। मैं देशवासियों से अपना आग्रह फिर दोहराऊंगा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के निमित्त देश के सभी मंदिरों, तीर्थ क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाएं, अपना श्रमदान करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया आज भारत को एक कुशल कार्यबल वाले देश के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा योग और आयुर्वेद के ब्रांड एंबेसडर बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि समय हर किसी को अपने जीवनकाल में एक सुनहरा मौका जरूर देता है। भारत के युवाओं के लिए वो सुनहरा मौका अभी अमृतकाल के रूप में है। आज आपके पास मौका है इतिहास बनाने का, इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का। आप ऐसा काम करिए कि अगली शताब्दी में उस वक्त की पीढ़ी आपको याद करे। आप अपने नाम को भारत और पूरी दुनिया के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिख सकते हैं। इसलिए मैं आपको 21वीं सदी के भारत की सबसे सौभाग्यशाली पीढ़ी मानता हूं। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि आप ये कर सकते हैं। भारत के युवा ये लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। मेरा सबसे ज्यादा भरोसा आप सभी पर, भारत के युवाओं पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार को अब 10 साल हो रहे हैं। इन 10 वर्षों में हमने पूरा प्रयास किया है कि युवाओं को खुला आसमान दें और उनके सामने आने वाली हर रुकावट को दूर करें।

## नासिक ...

गूंज उठा। प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें नासिक की पवित्र भूमि में राष्ट्रीय युवा महोत्सव आयोजित करने का अवसर दिया। मैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री नासिक की पवित्र भूमि पर आये हैं और यह अयोध्या में भगवान राम के मंदिर निर्माण का शुभ संकेत है।

सीएम शिंदे ने कहा कि शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे का सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर बनाया जाए, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया। मोदी है तो मुमकिन है। किसी की हिम्मत नहीं है कि हमारे देश को बुरी नजर से देख सके। प्रधानमंत्री मोदी की वजह से भारत का डंका दुनिया भर में गूंज रहा है।

## साढ़े 7 ...

खाड़ी के ऊपर उड़ान भरते समय चेन्नई से लगभग 150 समुद्री मील पूर्व बंगाल की खाड़ी में गायब हो गया था।

उस समय विमान पर सवार 29 लोगों में चालक दल के छह सदस्य, 11 भारतीय वायु सेना के जवान, दो भारतीय सेना के जवान, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल से एक-एक और नौसेना आयुध डिपो (एनएडी) के साथ काम करने वाले आठ रक्षा नागरिक थे। विमान के लापता होने के तीसरे दिन भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल ने एक पनडुब्बी, 16 सतही जहाजों और छह विमानों का उपयोग करके बड़ा खोज और बचाव अभियान चलाया। एक सप्ताह बाद आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई कि विमान में कोई अंडरवाटर लोकेटर बीकन (यूएलबी) नहीं बल्कि इसमें दो आपातकालीन लोकेटर ट्रांसमीटर (ईएलटी) थे। आख़िरकार 15 सितंबर, 2016 को खोज और बचाव अभियान बंद कर दिया गया। साथ ही विमान में सवार सभी 29 लोगों को मृत मानकर उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया।

भारतीय वायु सेना के एएन-32 विमान का मलबा आठ साल बाद मिलने पर अब यह खोज एवं बचाव अभियान समुद्र में किसी लापता विमान की तलाश में भारत का अब तक का सबसे बड़ा खोज अभियान बन गया है। मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंस के अंतर्गत काम करने वाले राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने एक उन्नत एयूवी का उपयोग करते हुए चेन्नई से लगभग 310 किमी. दूर समुद्र तल से लगभग 3400 मीटर नीचे विमान का मलबा खोजने का कारनामा कर दिखाया है।

संस्थान के वैज्ञानिकों ने एएन-32 विमान के लापता होने वाली जगह पर गहरे समुद्र में एक ऑटोनोमस अंडरवाटर वाहन (एयूवी) को तैनात किया। यह विशेष तकनीकी क्षमताओं से लैस वाहन है। मल्टी बीम सोनार, सिंथेटिक एपर्चर सोनार और उच्च रिज़ॉल्यूशन फोटोग्राफी सहित कई पेलोड का उपयोग करके समंदर के अंदर 3400 मीटर की गहराई पर दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे का पता लगाया गया। खोजे गए मलबे की तस्वीरों की जांच में इसे एएन-32 विमान के अनुरूप पाया है। तमाम विश्लेषण के बाद यह पता चला है कि यह मलबा दुर्घटनाग्रस्त विमान एएन-32 का ही है, क्योंकि उस इलाके में किसी और विमान के दुर्घटनाग्रस्त या लापता होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

## उत्तर ...

रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने कहा 12 और 13 जनवरी को पंजाब हरियाणा तथा चंडीगढ़ के कई हिस्सों में दिन में ठंड से लेकर जबरदस्त ठंड पड़ने की संभावना है और अगले 3 दिनों तक अलग-अलग इलाकों में ठंडे दिन की स्थिति बनी रहेगी। 12 और 13 जनवरी को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में स्थिति जारी रहने की संभावना है। आगे बताया गया कि उत्तराखंडए पंजाब एचंडीगढ़ और हरियाणा में 12 और 13 जनवरी को पाला पड़ने के भी आसार हैं।

## भाजपा ...

न इंसान किसी को मंदिर जाने से रोक सकता है। किसी भी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का एक विधि-विधान होता है। चारों पीठों के शंकराचार्य स्पष्ट रूप से कह चुके हैं कि एक अधूरे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा नहीं की जा सकती। ऐसे में अगर यह कार्यक्रम धार्मिक नहीं है, तो यह कार्यक्रम राजनीतिक है। एक राजनीतिक कार्यक्रम में मेरे और मेरे भगवान के बीच एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता बिचौलिए बनकर बैठ जाएं, हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हमने सिर्फ 22 जनवरी के कार्यक्रम में जाने से इनकार किया है। कांग्रेस व्यक्तिगत आस्था को सर्वोपरि मानती है। हम मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर गए हैं और आगे भी जाते रहेंगे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता, प्रभारी महासचिव के साथ 15 जनवरी को अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे हैं।

## हमारा...

कर रही है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आमंत्रण को लेकर पार्टी ने अपना पक्ष साझा किया है। खड़गे ने कहा कि भाजपा की ओर से ध्यान भटकाने के नैरेटिव की वजह से कंग्रेस पार्टी जनता के मुद्दे नहीं छोड़ेगी। हम पूछना चाहते हैं कि मोदी सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए क्या काम किया ? महंगाई के बारे में क्या कदम उठाए ? बॉर्डर पर चीनी घुसपैठ पर क्या बोला ? खड़गे ने कहा कि हमें दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्ग और समाज के गरीब तबके की चिंता है, जो भाजपा को नहीं है। उल्लेखनीय है कि कंग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी व अधीर रंजन चौधरी को राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण मिला था। इसे कंग्रेस ने अस्वीकार कर दिया। कंग्रेस के इस कदम को भाजपा ने राम विरोधी करार दिया है।

## आप...

अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हुई और 9 जनवरी पर्चा दाखिल करने की आखिरी तारीख थी। किसी ने आप उम्मीदवारों के खिलाफ अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की। उच्च सदन यानी राज्यसभा के लिए छह वर्ष में राज्य विधानसभा के उम्मीदवार प्राथमिकता के आधार पर दिए गए वोटों से चुने जाते हैं। इस कारण से राज्य में राजनीतिक दल का संख्या बल तय करता है कि उसके कितने उम्मीदवार जीतकर उच्च सदन में जायेंगे। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में वर्तमान में आम आदमी पार्टी के पास 62 विधायक हैं। इसके कारण पार्टी के तीनों उम्मीदवारों का जीतना पहले से ही लगभग तय माना जा रहा था।

## स्मारक...

जितेन्द्र कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल व ग्रीन गार्डे न नोएडा, सूर्य प्रकाश सिंह पटेल को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर पार्क बादलपुर से सम्बद्ध कर दिया। वहीं निलम्बित के साथ दूसरे स्थानों पर सम्बद्ध हुए कर्मचारियों की माने तो उनकी मांग जायज है और इससे पीछे नहीं हटेंगे। स्मारक समिति के अधिकारियों ने उनके केन्द्र से आये भविष्य निधि की करोड़ों रुपये की राशि नहीं दी और इसके बाद कर्मचारियों ने अपनी बात रखनी चाही तो उन्हें बात करने से मना कर दिया गया। इसके बाद ही प्रदर्शन शुरु हुआ, जिसमें पहले उनका निलम्बन हुआ है और अब दूसरे स्थान के पार्कों में उन्हें सम्बद्ध कर दिया गया है, जो सरासर गलत है।

## भारत ...

दीपोत्सव के कार्यक्रम में 54 देशों के राजदूत भागीदार बने थे। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में 24 घंटे बिजली मिलती है। राम की पैड़ी में लाखों श्रद्धालु एक साथ स्नान कर सकते हैं। राम भजन संध्या स्थल बन चुके हैं। प्रभु श्री राम के नाम पर सबसे ज्यादा भजन गाने वाली सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के नाम पर भव्य स्मारक बन चुका है। अयोध्या में सड़क, रेल और वायु कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। साथ ही हम जलमार्ग से भी अयोध्या को जोड़ रहे हैं। आज अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें एक सुखद अहसास होगा।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में हमारे रैन बसेरा और डॉरमेट्री निषादराज के नाम पर तो भोजनालय माता शबरी के नाम पर होंगे। यह हमारे लिए वोट बैंक का मुद्दा नहीं बल्कि प्रभु श्रीराम के प्रति आस्था व्यक्त करने का माध्यम है। क्योंकि अगर हमें प्रभु श्री राम को सम्मान देना है तो बजरंगबली, निषादराज और माता शबरी को सम्मान देना होगा। हमें समाज के हर उस तबके को भी सम्मान देना होगा, जिन्होंने उस कालखंड में प्रभु का साथ देकर राम राज्य की स्थापना की नींव डाली थी।

## अयोध्या ...

बैठकों में साफ-सफाई, आतिथ्य स्वागत व अच्छा व्यवहार हर हाल में सुनिश्चित करने को कहा था।

होटल, धर्मशाला, होम स्टे, टेंट सिटी व डॉरमेट्री में की जा रही व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन श्रद्धालुओं व पर्यटकों के रुकने की चाक-चौबंद तैयारी कर रहा है। इसके लिए होटल, धर्मशाला-गेस्ट हाउस, होम स्टे-पेइंग गेस्ट, टेंट सिटी- आश्रय स्थल, डॉरमेट्री आदि में व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल तैयारी के अनुसार वर्तमान में 60 होटलों में 40 कमरों के हिसाब से 7200 पीपीडी (पर्सन पर डे) को रोका जाएगा। 171 धर्मशाला-गेस्ट हाउस में 17 हॉल व 2742 कमरों की अनुमानित व्यवस्था है। 2742 कमरों में चार लोगों तथा 17 हॉल में पांच लोगों के ठहरने की व्यवस्था के अनुरूप माना जा रहा है कि 11818 पीपीडी रामनगरी में रुककर दर्शन-पूजन कर सकते हैं। होम स्टे-पेइंग गेस्ट योजना के तहत भी अयोध्या में काफी कार्य हो चुका है। फिलवक्त यहां 570 संपत्तियां ऑन बोर्ड हो चुकी हैं। प्रति होम स्टे में चार कमरे और दो पीपीआर (पर्सन पर रेशियो) के हिसाब से प्रतिदिन 4400 लोगों के रुकने की व्यवस्था कराई जा रही है। फिलहाल सरकारी स्तर पर 200-200 लोगों की व्यवस्था वाली दो टेंट सिटी तथा तीन आश्रय स्थलों में 5100 व्यक्ति यानी कुल 5400 लोगों के रुकने की व्यवस्था कराई जा रही है। वहीं डॉरमेट्री की व्यवस्था के अनुरूप तीन व्यावसायिक संकुल में प्रस्तावित डॉरमेट्री में 700 बेड्स की व्यवस्था सुचारू रूप से की हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीते दिनों अयोध्या आए थे। यहां कई टेंट सिटी के निरीक्षण के उपरांत उन्होंने यह निर्देश दिया था कि यहां आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होगी, लिहाजा होमस्टे-पेइंग गेस्ट और टेंट सिटी बढ़ाई जाए। सीएम ने प्रशासनिक स्तर पर की जा रही व्यवस्था के अलावा राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व अन्य आनुसांगिक संगठनों की तरफ से हो रही व्यवस्था में भी और वृद्धि करने का आग्रह किया था।

प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था में और वृद्धि होगी। इस लिहाज से तैयारियों को बढ़ाया जाए रामनगरी पर सीएम योगी आदित्यनाथ की विशेष नजर है। वे नियमित यहां आकर निरीक्षण करते हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि रुकने वालों के साथ अतिथि देवो भवः के अनुरूप स्वागत, सम्मान व व्यवहार किया जाए। यहां साफ-सफाई अच्छी हो। गर्म पानी की व्यवस्था हो। गड्ढे-कंबल साफ हों। यहां तैनात लोग रहने वालों के साथ अच्छा व्यवहार करें। सेवा भाव के साथ काम करें। महिला/पुरुष शौचालयों की नियमित साफ सफाई हो, किसी प्रकार की दुर्व्यवस्था न हो।

## पुंछ....

डेढ़ महीने तक जम्मू-पुंछ हाईवे को बंद कर चलाया गया तलाशी अभियान। 20 अप्रैल 2023: भाटादूड़ियां में सैन्य वाहन पर पहले ग्रेनेड से हमला, फिर गोलाबारी, पांच जवान बलिदान। 21 दिसंबर 2023: सावनी में घात लगाकर किए गए हमले में पांच बलिदान, दो घायल। 12 जनवरी 2024: कोई आंकड़ा नहीं मिला।

# कम ऊंचाई पर आकाश-एनजी मिसाइल का टेस्ट करके भारत ने दिखाई ताकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को नई पीढ़ी की आकाश-एनजी मिसाइल का उड़ान परीक्षण सुबह 10:30 बजे ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से किया। मिसाइल को बहुत कम ऊंचाई पर एक उच्च गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्य को निशाना बनाने के लिए दागा गया। उड़ान परीक्षण के दौरान हथियार प्रणाली ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोककर उसे नष्ट कर दिया। आकाश-एनजी सतह से हवा में मार करने वाली पुरानी आकाश मिसाइलों का उन्नत संस्करण है। सफल परीक्षण के बाद डीआरडीओ ने कहा कि परीक्षण के दौरान मिसाइल ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा किया। कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम का प्रदर्शन, ऑनबोर्ड एवियोनिक्स और मिसाइल के वायुगतिकीय विन्यास को सफलतापूर्वक सत्यापित किया गया। डीआरडीओ ने इसी साल 21 जुलाई को बिना रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर के आकाश-एनजी मिसाइल का कामयाब परीक्षण किया था, लेकिन दो दिन बाद 23 जुलाई को ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से किये गए परीक्षण में स्वदेशी रूप से विकसित आरएफ सीकर लगाया गया था। आरएफ सीकर ने आकाश-एनजी को उच्च गति वाले मानव रहित हवाई लक्ष्य पर सफलतापूर्वक लॉक करने में मदद की और लक्ष्य के नष्ट होने तक लगातार उसका मार्गदर्शन किया। इसे पहली बार पिछले साल गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले 25 जनवरी को लॉन्च किया गया था।



डीआरडीओ की हैदराबाद में स्थित रिसर्च सेंटर इमारत ने आकाश-एनजी हथियार प्रणाली को उच्च युद्धाभ्यास क्षमता और कम रडार क्रॉस-सेक्शन (आरसीएस) वाले उन्नत लड़ाकू विमानों को रोकने के लिए विकसित किया है। इसका निर्माण भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने किया है। इसके साथ ही बीडीएल आरएफ उत्पादन की क्षमता रखने वाली दुनिया भर की कंपनियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो चुका है। डीआरडीओ के मुताबिक आरएफ सीकर आकाश-एनजी को लक्ष्य पर लॉक करने में मदद करता है, जिससे दुश्मन के लड़ाकू विमानों के लिए आने वाली मिसाइलों से बचना मुश्किल हो जाता है। रक्षा मंत्रालय ने भी स्वदेशी रूप से विकसित आरएफ सीकर, लॉन्चर, मल्टी-फंक्शन रडार और कमांड, कंट्रोल और मिसाइल से युक्त संपूर्ण हथियार प्रणाली को मान्य किया है।

# पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र और निमंत्रण पत्रक मुख्यमंत्री को किया भेंट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। अक्षत वितरण टोली के सदस्यों ने शुक्रवार को अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र और निमंत्रण पत्रक मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेंट किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भगवान श्री राम 22 जनवरी को अयोध्या धाम में नव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे। जिसके अंतर्गत पूरे देश में धूमधाम से अक्षत कलश यात्रा संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को हम सब प्रभु श्री रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान होते हुए देखेंगे।

# सांख्य दीपिका पुस्तक का विमोचन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। ज्वालापुर स्थित वानप्रस्थ आश्रम में शुक्रवार को प्रोफ़ेसर मनुदेव बंधु ने डॉ प्रेम प्रकाश द्वारा लिखित पुस्तक सांख्य दीपिका का विमोचन किया। इस अवसर पर आश्रम के प्रधान डॉ रामकृष्ण शास्त्री, उप प्रधान डॉ मधुसूदन आर्य, आचार्य कृष्णदेव, ब्रह्मा शोभा छाबड़ा, नानक चंद अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर मनुदेव बंधु ने कहा कि भारतीय वैदिक परंपरा में वैदिक दर्शनों में सांख्य दर्शन अंतर्गत महत्वपूर्ण है। वैदिक दर्शनों की संख्या कुल 6 है। न्याय, वैश्य, वैश्विक, सांख्य, योग, मीमांसा वेदांत हैं। इन वैदिक दर्शनों की मूल भावना परस्पर विरोधी ना होकर एक दूसरे के पूरक हैं। कुछ विदेशी विद्वानों ने सांख्य दर्शन पर मेरिट महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखकर भारत का मान बढ़ाया है। डॉक्टर प्रेम प्रकाश ने कहा कि इस पुस्तक का लाभ युवाओं को अवश्य मिलेगा।

# उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। उत्तरांचल पंजाबी महासभा ऋषिकेश की ओर से लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल और नगर निगम की पूर्व महापौर अनीता ममगांई ने लोहड़ी जलाकर एक दूसरे को बधाइयां दी। इस दौरान पंजाबी गायक जस्सा बिट्स, गायिका मोनिका और जूनियर हनी सिंह ने गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। गुरुवार की देर रात्रि को नगर निगम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि लोहड़ी के त्योहार की एक अलग धूम ही होती है। इसे हर्षोल्लास का त्योहार कहा गया है। उन्होंने कहा कि सिख समाज के लिए लोहड़ी पर्व विशेष महत्व रखता है। लोहड़ी की संध्या को आग जलाकर सभी लोग उसके चारों ओर चक्कर काटते हुए नाचते गाते हैं। इस दौरान अग्नि देव का आभार प्रकट करने के लिए आग में रेवड़ी, मूंगफली, खिल, मकई के दानों की आहुति दी जाती है। जिस घर में कोई भी शुभ कार्य होता है वहां लोहड़ी को और भी धूमधाम से मनाया जाता है। मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल अग्रवाल ने कहा कि नई फसल के आगमन के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला यह लोहड़ी का पर्व भारत की उल्लास पूर्ण और रंग बिरंगी संस्कृति का परिचायक है। नव ऊर्जा और नए संकल्प के साथ यह उत्सव हमारी परंपराओं एवं मान्यताओं को आत्मसात करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हमें समाज में समरसता और सौहार्द कायम रखने के साथ ही प्रदेश की सुख समृद्धि में सहभागी बनने का संकल्प लेना होगा।




# जालंधर में गणतंत्र दिवस समारोह से पुलिस ने बढ़ाई चौकसी

जालंधर। पंजाब के जालंधर में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा के नेतृत्व में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस रैपिड एक्शन फोर्स के साथ शहर के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकालेगी। श्री शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि आगामी समारोह के मद्देनजर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से शहर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर कड़ी निगरानी रखने के लिए पुलिस अधिकारी/कर्मचारी तैनात किये गये हैं। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि को रोकने के लिए शहर में सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि शहर में 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है और पुलिस अधिकारियों की विभिन्न गश्ती टीम तैनात की गई हैं। वहीं कानून-व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नजर रखने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को रात में शहर की नाकेबंदी करने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि कमिश्नरेट पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स संयुक्त रूप से इस संबंध में एक रणनीति तैयार करेगी।

# जालंधर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

फगवाड़ा। पंजाब में जालंधर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर खंगुर्रा गांव के पास गुरुवार की रात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान जोगा सिंह निवासी जगपालपुर के रूप में हुई है। घटना के बाद वाहन चालक मौके से भाग निकला। मृतक के बेटे प्रदीप सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके पिता अपनी ड्यूटी से घर लौट रहे थे , तभी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने आईपीसी की धारा 304ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एक अन्य दुर्घटना में गुरुवार रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्रैंड किंग्स रिसॉर्ट्स के सामने एक ऑटो रिक्शा चालक की मौत हो गई और उसका ऑटो पलटी हुई हालत में मिला। पुलिस को संदेह है कि किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी जिससे ऑटो रिक्शा पलट गया और चालक की मौत हो गई।

# अयोध्या में धार्मिक नहीं राजनीतिक कार्यक्रम हो रहा है : कांग्रेस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या में अधूरे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम राजनीतिक महत्वाकांक्षा के मद्देनजर आम चुनाव को देखते हुए किया जा रहा है और भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को धार्मिक नहीं राजनीतिक बना दिया गया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 22 जनवरी को किया जा रहा है। उनका कहना था कि यदि यह धार्मिक कार्यक्रम होता तो आधे-अधूरे मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम नहीं होता और राजनीतिक कार्यक्रम बनाकर मंदिर का उद्घाटन नहीं किया जाता। श्री खेड़ा ने कहा, किसी भी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का एक विधि विधान होता है, धर्म शास्त्र होते हैं। चारों पीठों के शंकराचार्य स्पष्ट रूप से कह चुके हैं कि एक अधूरे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा नहीं की जा सकती। ऐसे में अगर यह कार्यक्रम धार्मिक नहीं, राजनीतिक है। एक राजनीतिक कार्यक्रम में मेरे और मेरे भगवान के बीच एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता बिचौलिए बनकर बैठ जाएं, हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा,एक पूरा संगठन मेरे धर्म का ठेकेदार बनाकर बैठा है। इनकी पूरी आईटी सेल चारों पीठों के शंकराचार्यों के खिलाफ एक मुहीम छेड़कर बैठी है। पूरे आयोजन में कहीं भी धर्म, नीति और आस्था नहीं दिख रही, सिर्फ राजनीति दिखाई दे रही है। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 22 जनवरी की तारीख का चुनाव नहीं किया गया है बल्कि चुनाव देखकर तारीख तय की गई है। किसी एक व्यक्ति के राजनीतिक तमाशे के लिए हम अपने भगवान और आस्था के साथ खिलवाड़ होते हुए नहीं देख सकते। मंदिर निर्माण का कार्य विधिवत पूरा हो, लेकिन इसमें किसी प्रकार का राजनीतिक दखल कोई भी भक्त बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रवक्ता ने सवाल किया, क्या भगवान के मंदिर में निमंत्रण से जाया जाता है। किस तारीख को किस श्रेणी का व्यक्ति मंदिर जाएगा, क्या यह एक राजनीतिक दल तय करेगा। क्या कोई राजनीतिक दल तय करेगा कि मैं अपने भगवान के दर्शन के लिए कब जाऊं। न इंसान किसी को मंदिर में बुला सकता है और न इंसान किसी को मंदिर जाने से रोक सकता है। श्री खेड़ा ने कहा, हम जानना चाहते हैं कि मंदिर में कौन आएगा और कौन नहीं, ये बताने वाले आप कौन हैं। प्राण प्रतिष्ठा में वीवीआईपी एंट्री लगाने वाले आप कौन हैं। कैमरों की फौज लेकर आधी-अधूरी प्राण प्रतिष्ठा करने वाले आप कौन हैं। विज्ञापन में भगवान राम को उंगली पकड़ाकर चलाने वाले आप कौन हैं, क्या आप भगवान से ऊपर हैं। शंकराचार्यों को नाराज करके आरएसएस के सरसंघचालक वहां जाकर बैठेंगे, प्रधानमंत्री मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा उनकी देखरेख में करेंगे। ये कतई धार्मिक आयोजन नहीं है, ये पूरी तरह राजनीतिक आयोजन है। सुश्री श्रीनेत ने कहा राम राज्य में तो ऐसा नहीं था कि किसी आदिवासी के सिर पर पेशाब की जाए, भगवान राम ने तो शबरी के बेर खाए थे। सच्चाई ये है कि जिन धार्मिक अनुष्ठानों का काम हमारे साधु-संतों को करना चाहिए, भाजपा ने उसका बीड़ा भी उठा लिया है, इसलिए आम लोग आहत और आक्रोशित हैं।

# स्वामी निश्चलानंद, स्वामी सदानंद और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अनर्गल बयानबाजी कर रहे: महंत मदन मोहन

हरिद्वार। श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के वरिष्ठ संत महंत मदन मोहन गिरि महाराज ने कहा कि स्वामी निश्चलानंद तीर्थ, स्वामी सदानंद व स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अनर्गल बयानबाजी कर समाज को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीनों ये बताएं कि उनका पट्टाभिषेक किसने किया। वे कैसे शंकराचार्य बने और कैसे शंकराचार्य पद नाम का उपयोग कर रहे हैं। मदन मोहन गिरि महाराज ने शुक्रवार को कहा कि स्वामी निश्चलानंद जो स्वयं को शंकराचार्य कहते हैं वह गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य निरंजन देव तीर्थ महराज के मुनीम हुआ करते थे। उनके ब्रह्मलीन होने के बाद ये स्वयंभू शंकराचार्य बन बैठे। वहीं स्वामी सदानंद व स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद भी स्वयंभू शंकराचार्य बने घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का पद सनातन में सर्वोच्च पद है। यह पद किसी वसीयत का नहीं है। यह योग्यता का पद है। उन्होंने कहा कि ये वह लोग हैं जो स्वयं को शैव का उपासक बताते हैं, किन्तु राम के काज को लेकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री राम सबके हैं और सभी को इस कार्य में सहयोग करते हुए उत्साह मनाना चाहिए, क्योंकि पांच सौ वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद हम सबको यह देखने को मिल रहा है। हमें इस बात पर गर्व की अनुभूति करनी चाहिए कि इस पल के हम साक्षी बनने जा रहे हैं जब श्री रामलला अपने मंदिर में विराजमान होने वाले हैं।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई




हरिद्वार। रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम कनखल तथा रामकृष्ण सेवा आश्रम समिति रुड़की ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई। कार्यक्रम में शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक महेंद्र, हरिद्वार सांसद डॉक्टर रमेश पोखरिया निशंक, एम्स ऋषिकेश की डायरेक्टर डॉक्टर मीनू सिंह व रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के सचिव स्वामी दयामूर्त्यानन्द महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक महेंद्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व को अपनी बातों से झकझोर कर रख दिया था। उन्होंने पूरे विश्व में भारत की उत्कृष्ट छवि को प्रस्तुत किया। स्वामी विवेकानंद के विचार हर युग में प्रासंगिक रहेंगे। सांसद निशंक ने कहा कि भारत एक युवा देश है और स्वामी विवेकानंद हमारे आदर्श हैं। हम सबको स्वामी विवेकानंद के बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक हम अपना उद्देश्य पूरा ना कर लें तब तक हमें निरंतर अपने निर्धारित रास्ते पर चलते रहना चाहिए।

# डीजीपी ने आरक्षी राजेन्द्र नाथ को माउंट अकोंकागुआ के आरोहण के लिए किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अभिनव कुमार की ओर से शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय से आरक्षी राजेन्द्र नाथ को दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट अकोंकागुआ (6961 मीटर) के सफल आरोहण के लिए पुलिस प्रतीक चिन्ह देकर रवाना किया गया। आरक्षी राजेन्द्र नाथ की ओर से गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर माउंट अकोंकागुआ को फतह करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक ने आरक्षी राजेन्द्र नाथ को उनके सफल पर्वतारोहण अभियान के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्वतारोहण एक साहसिक खेल है और एसडीआरएफ के प्रत्येक सदस्य के लिए ऐसे साहसिक खेलों का विशेष महत्व है। इसलिए समय-समय पर ऐसे साहसिक खेलों में प्रतिभाग करने के लिए कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाता है। एसडीआरएफ कर्मियों की ओर से क्याकिंग, राफ्टिंग, ट्रैकिंग, पर्वतारोहण इत्यादि साहसिक खेलों में प्रतिभाग कर अपनी व्यवसायिक दक्षता बढ़ाने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। सेनानायक मणिकंात मिश्रा ने बताया कि मुख्य आरक्षी राजेन्द्र नाथ एसडीआरएफ की हाई एल्टीट्यूड रेस्क्यू टीम का एक अभिन्न अंग है। राजेन्द्र नाथ द्वारा विभिन्न पर्वत श्रृंखलाओं पर किए गए सफल आरोहण से उच्च तुंगता क्षेत्रों में अपनी कार्यक्षमता में गुणात्मक सुधार किया गया। साथ ही एसडीआरएफ के अन्य कर्मियों को भी प्रेरित किया गया है। आरक्षी राजेन्द्र नाथ की ओर से पूर्व में भी अनेक कीर्तिमान हासिल किये गए हैं। उनके द्वारा विगत वर्षों में चंद्रभागा-13 (6264 मीटर), डीकेडी-2 (5670 मीटर), माउंट त्रिशूल (7120 मीटर) माउंट गंगोत्री प्रथम (6672 मीटर), माउंट श्रीकंठ (6133 मीटर), माउंट बलज्यूरी (5922 मीटर), माउंट बंदरपूंछ (5500 मीटर), यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुश (5642 मीटर), अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (5895 मीटर) का सफलतापूर्वक आरोहण किया गया है। वह उत्तराखंड पुलिस के प्रथम कर्मी हैं. जिन्होंने माउंट एलब्रुस को छह दिवस के अंतराल में डबल समिट और माउंट किलिमंजारो को तीन दिवस के अंतराल में डबल समिट करने का अद्वितीय कीर्तिमान अपने नाम किया है।



चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063